ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • श्रावण शुक्ल पक्ष 04 • विक्रम संवत 2080 • रविवार, 20 अगस्त 2023 • वर्ष-29 • अंक-304 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

अभिषेक बच्चन की फिल्म 'घूमर' का ... पेज 10 पर



## रांची डबल मर्डर : दोनों सगे हत्यारे भाई सहित तीन गिरफ्तार, हथियार भी बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के चिरौंदी में हुए दोहरे हत्याकांड को अंजाम देने वाले सगे भाइयों अशोक और धर्मेंद्र सहित तीन को रांची पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। रांची एसएसपी के द्वारा बनाई गई एसआईटी को यह कामयाबी हासिल हुई है।

**बिहार - बंगाल में पनाह ले रखा था हत्यारों ने :** दोहरे हत्याकांड को अंजाम देने के बाद अशोक और धर्मेंद्र दोनों बिहार भाग गए थे। रांची पुलिस की कई टीम में उनके पीछे लगी हुई थी, दोनो के बीच आंख में मिचौली का खेल लगातार जारी था। पुलिस के भारी दबाव की वजह से दोनों आरोपी कोर्ट में सरेंडर करने की भी प्लानिंग कर रहे थे लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने दोनों को धर दबोचा। शुक्रवार की रात एसआईटी को जानकारी मिली थी कि धर्मेंद्र और अशोक दोनों ही बंगाल से रांची पहुच कर अपने एक परिचित के घर पनाह लिए हुए है। सूचना मिलने के बाद स्पेशल टीम ने घेराबंदी कर दोनों को धर दबोचा। पूछताछ में दोनों अपराधियों ने यह खुलासा किया है कि जूस के बिजनेस को लेकर ही उन्होंने मुकेश और उसके स्टाफ की हत्या की थी। गिरफ्तार धर्मेंद्र और अशोक के निशानदेही पर ही मोराबादी के विजय उरांव को भी गिरफ्तार किया गया है विजय के द्वारा मुकेश की रेकी की गई थी।

**हथियार और बाइक भी बरामद :** धर्मेंद्र और अशोक की गिरफ्तारी के बाद उनके निशान डबल मर्डर में प्रयोग किए गए हथियार को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। हत्याकांड को अंजाम देने में जी बाइक का प्रयोग किया गया था वह भी पुलिस ने बरामद किया है।

## सीएम हेमंत को ईडी ने फिर जारी किया समन, 24 को बुलाया



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी ने एक बार फिर समन जारी कर दिया है। अगस्त महीने में यह दूसरी बार है जब ईडी ने सीएम को समन जारी किया है। गौरतलब है की जमीन घोटाले में पूछताछ के लिए 14 अगस्त को एजेंसी के दफ्तर आने के लिए सीएम हेमंत सोरेन को नोटिस भेजा गया था। लेकिन सीएम ने एक भारी भरकम पत्र लिखकर एजेंसी के दफ्तर जाने से साफ मना कर दिया था, जिसके बाद यह कयास लगाया जा रहा था कि कानूनी राय लेने के बाद एजेंसी जल्द ही सीएम को दूसरा समन जारी करेगी। अब 24 अगस्त को एजेंसी के दफ्तर समन भेज कर बुलाया गया है ,ताकि उनसे जमीन घोटाले में पूछताछ की जा सके।

**सीएम ने लिखा था पत्र :** रांची जमीन घोटाले में ईडी के पहले समन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 14 अगस्त को ईडी कार्यालय नहीं गए थे ,14 अगस्त को दिन के 11 बजे मुख्यमंत्री को ईडी के रांची जोनल आफिस जाना था,लेकिन एजेंसी के सामने उपस्थित होने के बजाय उन्होंने एक पत्र ईडी के रांची जोनल आफिस भेजा था। सीएम ने पत्र के जरिए वक्त की मांग नहीं की बल्कि ईडी को भेजे गए पत्र में कानून की शरण में जाने की बात कही थी। सीएम के द्वारा भेजे गए पत्र में एजेंसी पर राजनीतिक आकाओं के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया गया था ,साथ ही राजनीतिक टूल की तरह एजेंसी के इस्तेमाल की बात भी कही गई है।

## लोहरदगा में सीआरपीएफ के जवान ने अपनी सर्विस राइफल से की आत्महत्या



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जिले के पेशरार थाना क्षेत्र के केकरांग पिकेट में तैनात सीआरपीएफ 158 बटालियन का जवान ने अपनी सर्विस इंसास रायफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। घटना के बाद मृतक जवान का शव पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया गया। सूचना मिलने पर पिकेट पहुंची पेशरार थाना पुलिस जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि पेशरार थाना क्षेत्र के केकरांग सीआरपीएफ 158 बटालियन पिकेट में संतरी ड्यूटी में तैनात 44 वर्षीय जवान जगदीश प्रसाद मीना ने अपनी सर्विस इंसास रायफल से गोली मारकर खुदकुशी कर ली है। विगत एक माह पहले ही 15 दिन की छुट्टी बिताकर गांव से लौटा था। मृतक मूल रूप से राजस्थान का टोंक निवासी था। बताया गया कि जवान केकरांग के पोस्ट सं-03 में सुबह 06 बजे अपनी ड्यूटी पर गया था। तभी करीब 06:25 बजे गोली चलने की आवाज पर पोस्ट के गार्ड कमांडर कविराज डोगरा दौड़ते हुए गये। इसकी जानकारी समवाय अधिकारी दुर्ग सिंह तोमर को तथा पुलिस एएसआई गोर्वधन तुरी को दी। फिर सभी ने पोस्ट पर जा कर देखा तो सिपाही जगदिश प्रसाद मीना ने स्वयं को अपने नाम से आवंटित हथियार इनसास रायफल से स्वयं ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### पूर्व विधायक अमित महतो को मिली जमानत

**रांची।** अपर न्यायायुक्त मो. शहजाद की अदालत ने शनिवार को जेल में बंद पूर्व विधायक अमित महतो को जमानत दे दी है। इससे पूर्व दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने गत गुरुवार को फैसला सुरक्षित रख लिया था। 17 जुलाई को सीजेएम कोर्ट में जमानत याचिका खारिज होने के बाद अमित महतो की ओर से अपर न्यायायुक्त की अदालत में चार अगस्त को जमानत याचिका दाखिल की गयी थी। उल्लेखनीय है कि अमित के खिलाफ वर्ष 2022 में विधानसभा घेराव कार्यक्रम के बाद रांची के धुर्वा थाना में कांड संख्या 208/2022 दर्ज की गयी थी। प्राथमिकी में सरकारी काम में बाधा डालने और बिना अनुमति के सड़क जाम करने सहित कई आरोप लगाये गये थे। इस मामले में अमित महतो को हाई कोर्ट से अग्रिम जमानत नहीं मिली थी। इसके बाद 27 जून को अदालत में कोर्ट में सरेंडर किया था। कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। अमित महतो फिलहाल खतियानी झारखंडी पार्टी के नेता है।

### जमीन घोटाला मामले में तल्हा खान की जमानत पर फैसला 25 को

**रांची।** जमीन घोटाले मामले के आरोपित तल्हा खान की जमानत याचिका पर शनिवार को ईडी कोर्ट में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। अदालत ने फैसले की तिथि 25 अगस्त निर्धारित की है। तल्हा खान की ओर से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा ने बहस की। जबकि ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने बहस की। इसपर सेना के कब्जे वाली जमीन सहित रांची के अलग-अलग इलाकों में विवादित भूमि की फर्जी दस्तावेजों के आधार पर खरीद-बिक्री में शामिल होने का आरोप है। पूर्व में तलहा खान को ईडी ने अप्रैल में गिरफ्तार किया था।

### झारखंड को एक और वंदे भारत, टाटानगर से वाराणसी तक का होगा सफर

**रांची।** झारखंड को एक और वंदे भारत ट्रेन की सौगात मिलने वाली है। यह ट्रेन टाटानगर से वाराणसी तक चलेगी। दक्षिण पूर्व रेलवे जोन इस रास्ते पर परिचालन के लिए एक सर्वे भी करा रहा है। चक्रधरपुर रेल मंडल के डीआरएम ने शनिवार को इससे संबंधित जानकारी सोशल साइट पर साझा की है। उन्होंने लिखा है कि जमशेदपुर और रांची से बनारस के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस के परिचालन की योजना है। इस पर सर्वे का काम जारी है और रेल मंत्रालय इसपर फैसला सर्वे कराने के बाद लेगा। बताया जाता है कि टाटानगर से वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन टाटा-पुरुलिया-मुरी-रांची-लोहरदगा-डाल्टनगंज-सासाराम-भभुआ रोड-दीनदयाल उपाध्याय-वाराणसी या फिर टाटा से मुरी-रांची-लोहरदगा डाल्टनगंज-सासाराम-भभुआ रोड-दीनदयाल उपाध्याय के रास्ते हो सकता है।

## राष्ट्रीय नवीन मेल की खबर का असर, एनएचएम की टीम पहुंची लोहरदगा

# अस्पतालों की व्यवस्थाओं की वस्तु स्थिति का लिया जायजा

### एक पाठक के ट्वीट पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने लिया संज्ञान

**राहुल कौशल। लोहरदगा**

हिंदी दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल में विगत 1 अगस्त के अंक में सदर अस्पताल में गंदगी का अंबार, शौचालय की सफाई नहीं, नर्से व मरीज हलकान शीर्षक से एक खबर प्रमुखता से छपी थी, जिसमे अस्पताल में व्याप्त कुव्यवस्था खासतौर पर अस्पताल की साफ सफाई और शौचालय की गंदगी पर फोकस किया गया था। इस खबर के छपने के बाद एक पाठक ने इसकी कॉपी डीसी लोहरदगा, पीएमओ इंडिया, स्वास्थ्य मंत्रालय इंडिया, सीएमओ झारखंड, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को ट्वीट के माध्यम से कंप्लेन किया। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम हरकत में आई और वस्तु स्थिति का जायजा लेने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की एक टीम लोहरदगा भेजी। टीम ने शनिवार को लोहरदगा के सदर अस्पताल समेत अन्य पीएचसी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की वस्तु स्थिति से टीम को अवगत कराया गया।

लोहरदगा में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी की अगुवाई में आई टीम ने सदर अस्पताल समेत कुडू पीएचसी, अटल मुहल्ला क्लिनिक व आयुष विभाग व अन्य सरकारी क्लिनिक की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर




## बड़ी घटनाओं को अंजाम देने की साजिश का खुलासा

## रूद्र गिरोह के सरगना सहित चार गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में संगठित आपराधिक गिरोहों के खिलाफ एटीएस की कार्रवाई लगातार जारी है, इसी कड़ी में एटीएस ने रूद्र गिरोह के सरगना सहित चार अपराधियों को धर दबोचा है। इस गिरोह के द्वारा रामगढ़, चतरा और लातेहार जिले के कोयला क्षेत्र से रंगदारी वसूलने और कारोबारियों को धमकाने का काम किया जा रहा था।

**सरगना भी गिरफ्तार :** झारखंड के रामगढ़ और चतरा और लातेहार में हाल के दिनों में एक नया गिरोह उभर कर सामने आ रहा था , रूद्र महतो गिरोह के नाम से लगातार कोयला क्षेत्र में कारोबारी से रंगदारी की डिमांड की जा रही थी। कारोबारियों के बीच इस गिरोह का आतंक धीरे-धीरे कायम हो रहा था जिसके बाद इस पर नकेल कसने की जिम्मेवारी झारखंड एटीएस की टीम को दी गई। एटीएस के जांच में है बाद सामने आई की रंजन सिंह उर्फ बारूद ही रुद्र महतो गिरोह का सरगना है। रंजन का ही छद्म नाम रूद्र है। इस गिरोह ने मात्र तीन महीने में ही कोयला कारोबारी और जनप्रतिनिधियों, सरकारी ठेकेदारों को जान से मारने की धमकी देकर लाखो की उगाही कर डाली थी। पूरी जानकारी हासिल करने के बाद एटीएस की टीम ने रामगढ़ और लातेहार पुलिस की सहायता से सबसे पहले रंजन कुमार सिंह उर्फ बारूद उर्फ रूद्र महतो को धर दबोचा। रंजन की गिरफ्तारी के बाद उसके निशानदेही पर राहुल कुमार भारती, अभिमन्यु साव और दीपक कुमार महतो को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार चारों ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## राजधानी में दिनदहाड़े दो लाख की छिनतई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े छिनतई की वारदात को अंजाम दिया गया है ,थाना क्षेत्र के लाइन टैंक तालाब के पास दो बाइक सवार अपराधियो ने यूनिफार्म हाउस के एक कर्मचारी से पैसों भरा बैग छीन कर फरार हो गए ,इस छिनतई को स्नैचरों ने दिनदहाड़े अंजाम दिया और बड़े आराम के साथ फरार भी हो गए।

**बैंक से पैसे निकाल कर वापस जा रहा था कर्मचारी :** कोतवाली थाना क्षेत्र के पंचवटी प्लाजा में स्थित यूनिफार्म हाउस के कर्मचारी अरुण कुमार शनिवार की दोपहर बैंक से दो लाख रुपया निकाल कर फिरायालाल चौक के पीछे स्थित लाइन टैंक तालाब रोड से वापस यूनिफार्म हाउस लौट रहे थे।जैसे ही अरुण कुमार तालाब के पास पहुचे उनके पीछे से दो बाइक सवार अपराधी हेलेमट पहुचे और पैसों से भरा बैग छीन कर तेजी के साथ फरार हो गए।स्नैचर्स ने चलती बाइक से छिनतई की थी ,इस वजह से अरुण कुमार बीच सड़क पर गिर पड़े।

### सीसीटीवी में दिखे बाइक सवार अपराधी

अपराधियों के द्वारा दिनदहाड़े हुई इस छिनतई की वारदात सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुआ है।सीसीटीवी फुटेज में यह साफ दिखाई दे रहा है की किस तरह दोनो बाइक सवार अपराधियो ने दुःसाहस दिखाया है। सीसीटीवी फुटेज में अरुण कुमार जमीन पर गिरते भी दिखे हैं। वहीं छिनतई की वारदात की जानकारी मिलने के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों अपराधियों की तलाश में जुटी हुई है। हालांकि दोनों अपराधियों का पुलिस अब तक कोई सुराग हासिल नहीं कर पाई है।

## झारखंड में अंतिम पड़ाव में नक्सली : डॉ. सुजॉय लाल थाउसेन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक डॉ. सुजॉय लाल थाउसेन ने झारखंड का दो दिवसीय दौरा किया। वे शनिवार को पश्चिमी सिंहभूम पहुंचे और वहां नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में शामिल अधिकारियों-जवानों से बातचीत की। महानिदेशक ने इस दौरान जवानों का हौसला बढ़ाया। साथ ही महानिदेशक ने स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ नक्सलियों के खिलाफ आगे की रणनीति पर बैठक कर गहन चर्चा की। इसके बाद महानिदेशक अधिकारियों के साथ सीआरपीएफ कैंप और एफओबी में भी गये। वहां उन्होंने अधिकारियों और जवानों का उत्साहवर्धन किया। महानिदेशक ने झारखंड में माओवादियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियानों की प्रशंसा करते हुए कहा कि झारखंड में नक्सली अपने अंतिम पड़ाव में हैं। कुछ सीमित क्षेत्र में ही नक्सली गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। उनकी गतिविधियों पर शीघ्र ही अंकुश लगाया जायेगा। नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक जीत हासिल की जायेगी। दूसरी ओर महानिदेशक ने सीआरपीएफ के वरीय अधिकारियों के साथ झारखंड के डीजीपी और अन्य अधिकारियों के साथ राज्य में नक्सल विरोधी अभियान की रुपरेखा तथा वर्तमान नक्सल परिदृश्य पर चर्चा की। उल्लेखनीय है कि सीआरपीएफ महानिदेशक 18-19 अगस्त को झारखंड दौरे पर थे। वह झारखंड से दिल्ली के लिए रवाना हो गये। इस दौरान सीआरपीएफ के मध्य जोन के अपर पुलिस महानिदेशक वितुल कुमार, महेश चंद्र लड्ढा, विधि कुमार बिरदी, अमोल वी होमकर और पूरण सिंह धर्मसक्तु मौजूद रहे।

**आमने-सामने** — एआइएमआइएम के आने से मुकाबला हुआ रोचक

# डुमरी उपचुनाव : एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच कड़ा मुकाबला



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सूबे में आगामी लोकसभा और विधान सभा चुनाव से पहले सत्तापक्ष और विपक्ष एक बार फिर आमने-सामने आएंगे। डुमरी उपचुनाव 2023 के लिए इंडिया गठबंधन और एनडीए अब पूरी तैयारी से मैदान में उतर गए हैं। इस चुनाव में जहां सत्तापक्ष अपनी उपलब्धियों को जनता के समक्ष रखेगा वहीं विपक्ष सरकार की नीतियों के खिलाफ सत्ताधारी दलों को घेरने की कोशिश करेगा। बहरहाल, दोनों ओर से नामांकन दाखिल कर दिया गया है। इंडिया की तरफ से जहां बेबी देवी हैं वहीं, एनडीए की तरफ से आजसू पार्टी की यशोदा देवी उन्हें चुनौती दे रही हैं। हालांकि इन सबके बीच राजनीतिक हलकों में एआइएमआइएम पार्टी के मौलाना अब्दुल मोबिन रिजवी की भी चर्चा हो रही है। माना जा रहा है कि इनके आने से मुकाबला रोचक हो गया है। डुमरी उपचुनाव में एआईएमआईएम की तरफ से मौलाना अब्दुल मोबिन रिजवी ने भी पर्चा दाखिल किया है। 2019 की विधानसभा चुनाव में उन्होंने अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करवाई थी। हालांकि वे चौथे नंबर पर रहे थे, लेकिन फिर भी उन्हें 24 हजार 132 मत मिले थे जो किसी भी मामले में कम नहीं माना जा सकता है। इस चुनाव में आजसू उम्मीदवार यशोदा देवी 36840 मत लेकर दूसरे और भाजपा के प्रदीप साहू 36013 मत पाकर तीसरे स्थान पर रहे थे। जदयू के लालचंद महतो को 5219 मिले थे। इससे पहले मौलाना अब्दुल मोबिन रिजवी ने जेडीयू उम्मीदवार रहते हुए 2014 में 16 हजार 730 वोट हासिल किए थे। उस समय भी ये तीसरे नंबर पर रहे थे। वहीं दूसरी तरफ आजसू पार्टी की तरफ से यशोदा देवी को टिकट दिए जाने से नाराज बैजनाथ महतो ने भी पर्चा भरा है। ऐसे में माना जा रहा है कि वे एनडीए का ही वोट काटेंगे। इस इलाके में बैजनाथ महतो का अच्छा प्रभाव माना जाता है। पर्चा दाखिल करने के बाद उन्होंने ईटीवी भारत से खास बातचीत की। इस दौरान उन्होंने बताया कि क्षेत्र की समस्या के समाधान के लिए हम जमीनी स्तर के कार्यकर्ता को दूसरे पर निर्भर रहना ठीक नहीं है। यहां शिकारी आते हैं, जाल बिछाते हैं और बड़े बड़े ख्वाब दिखाते हैं। ऐसे शिकारी के जाल से इस क्षेत्र की जनता को बचाने के लिए भी वे मैदान में उतरे हैं। उन्होंने ये भी कहा कि वे 28 साल से राजनीति में हैं। उन्होंने डुमरी विधानसभा क्षेत्र में कई आंदोलन किए हैं, इसके अलावा यहां के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## 'लाह' से चमकी औरतों की तकदीर



**नवीन मेल संवाददाता**

**खूंटी।** आज खूंटी की महिलाओं का बड़ा हिस्सा लाह की खेती कर घर-परिवार का पेट पाल रहा है। यह महिलायें वैज्ञानिक पद्धति से लाह का उत्पादन कर प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार कर रही हैं। प्राकृति संपदा से भरपूर खूंटी जिला यहां के लोगों के जीवन का अधार हैं। वनोपज यहां के लोगों की आजीविका का प्रमुख आधार है। इस जिले में लाह का भरपूर उत्पादन होता है। यही कारण कह कि छोटे से खूंटी शहर और मुरहू में लाह की कई कारखाने हैं। एक समय में यहां के लाख उत्पादक अछूमल एशिया के सबसे बड़े लाह निर्यातक थे। आज भी लाह की खेती यहां के लोगों के जीवन का बहुत बड़ा आधार है। जिले के मुरहू प्रखंड की बिन्दा पंचायत के सियांकेल गांव की रहने वाली सुसाना कंडीर ने अपनी मेहनत से वैज्ञानिक तरीके से लाह की खेती कर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार तो कर ही रही है, दूसरों के लिए भी वह प्रेरणाश्रोत बन गई है। सुसाना पहले भी पारपंरिक ढंग से लाह की खेती करती थी, लेकिन उससे उतनी कमाई नहीं हो पाती थी, जिससे वह अपने परिवार का ढंग से भरण-पोषण कर सके और बच्चों को अच्छे स्कूल में पढ़ा सके। बाद में वह चमेली महिला मंडल से जुड़ गई और वहां उसने वैज्ञानिक तरीके से लाह की खेती का प्रशिक्षण लिया और प्रयोग के तौर पर कुछ पेड़ों में लाख की खेती की शुरूआत की। झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) द्वारा सुसाना सहित कई महिलाओं ने लाह की खेती का प्रशिक्षण दिया गया। सुसानाबताती हैं कि सखी मंडल में जुड़ने से पहले भी वह लाह की खेती करती थी, लेकिन परंपरागत तरीके से खेती करने के कारण ज्यादा आमदनी नहीं हो पाती थी। उन्होंने बताया कि प्रखंड स्तरीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से वैज्ञानिक तरीके से लाह की खेती को लेकर उन्हें प्रशिक्षित भी किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त कर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

## 105 मरीजों का किया गया इलाज

**सभी मरीजों के बीच मुफ्त दवा का वितरण किया गया**

**मरीजों का इलाज डॉ. साजिया खान के टीम द्वारा किया गया**

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** प्रखंड अंतर्गत सिगसिगी ग्राम पंचायत भवन में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जहां 105 मरीजों का जांचोपरांत इलाज किया गया। शिविर का आयोजन नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा किया गया। जिसका का उद्घाटन पंचायत की मुखिया किरण देवी, उप मुखिया उमेश विश्वकर्मा, पंचायत समिति सदस्य फुला देवी व युवा समाजसेवी पिंटू चौधरी में संयुक्त रूप से द्वीप परज्वलित व फीता काट कर किया। शिविर में चिकित्सको द्वारा विभिन्न रोगों से ग्रसित 105 मरीजो का जांचोपरांत इलाज किया गया। इसके अलावा सभी मरीजों के बीच मुफ्त दवा का भी वितरण किया गया। मरीजों का इलाज डॉ साजिया खान के टीम द्वारा किया गया। जिसमे एएनएम काजल कुमारी, खुशबू कुमारी, दिलखुश, राकेश चंद्रवंशी, निराला कुमार, खुर्शीद आलम का सराहनीय सहयोग रहा।



### चौरसिया समर्थकों ने कोर्ट के निर्णय पर मनाई खुशी

**सतबरवा।** विधायक आलोक चौरसिया की जीत पर सतबरवा ट्रेनिंग कॉलेज के पास विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा एवं दर्जनो भाजपा कार्यकताओ ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाते हुए आलोक चौरसिया जिंदाबाद के नारे लगाए। विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा ने बताया कि केस नंबर एढ/2/2020 में के एन त्रिपाठी के द्वारा यह आरोप लगाया गया था कि कम उम्र में आलोक चौरसिया ने चुनाव लड़ा जो जो गलत था। डाल्टेनगंज विधायक आलोक चौरसिया के निर्वाचन को चुनौती देने वाली चुनाव याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट का फैसला आया, जिसमें विधायक की जीत एवं विपक्ष की हार हुई।

# अगस्त माह मे खाद्यान्न उठाव के बाद भी अब तक नहीं हो सका वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड व हैदरनगर प्रखंड के 95 पीडीएस दुकानदारों ने अगस्त माह का खाद्यान्न का उठाव किया हैं। परंतु आदेश नहीं मिलने और ईपॉस मशीन में टैग नहीं होने के कारण अबतक अगस्त माह का खाद्यान्न वितरण पीडीएस दुकानदारों द्वारा नहीं किया गया है। उपभोक्ता लगातार पीडीएस दुकानों का चक्कर लगा रहे हैं। देवरी कला पंचायत के पीडीएस डीलर चन्द्रमोहन और शहरी क्षेत्र के जमील अहमद ने बताया कि अगस्त माह का राशन उठाव हुआ हैं, परंतु आदेश नहीं मिलने के कारण अबतक कार्डधारियों के बीच वितरण नहीं हुआ है। उक्त डीलरों ने बताया कि दिसबंर- 2022 तक प्रति लाभुक दस किलो ग्राम राशन मिला हैं, उसमें पांच किलो ग्राम निःशुल्क और पांच किलोग्राम पैसे से दिया गया हैं। जबकि जनवरी 2023 से पांच किलोग्राम राशन फ्री दिया जा रहा है। उधर प्रभारी एजीएम अनील कुमार ने बताया कि हुसैनाबाद प्रखंड में 103 और शहरी क्षेत्रों में 19 पीडीएस दुकानदार हैं। जबकि हैदरनगर प्रखंड में 55 पीडीएस डीलर हैं। दोनों प्रखंडों में 177 पीडीएस डीलरों में 95 दुकानदारों ने खाद्यान्न का उठाव गोदाम से किया हैं। जबकि अगस्त माह में उठाव नहीं करने वाले 30 प्रतिशत पीडीएस दुकानदारों ने सितंबर माह का राशन उठाव कर लिया गया हैं। देवरी कला के रामजन्म राम और दातानगर के इजहार अंसारी ने बताया कि अगस्त माह का राशन जुलाई माह में ही किया गया है। लेकिन अबतक वितरण नहीं होने से भोजन के लाले पड़ गए हैं। जबकि अबतक सितंबर माह का राशन का उठाव हो जाता था। ऐसे में उपभोक्ताओं की परेशानी काफी बढ़ गई हैं।



# पलामू में तूल पकड़ रहा बैक डेट से आर्म्स लाइसेंस देने का मामला

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर ।** पलामू के निर्वतमान उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे द्वारा ट्रांसफर से पहले बड़ी संख्या में बैक डेट से हथियारों का लाइसेंस निर्गत करने का मामला तूल पकड़ने लगा है। पहले झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने भी इस मामले में ट्वीट कर शिकायत की थी। अब समाजिक कार्यकर्त्ता पंकज कुमार यादव ने भी पूर्व डीसी के कार्यकाल में आर्म्स लाइसेंस इश्यू कराने को लेकर सवाल खड़ा किया है। पंकज कुमार यादव ने आरटीआई के माध्यम से पिछले तीन सालों वर्ष 2020-21, 2021-22 और 2022-23 में पलामू जिले में जारी किये गये गन और पिस्टल लाइसेंस की सूची मांगी थी, लेकिन सुरक्षा कारणों का हवाला देकर उपायुक्त कार्यालय ने इसे देने से इनकार कर दिया। उपायुक्त कार्यालय ने अपने जवाब में कहा है कि सूचना अधिकार अधिनियम 2005 में निहित धारा 8 (2) के तहत सूचना सार्वजनिक नहीं की जा सकती है। इस सम्बन्ध में पंकज कुमार यादव ने बताया कि पिछले दो-तीन महीनों से पलामू में कई खनन माफियाओं को गन लाइसेंस जारी किये जाने की सूचना मिल रही थी। जिसमें कई गैर जरूरतमंद लोगों को भी गन लाइसेंस निर्गत करने की बात सामने आ रही थी। इसी आलोक में उन्होंने आरटीआई के तहत लाइसेंस धारकों की सूची मांगी थी। लेकिन सुरक्षा का हवाला देकर डीसी कार्यालय ने जानकारी नहीं दी जो यह गलत है और वे इसको लेकर अपील में जायेंगे। इतना ही नहीं जरुरत पड़ने पर वो कोर्ट का भी दरवाजा खटखटायेंगे। बताते चलें कि बीते महीने कई जिलों के डीसी का ट्रांसफर-पोस्टिंग हुआ था। जिस पर भाजपा नेता सह सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने ट्वीट कर कुछ डीसी द्वारा बैक डेट से बड़े पैमाने पर गन लाइसेंस जारी करने की शिकायत की थी। उहोंने ट्वीट में लिखा था कि जिले के उपायुक्तों का बड़े पैमाने पर तबादला हुआ है। कुछ जिलों से शिकायत मिल रही है कि रिश्वत लेकर थोक के भाव बैक डेट में हथियार के लाइसेंस दिये जा रहे हैं।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभागियों को किया सम्मानित

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के पिरोजी कौवाखोह स्थित डीएवी मनोज पब्लिक स्कूल परिसर में शनिवार को विद्यार्थियों का सम्मान-समारोह निदेशक डॉ मनोज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस दौरान 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर विद्यालय द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सफल प्रतिभागियों को मेडल एवं कप देकर सम्मानित किया गया। जबकि बताया गया कि कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने देश भक्ति गीत, नृत्य, भाषण तथा लोक नृत्य प्रदर्शित कर दर्शकों को भावुक कर दिया। वहीं विद्यालय के शिक्षकों व शिक्षिकाओं को भी पुरस्कृत किया गया।

### सर्वेश्वरी शाखा में लगा विशेष कैंप,125 मिर्गी रोगियों का होगा मुफ्त इलाज

**विश्रामपुर।** ब्लॉक रोड में स्थित श्री सर्वेश्वरी शाखा द्वारा मिर्गी रोग उन्मूलन हेतु विशेष कैंप का आयोजन किया गया है।जिसमे देश के विभिन्न राज्यों व जिलों से आए,कुल 125 रोगियों का पंजीकरण के बाद मुफ्त इलाज व दवा वितरण किया जाएगा।वही विश्रामपुर श्री सर्वेश्वरी शाखा के मंत्री नागेंद्र प्रसाद ने बताया कि मिर्गी रोग उन्मूलन हेतु संस्थान प्रयासरत है।जिसमे अभी तक सवा सौ मरीज शाखा में आ चुके है।जिन्हे अहले सुबह लगभग तीन बजे फाकरी पद्धति से दाव पिलाई जायेगी।मौके पर कई लोग मौजूद थे।

# झा. बि. वि. नि. लि. ने चलाया विशेष छापेमारी अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के विशेष छापेमारी अभियान में शनिवार को 7 लोगों पर बिना मीटर लगाए अवैध कनेक्शन से विद्युत ऊर्जा की चोरी करते पाए जाने को लेकर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत स्थानीय थाने में जेई प्रदीप कुमार सिंह ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। साथ ही जुमार्ना भी लगाया गया है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है,उनमें पियूष कुमार, अशर्फी प्रजापति, अवधेश राम, दयाशंकर पासवान (6-6 हजार), प्रेमप्रकाश, बिगन राम (सभी डाली) पर 10-10 हजार जबकि माली ग्राम के कमलेश ठाकुर के विरुद्ध 12 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है, शामिल हैं। इस अभियान में इनके अलावा सहायक अभियंता संजय कुमार, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर, ललितेश्वर मेहता व ऊर्जा मित्र रविशंकर सिंह भी शामिल थे। कनीय अभियंता ने बताया कि आगे भी इस तरीके से विद्युत ऊर्जा की चोरी करने वालों के साथ ही 5000 रुपए से अधिक के बकाएदारों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ऐसे बकाएदारों और बिना मीटर के विद्युत ऊर्जा की चोरी में पकड़े जाने से बचने के लिए यथाशीघ्र मीटर लगा लेने और बकाए बिल का भुगतान करने की हिदायत की है।

## कोर्ट नोटिस

न्यायालय
श्रीमान सिविल जज जूनियर डिविजन द्वितीय, गढ़वा।

Q.S-633/2020

मनोज प्रसाद गुप्ता - वादी

राम सागर प्रसाद वगैरह-प्रतिवादीगण

**नोटिस**

**बनाम्**

1. रमाकांत प्रसाद पिता स्व० प्रहलाद साव
2. प्रमोद प्रसाद पिता स्व० प्रहलाद साव
3. सुदामा प्रसाद पिता स्व० लक्ष्मी साव तीनों ग्राम+पो+थाना- डंडई, जिला-गढ़वा (झारखण्ड)।
4. बसंत प्रसाद पिता स्व० रामचन्द्र प्रसाद
5. श्रवण प्रसाद पिता स्व० रामचन्द्र प्रसाद दोनों ग्राम-नरखोरिया, पो० थाना-नगरउंटारी, जिला-गढ़वा

चूं बजरिये इस नोटिश के माध्यम से आपको इतिला दी जा रही है कि वादी मनोज प्रसाद गुप्ता द्वारा बँटवारा बाद मेरे न्यायालय में दाखिल किया गया है, जिसमें आपके उपस्थिति हेतु नजारत एवं डाक के द्वारा नोटिस किया था एवं इस बाद में अगली सुनवाई दिनांक 26/09/23 को की जायेगी। अतः आप दिनांक 26/9/23 को समय 10.30 बजे दिन स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में एक पक्षीय सुनवाई की जायेगी।

इसे सख्त ताकिद जानें।

आज दिनांक. 14/8/23 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से निर्गत किया गया।

**हस्ताक्षर**
**सिविल जज, जूनियर डिविजन-II गढ़वा।**

### पंचायत सचिवालय में वृद्धा पेंशन सत्यापन शिविर का आयोजन

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के महुअरी पंचायत सचिवालय के सभागार में बृद्धा पेंशन सत्यापन शिविर का आयोजन किया गया।इस दौरान वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन ,विकलांगता पेंशन ,विवेकानंद पेंशन आदि पेंशन धारी लाभुकों का आधार प्रविष्ट, मोबाइल नंबर प्रविष्टि एवं भौतिक सत्यापन से संबंधित कार्य किया गया। शिविर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही पंचायत की मुखिया सरिता कुमारी ने कहा कि पंचायत वासियों को सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं से जोड़ना हमारी प्राथमिकता है। इस मौके पर पंचायत सचिव नंदकिशोर यादव ने उपस्थित सभी पेंशन धारीयो से हाथों हाथ आधार कार्ड की फोटो कापी के साथ साथ मोबाइल नंबर लेकर शिविर का समापन किया गया।

**सावन माह में कांवरियों का देवघर जाने का क्रम जारी**

# हरिहरगंज से 70 कांवरियों का जत्था बाबा धाम के लिए रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** सावन माह में कांवरियों का देवघर जाने का क्रम जारी है। हरिहरगंज शहरी क्षेत्र के 70 कांवरियों का जत्था सुरक्षित वाहन द्वारा शनिवार को बाबा धाम के लिए रवाना हुआ। इन्हें एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने रवाना किया। जाने से पहले सभी कांवरियों ने मेन रोड़ स्थित महावीर मंदिर में माथा टेका। फिर बोल बम के नारे के साथ बाबा नगरी को प्रस्थान हुए। इस मौके पर मनीष कुमार सिंह ने कहा कि बाबा की नगरी में जाने से सभी मनोकामना पूर्ण होता है। जो भी लोग बाबा के दरबार में जाते हैं। उनका मन्नत अवश्य पूर्ण होता है। उन्होंने कांवरियों से क्षेत्र में अमन चैन के लिए दुआ मांगने को कहा। इस मौके पर एनसीपी प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, जिला सचिव अजय सिंह, शिक्षक सुरेश सिंह, लाखन सिंह, उदय मेहता, अरविंद प्रसाद, गया गुप्ता, दीपू, मनोज, गुड्डू, अनिल गुप्ता, सतीश, काजल गुप्ता, सुनील साव, सनी, शारदा देवी, मंजू गुप्ता, मोहित गुप्ता, विशाल, रवि, मुन्नू ,अभिषेक आदि मौजूद थे।



### परता माइनर की मिट्टी सफाई का कार्य पूरा, तारा व रामबांध के किसानों को पानी मिलने से खुशी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड के परता माइनर अंतर्गत रामबांध गांव के समीप मिट्टी भर जाने से तारा व रामबांध के किसानों के खेतों का।पटवन बाधित था। इसकी सूचना किसानों ने विधायक कमलेश कुमार सिंह को देकर मिट्टी की सफाई कराने का आग्रह किया था। विधायक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए परता माइनर नहर के रामबांध में विधायक कोटा की राशि से सफाई कराने का काम किया। इससे उक्त गांव के किसानों के खेतों तक पानी मिलना शुरू हो गया है। मुखिया अबू नसर सिद्दीकी, पंचानंद पांडेय,अश्विनी पांडेय आदि ने कहा कि अब उनके गांव में धान की रोपनी सौ फीसदी होने की संभावना प्रबल हो गई है। इसकी सफाई से खेतों को निर्बाध पानी मिलने लगा है। इससे किसानों को काफी खुशी के साथ बड़ी राहत भी मिली है।

### महिला स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन

**सतबरवा।** पंचायत सचिवालय में शनिवार को आदिवासी जन कल्याण समिति शिक्षित बेरोजगार पंजीकृत परियोजना एवं महिला स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिप सदस्या सुधा कुमारी ,प्रमुख रीमा देवी, मुखिया निरोत्तमा कुमारी ,रिंकी यादव ,लक्ष्मी देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिप सदस्या सुधा कुमारी ने कहा कि आदिवासी महिलाओं की समस्याओं के निदान के लिए जो मुहीम चलायी है ,वह बहुत सराहनीय है। इस मौके पर महिला मित्रों को एक माह का मानदेय दिया गया तथा नॉर्मल डिलीवरी महिलाओं को एक - एक हजार दिया गया। इस मौके पर मुखिया संघ के सतबरवा प्रखंड अध्यक्ष गिरवर प्रसाद राम, मुखिया निरोतमा कुमारी, , समाजिक कार्यकर्ता अजय उरांव , पांकी प्रखंड का सुपरवाइजर कीर्ति कुमारी रामगढ़ प्रखंड सुपरवाइजर नुसरत प्रवीण, सतबरवा सुपरवाइजर रुखसरी प्रवीण ने भी इस पर प्रकाश डाला।

### विधायक ने किया पुल निर्माण का शिलान्यास

**मनातू ।** पलामू जिले के मनातू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नौडीहा पंचायत में मनातू और पदमा को जोड़ने वाली करेला से मधेया जिंजोई नदी पर पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास शनिवार को विधायक डॉक्टर शशिभूषण मेहता ने किया। इस दौरान प्रमुख पति संतोष यादव, विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव, नौडीहा पंचायत के मुखिया बंधु भुइयाँ,पदमा पंचायत समिति सदस्य पूनम देवी, उपप्रमुख पति अयोध्या प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि विगु साव, भाजपा मंडल अध्यक्ष सतेन्द्र यादव, मीडिया प्रभारी अंतु यादव,, पिंटू यादव, मुन्ना उरांव, सभी की उपस्थिति में विधिवत तरीके से निर्माण कार्य की शुरूआत हुई। विधायक ने कहा कि उक्त पुल का निर्माण होने से पंचायत के ग्रामीणों को काफी सुविधा होगी।

### एनबीडब्ल्यू वारंटी दो व्यक्ति गिरफ्तार

**पाटन।** नावाजयपुर थाना पुलिस ने दो एनबीडब्ल्यू वारंटीयों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी संजय रजक ने बताया है की बिफन भुइया तथा सूरजदेव भुइया दोनो नावाखास न्यायालय द्वारा जारी किया गया गैर जमानतीय वारंटी है। दोनों अभियुक्त काफी दिनों से फरार थे। जिन्हे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जिसके बाद जेल भेजा गया है।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

रामगढ़ थाना कांड सं0–21/2023 के अभियुक्त 1. विजय यादव पे0 बन्धु यादव 2. राकेश यादव पे0 बृजन यादव उर्फ ब्रिजदेव यादव 3. दिनेश यादव पे0 राम ललू यादव एवं 4. बाबू लाल यादव पे0 प्रभु यादव सभी सा0 टेमराई थाना चैनपुर जिला पलामू के विरूद्ध माननीय न्यायालय द्वारा ईश्तेहार निर्गत किया गया है। अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि रामगढ़ थाना कांड सं0–21/2023 के अभियुक्त 1. विजय यादव पे0 बन्धु यादव 2. राकेश यादव पे0 बृजन यादव उर्फ ब्रिजदेव यादव 3. दिनेश यादव पे0 राम ललू यादव एवं 4. बाबू लाल यादव पे0 प्रभु यादव सभी सा0 टेमराई थाना चैनपुर जिला पलामू के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होन पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

**अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर :– 9431706240**
**थाना प्रभारी, रामगढ़ :– 9431706260**

पुलिस अधीक्षक,
पलामू

PR 305012Police(23-24)#D

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार

–: आवश्यक सूचना :–

लातेहार जिला अंतर्गत हेरहंज़ थाना काण्ड संख्या–02/21, दिनांक 14.01.2021, धारा 384/385/34 भा0द0वि0 एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट के अप्राथमिकी अभियुक्तों के विरूध विधिवत इश्तिहार तामिला किया गया है। उक्त अप्राथमिकी अभियुक्तों के विरूध इश्तिहार तामिला पश्चात् कुर्की अधिपत्र प्राप्त किया जाएगा। उक्त से संबंधित सूचना प्रचार–प्रसार हेतु प्रकाशित किया जा रहा है।

| क्रम | अभियुक्त का नाम एवं पता |
|---|---|
| 1. | लवलेष गंझू पे0 प्रधान गंझू सा0 बालू बरटोला, थाना बालूमाथ, जिला लातेहार। |
| 2. | विकास लोहरा पे0 स्व0 भदु लोहरा सा0 बंदुआ थाना हेरहंज, जिला लातेहार। |

पुलिस अधीक्षक,
लातेहार

PR 305014 (Police)23-24*D

## Office of The Executive Engineer
## Building Construction Department, Building Division, Garhwa.

**VERY SHORT NOTICE INVITING RE-TENDER**

Sealed Tenders are invited for **Construction of Police Barrack in the Campus of 6 court building at Nagar Untari, Garhwa for the year 2023-24.** by the Executive Engineer. Building Construction Department, Building Division, Garhwa from the Registered contractor in the Office of the undersigned & in the office of S.E. B.C.D. Circle No-02. Ranchi on **28-08-2023** up to 3.00 pm and will be opened on **28-08-2023** at 3.30 pm in respective offices By Executive Engineer or his authorized representative in the presence of tenders or their authorized representative. Who so ever desire may remain present at the time of opening Detail list of work, specification, quantity etc. may be obtained from the aforesaid offices in working day on **26-08-2023** from 10.00 am to 1.00 pm which cost of Bid Rs. **5000/-** in shape of Demand Draft (non-refundable) on any State Bank Payable at SBI, Main Branch, Garhwa in favour of The Executive Engineer, Building Division, Garhwa.

The tenderer should be accomplished with the initial security deposit which will be 2% of the tender amount(Refundable) in shape of Bank Guarantee or 5 Years/3Years Post Office Term Deposit or N.S.C. (8th issue) fixed deposit of the Scheduled Bank duly pledge in favor of Executive Engineer, Building Division, Garhwa.

**Executive Engineer,**
Building Division, Garhwa.

PR 305062Building(23-24)#D

## झारखण्ड–सरकार श्रम, नियोजन, एवं प्रशिक्षण विभाग
## औद्योगिक प्रशिक्षण सस्थान, गढ़वा
## प्राचार्य का कार्यालय

Skill India

**रोजगार भर्ती कैम्प संबंधी सूचना**

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा में दिनांक – 28.8.2023 एवं 29.08.2023 को झारखण्ड़ राज्य के ITI पास युवकों को नियोजन/रोजगार हेतू दो दिवसीय रोजगार भर्ती कैम्प का आयोजन किया गया है, जिसकी विवरणी निम्नलिखित है:–

कम्पनी/नियोजक का नाम– परम स्कील इंडिया प्रा0 लि0 औरंगाबाद, महाराष्ट्र

Job Location - औरंगाबाद, महाराष्ट्र

Domicile - Jharkhand

Test Date & Time- 28-08-2023 एवं 29-08-2023 , Time- 9:00 AM

Test Venue- औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा

Qualification - Matric Pass, ITI Pass, Diploma, B.Tech Etc

Trade- Fitter, Electrician, Welder, Gas Welder, Diploma- Mechanical, Automobile, B.E Mechanical, Sheet Metal, B.Tech etc

Age Limit - **18** वर्ष से **27** वर्ष तक

10th Percentage - 40 % (Min)

ITI Percentage - 50% (Min)

Salary - Matric Pass - 13000/-, ITI Pass - 13500/-, Diploma - 14070/- B.E & B.Tech - 20,500/-

Other Facilities - PE, ESI, Canteen , Doormiatary, Provident Subsized.

झारखण्ड़ राज्य के मैट्रीक, ITI पास एवं डिपलोमा उत्तीण सभी योग्य एवं इच्छुक युवकों से अपील है कि उपर्युक्त रोजगार भर्ती कैम्प को भाग लेने हेतू निधारीत तिथि को सभी आवश्यक दस्तावेज/कागजात के साथ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा आना सुनिश्चित करें। तथा अपने भविष्य को सुनहरा बनावें।

Helpline No. - 6207501651, 7991311265

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
गढ़वा।

PR 305048 Labour Employment and Traning(23-24)D

## अनियंत्रित होकर कार डिवाइडर से टकराई बाल-बाल बचा चालक

### डिवाइडर के अगल-बगल फुटपाथ दुकानदारों की वजह से दिनभर लगता है जाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के बड़ा तालाब के पास शुक्रवार की देर रात डिवाइडर से टकराने पर एक कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डिवाइडर का एक गमला भी टूट गया। जबकि गमला बहुत ज्यादा मजबूत है। वहीं इस घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इसकी जानकारी शहर थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर कार में सवार घायल व्यक्ति को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दी है। जहां इलाज के बाद कार सवार व्यक्ति खतरे से बाहर है। बताते चलें कि कचहरी से लेकर गीता



भवन तक सड़क पर लगे डिवाइडर की वजह से प्रतिदिन दुर्घटना हो रही है। इसके अलावा जाम की समस्या से लोग प्रतिदिन जूझ रहे हैं। यहां पर जाम लगने का मुख्य कारण यह है कि डिवाइडर के अगल-बगल फुटपाथ दुकानदार कब्जा कमाए हुवे है। नगरनिगम के द्वारा डिवाइडर तो लगवा दिया गया है परंतु सड़क के चौड़ीकरण करने को लेकर नगरनिगम लापरवाह बना हुआ है। यदि समय रहते सड़क से अतिक्रमण को नहीं हटाया गया तो आने वाले समय में डिवाइडर की वजह से और दुर्घटना होने की संभावना है। डिवाइडर के कारण सड़क इतनी पतली हो गई है कि एक बस यदि सड़क से गुजरता है तो उसके पीछे-पीछे सैकड़ों वाहन कछुआ के चाल चलते हैं। जिसकी वजह से इन सड़कों पर जाम की समस्या हमेशा बनी रहती है।

## चोरी के मोबाइल के साथ दो चोर गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रिशमा रमेशम के आदेश पर शहर थाना की पुलिस ने दो मोबाइल चोरों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि कुछ दिन पहले सरधना क्षेत्र के माली मोहल्ला में एक घर से चोरों द्वारा वी मोबाइल फोन की चोरी की गई थी। इसके बाद मोबाइल चोरी होने से संबंधित मामला भुक्तभोगी के द्वारा शहर थाना में दर्ज कराया गया था। मामला दर्ज होने के बाद से पुलिस मोबाइल चोर की खोजबीन में जुट गई थी। इसी बीच शहर थाना के एएसआई जमाल अहमद और टिओपी वन टाइगर मोबाइल के जवान शारीक इरशाद और संतन कुमार के द्वारा दोनों मोबाइल चोरों को उनके घर चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पनेरी बांध से पकड़ कर थाना लाया गया। पकड़े गए चोरों ने पुलिस के सामने अपना जुर्म कबूल कर दिया। इसके बाद दोनों चोरों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## नीरज कुमार श्रीवास्तव बने पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** धनबाद लेबर कोर्ट के प्रेजाइडिंग ऑफिसर नीरज कुमार श्रीवास्तव का स्थानांतरण पलामू जिला व्यवहार न्यायालय में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में किया गया है। उक्त आशय की अधिसूचना झारखंड उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जेनरल मो. शाकिर ने जारी की है। विदित हो कि पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे के 30 जुलाई को




सेवानिवृत्त होने के बाद पलामू में प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश का पद रिक्त था। प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश के प्रभार में प्रथम अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार थे। उच्च न्यायालय द्वारा बहुत जल्द ही प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश के रूप में नीरज कुमार श्रीवास्तव की पोस्टिंग होने से अधिवक्ताओं में हर्ष का माहौल है।


**।। श्रद्धांजलि ।।**



बहुत ही दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पिताजी बलिराम सिंह का दिनांक 19-08-2023 को स्वर्गवास हो गया है।

**शोकाकुल**

**शिव नारायण सिंह**

निदेशक
एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड
(शिवासांई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड)
रांची, झारखंड


### उपायुक्त ने की पीएम व भीमराव अंबेडकर आवास योजना की समीक्षा

# सितंबर के अंतिम सप्ताह तक पूर्ण करायें लंबित आवास : डीसी

### लापरवाह समन्वयको पर गिर सकती है गाज

**उपायुक्त ने भीमराव अंबेडकर आवास योजना के तहत हो रहे कार्यों में तेजी लाने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिये**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने शनिवार को जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) व भीमराव अंबेडकर आवास योजना के तहत कराये जा रहे आवास निर्माण कार्यों की समीक्षा की। एनआईसी के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत कार्यों की प्रखंडवार समीक्षा के क्रम में उपायुक्त श्री रंजन ने सभी बीडीओ को नियमित रूप से



कार्यों का निरीक्षण कर समय पर आवास पूर्ण कराने का निर्देश दिया। प्रखंडवार समीक्षा के दौरान पाया गया कि पाटन में सबसे अधिक आवास लंबित है। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को उनके प्रखंडों में आवास योजनाओं के लंबित लक्ष्य के अनुरूप समय का आकलन करते हुए योजना बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया। भीमराव अंबेडकर आवास योजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कार्यों में तेजी लाने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी तरह के लंबित आवासों को सितंबर माह के अंतिम सप्ताह तक पूर्ण करने की बात कही। उपायुक्त श्री रंजन ने सभी ब्लॉक कोऑर्डिनेटरों को सक्रिय होकर सभी आवासों को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि कार्य में शिथिलता बरतने वाले प्रखंड समन्वयकों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। मौके पर उप विकास आयुक्त रवि आंनद,प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार,सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत आवास के सभी प्रखंड समन्वयक उपस्थित थे।

## महिलाओं ने मनाई सावन की हरियाली तीज

**मेदिनीनगर।** आज लिलिपुट में महिलाओं ने हरियाली तीज के दिन सिंधारा पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया। जिसमें सभी महिलाएं हरे रंग की साड़ियों में सज धज कर आईं। उन लोगों ने झूला और अन्य तरह के खेल का आनंद उठाया और सभी के द्वारा लाए हुए तरह-तरह के व्यंजन का जायका लिया। इसका आयोजन रेनू गोयल ने अपने स्कूल के प्रांगण में किया। स्कूल के प्रांगण को हरियाली तीज की थीम पर सजाया गया और महिलाओं का मनपसंद सेल्फी पॉइंट भी बनाया गया। सभी महिलाओं ने सावन के गीतों पर डांस भी किया और एक दूसरे को तीज की बधाई भी दी। इस उत्सव में पिंकी जैन, रश्मि हिम्मतरामका,मधु गर्ग, ज्योति गर्ग, पम्मी जैन, मनु नामधारी,काकू नामधारी,सन्गीता लाठ,सुधा लाट, सारिका जैन,अलका जैन,अन्जू सोनी, प्रियंका, सीमा खेतान, प्राची जैन,मिनी, सुनीता जैन , ऋतु जैन, रजनी जैन, अन्शू लाट आदि महिलाओं ने योगदान दिया।


झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

**प्रवासी श्रमिकों के हर पल साथ**
**संवेदनशील हेमन्त सरकार**





झारखण्ड के प्रवासी श्रमिक किसी भी प्रकार की समस्या या सहायता के लिए राज्य प्रवासी कंट्रोल रूम से अवश्य संपर्क करें

टॉल फ्री नंबर
**1800-3456-526**

**आपका अधिकार**

- संवेदक/एजेंट द्वारा मासिक मजदूरी के अलावा प्रवासी श्रमिकों को विस्थापन भत्ता के रूप में आधे महीने की मजदूरी के बराबर राशि का भुगतान। यह मजदूरी के अतिरिक्त देय है
- आने-जाने का किराया तथा यात्रा में व्यतीत हुए समय की भी मजदूरी का भुगतान हेतु एजेंट/मुख्य नियोजक जिम्मेवार
- वर्ष में 30 दिन काम करने के पश्चात कुल प्राप्त वेतन का न्यूनतम 8.33 प्रतिशत के बराबर बोनस राशि पाने का हकदार
- महिला श्रमिकों को 80 दिन काम करने के उपरांत 26 सप्ताह के बराबर प्रसूति हित लाभ का भुगतान
- दूसरे राज्य में प्रवासी श्रमिक को नि:शुल्क रहने व चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने का दायित्व संवेदक/प्रमुख नियोक्ता का है
- प्रवासी श्रमिकों को भी ईएसआई और पीएफ लाभ प्राप्त करने का अधिकार

**झारखण्ड सरकार की योजनाएं**

- सामान्य मृत्यु, दुर्घटना या प्राकृतिक आपदा के कारण झारखण्ड के प्रवासी श्रमिक की मृत्यु/अशक्त होने पर उन्हें अपने घर तक लाने केलिए ₹50,000/- तक की राशि मुख्यमंत्री झारखण्ड प्रवासी श्रमिक दुर्घटना कोष से दी जाएगी
- प्रवासी श्रमिक की दुर्घटना में मृत्यु या स्थायी रूप से अशक्त होने पर, दुर्घटना में दो अंग या दोनों आंख या अंग की हानि होने पर, दुर्घटना में एक अंग या आंख की हानि होने पर एवं दुर्घटना/प्राकृतिक आपदा में श्रमिक की मृत्यु/अशक्त होने पर पंजीकृत एवं अपंजीकृत प्रवासी श्रमिकों को 75 हजार से दो लाख रुपये तक का भुगतान किया जाएगा

**अन्य सुविधाएं**
वन नेशन वन राशन कार्ड के तहत देशभर में किसी भी स्थान पर प्रवासी श्रमिकों को राशन प्राप्त करने की व्यवस्था
आयुष्मान भारत (प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना) के तहत सालाना ₹5 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा

दूसरे राज्य में काम करने जाने से पहले झारखण्ड सरकार के श्रमाधान पोर्टल https://shramadhan.jharkhand.gov.in/ पर अपना निबंधन जरूर करवाये

वाट्सऐप नंबर +91 94701 32591 +91 94313 36427 +91 94313 36398 +91 94313 36472 +91 94313 36432

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार

PR No. 305069 (Labour Employment and Traning) 2023-24

## जल, जंगल, जमीन व रोजगार को लेकर कम्यूनिस्ट पार्टी ने किया प्रदर्शन, कहा

# अफसरशाही चरम सीमा को पार कर चुकी है, विकास कार्यों में लूट

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**
भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी की ओर से जल, जंगल, जमीन व रोजगार को लेकर प्रखंड कार्यालय रमना में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के बाद 6सूत्री मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी ललीत प्रसाद सिंह को सौंपा गया।

नौरंगी पाल की अध्यक्षता में आयोजित धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि झारखंड में अफसरशाही चरम सीमा को पार कर चुकी है, विकास कार्यों में लूट मची हुई है, कोई भी काम बिना घूस के नहीं हो रहा है। पहले टेबल के नीचे से लिया जाता था और अब खुलेआम लिया जा रहा है। वहीं हाल सर्वे में भारी खामिया होने के कारण लोग परेशान हैं। इसके बावजूद इसे रद नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मालिक गैर मजरूआ भूमि को बकास्त बनाकर गरीब जोतदारों को भगाने का प्रयास किया जा रहा है। वर्षों से जोत कोड़ करने वाले किसानों को बेदखल किया जा रहा है। जिसे भाकपा कभी बर्दाश्त नहीं करेगी और इसके विरुद्ध लड़ाई जारी रखेगी। वहीं झारखंड सरकार स्थानीय नीति नहीं बनाकर झारखंडी लोगों को रोजगार से वंचित कर रही है। भाकपा के राज्य परिषद सदस्य गणेश सिंह, सहायक जिला मंत्री रामेश्वर प्रसाद अकेला, जिला परिषद सचिव राजकुमार राम, रामनाथ उरांव, राजकुमार भुईयां एवं मुन्ना राम आदि ने संबोधित किया। भाकपा द्वारा बीडीओ को सौंपे गये मांग पत्र में गढ़वा जिला को अकाल क्षेत्र घोषित करते हुए राहत कार्य चलाने, युरिया नदी, सुनील मुखर्जी नगर स्थित बगया - तलया नाला, सुखड़ा नदी में पक्का चेकडैम बनवाने, सुनील मुखर्जी नगर की भू-दान गैर मजरूआ भूमि पर काबिज किसानों की भूमि से छेड़छाड़ कर बेदखल की साज़िश को रोकने, कजरी नदी, सतबहिनी नाला, बगया - तलया नाला पर पुलिया निर्माण कराने एवं रमना से बुलका होते हुए गनियारी गांव तक सड़क निर्माण मांगें शामिल हैं।



## नुक्कड़ नाटक, गीत व संगीत से किसानों को किया गया जागरूक

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के नरही पंचायत के जासा ग्राम व कुम्बा खुर्द पंचायत भवन पर दलित विकास मंच द्वारा आत्मा के तत्वाधान में संचालित योजनाओं की जानकारी नुक्कड़ नाटक, गीत व संगीत के माध्यम से देकर किसानों को जागरूक किया गया। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक विजय कुमार यादव ने किसानों को मृदा जांच, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, केसीसी, ऋण माफी योजना, उद्यान विभाग, श्री अन्न की जानकारी विस्तार से दी गयी।

उन्होंने श्री अन्न को बढ़ावा देने पर बल देते हुये धान, गेहूं के अलावा किसानों को दलहन, तिलहन, सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देने पर भी बल दिया। कार्यक्रम में नरही के किसान मित्र परशु राम, कुम्बा खुर्द के किसान मित्र दिलीप पटेल, एग्री क्लिनिक सेंटर के क्षेत्र समन्वयक बलदेव खलखो, पंचायत समिति सदस्य राजेंद्र राम, सुरेंद्र उरांव, राजकुमार, दारा सिंह, अनुज पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। नुक्कड़ नाटक का संचालन दलित विकास मंच के अरुण पांडेय ने किया।

# आरोप : जल मीनार निर्माण कार्य में बरती जा रही है अनियमितता

### ग्रामीणों के विरोध के बावजूद खड़ा कर दिया गया स्ट्रक्चर

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**
प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पचौर गांव के भुइयां टोला व पूर्वी टोला में पेय जल एवं स्वच्छता विभाग विभाग के द्वारा बनाये जा रहे जल मीनार निर्माण में मृत पत्थर का मिट्टी मिला हुआ छरी व बालू के साथ-साथ बांग्ला ईट लगाया जा रहा है। ग्रामीणों के काफी विरोध के बाद भी संवेदक द्वारा जल मीनार निर्माण का स्ट्रक्चर को खड़ा कर दिया गया। उसके के बाद जल मीनार निर्माण कार्य का स्थल जांच करने पहुंचे अधिकारियों ने घटिया सामग्री से निर्मित पिलिंथ को तोड़कर फिर से पुनः निर्माण कराने का निर्देश संवेदक को दिया गया। उसके बाद भी उक्त पिलिंथ को तोड़कर हटाए बिना ही उक्त कार्य को मुंशी के द्वारा उसी पिलिंथ पर जबरन जल मीनार का निर्माण कार्य पुनः शुरू करा दिया गया। टोले के ग्रामीण पनपती देवी, संतोष सिंह, संगीता देवी, निर्मला देवी, फुलमनिया देवी, प्रयाग मिस्त्री, जितेंद्र लोहार, महेंद्र मिस्त्री, संगीता देवी सहित अन्य लोगों ने बताया कि जलमिनर निर्माण के नाम पर संवेदक के द्वारा सिर्फ खानापूर्ति करने का काम किया जा रहा है। कुछ दिन पूर्व पचौर गांव के भुइयां टोला व पूर्वी टोला के जल मीनार का निर्माण कार्य में मृत पत्थर का मिट्टी मिला हुआ बालू व छरी के साथ-साथ बांग्ला ईट लगाया जा रहा था। जलमीनार निर्माण में घटिया सामग्री लगाए जाने का विरोध करने पर मुंशी के द्वारा देख लेने की धमकी दी जा रही थी। ग्रामीणों ने कहा कि जांच करने पहुंचे अधिकारियों ने जल मीनार का पिलर को तोड़कर फिर से निर्माण कराने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन कुछ दिन बाद उसी पिलर पर जल मीनार का निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण कार्य पर रोक लगाते तो मुंशी के द्वारा बोला जाता है कि जिसको जहां जाना है वहां जा सकते हैं जल मीनार का निर्माण कार्य इसी पिलर पर कराया जाएगा। इस संबंध में पेय जल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने कहां की पुनः उक्त जल मीनार की जांच करायी जाएगी। उसके बाद अगर अनियमितता की पुष्टि होती है संवेदक के ऊपर नियम संगत कार्रवायी की जाएगी।



# ग्राम सभा में दस सदस्यीय कमेटी गठित, 300 योजनाओं का किया गया चयन

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**
प्रखंड के रजहरा गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम बनाने हेतु मुखिया संजय राम की ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इसमें सभी ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि तथा पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, स्वास्थ्य सहिया, जल सहिया, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, जेएसएलपीएस के सदस्यों की उपस्थिति में रजहारा गांव के विकास के लिए दस सदस्यीय अभिश्रण समिति गठन करने का निर्णय लिया गया, जिसमें सभी सदस्य अनुसूचित जाति से होंगे ताकि रजहारा गांव के संपूर्ण विकास के लिए योजनाओं का चयन सुनिश्चित किया जा सके। पंचायत सेवक सतीश कुमार सिंह ने बताया कि ग्रामीणों ने सर्व समिति से 10 सदस्य कमेटी का गठन किया, जिसमें मुखिया संजय राम पदेन अध्यक्ष, शक्ल कुमार राम सचिव, जवाहर राम धनंजय बैठा जितेंद्र बैठा राजेश राम सुमेर पासवान खुशबू देवी आदि चुने गये। इसके पश्चात गांव के विकास के लिए लगभग तीन सौ योजनाओं का चयन किया गया, जिसमें पीसीसी निर्माण, नाली निर्माण, चापाकल, चबूतरा, स्ट्रीट लाइट, भैपर लाइट, डीप बोर, कुआं निर्माण, पुलिया निर्माण, चौपाल निर्माण, समुदायिक भवन निर्माण सहित योजनाओं का चयन किया गया। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य अनीता देवी, उप मुखिया आशिक अंसारी वार्ड सदस्य ललिता देवी, कलावती देवी, लव कुमार चंद्रवंशी, अशोक चंद्रवंशी, मंसूर अंसारी, हसीब अंसारी, जगदीश्वर सिंह, धनंजय गिरी, वृक्ष राम, प्रयाग राम, किसान मित्र राजकुमार साह, बिरजा राम राजबली राम कनीय अभियंता आनंद कृष्ण आदि उपस्थित थे।



## मनरेगा कर्मी 21 को घेरेंगे मंत्री आवास

**डंडाई।** प्रखंड के मनरेगा कर्मचारी सोमवार को प्रखंड कार्यालय नहीं आएंगे। झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के आह्वान पर वे सभी आहूत एकदिवसीय कार्यक्रम के तहत राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथलेश ठाकुर के आवास का घेराव करेंगे। उस बाबत मनरेगा कर्मियों ने शनिवार को बीडीओ सोमा उरांव को लिखित आवेदन दिया है।




# गढ़वा में पहली बार होगा जेएससीए का एजीएम




**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आगामी 26 अगस्त को गढ़वा में आयोजित एजीएम को लेकर शनिवार को होटल पद्मावती में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इसमें गढ़वा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राज महेश्वरम एवं सचिव राघवेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि पहली बार गढ़वा में 26 अगस्त को होटल वीनस इंटरनेशनल में क्रिकेट एसोसिएशन का एजीएम आयोजन किया जायेगा, जिसमें क्रिकेट के विकास से संबंधित विषय विषय पर पूरे दिन भर चर्चा की जाएगी। इसमें गढ़वा जिला में स्टेडियम निर्माण की मांग भी रखी जाएगी। अध्यक्ष ने बताया कि जिला पहली बार इस तरह का आयोजन किया जा रहा जिसमें पूरे झारखंड के 24 जिलों से संघ के सचिव व अध्यक्ष के साथ झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष, सचिव व सभी कार्यकारणी सदस्यों के आने की सूचना है। सचिव ने बताया कि 300 से 350 की संख्या में लोग आएंगे। सभी लोगों को होटल वीनस में भी रखा जाएगा। यहां के खिलाड़ियों को आगे ले जाने के लिये जो भी कार्य करना होगा उसे किया जाएगा। क्रिकेट को बढ़ाने के लिये जो भी आधारभूत संरचना विकसित करना होगा वह किया जायेगा। प्रेस वार्ता में संरक्षक आलोक मिश्रा भी मौजूद थे।

# पंचायतों से संग्रहित मिट्टी जिला कार्यालय भेजी

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**
मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत मेराल प्रखंड के सभी 20 पंचायतों से एकत्रित मिट्टी को एक कलश में भरकर शनिवार को जिला कार्यालय को भेजा गया।

बीडीओ प्रवेश कुमार साव तथा प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी की अगुवाई में बड़ी संख्या में विभिन्न पंचायत के मुखिया, बीडीसी वार्ड, सदस्य तथा गणमान्य लोग इस अवसर पर उपस्थित थे। उपस्थित लोगों ने हाथ में कलश लेकर राष्ट्रगान गाकर तथा वंदे मातरम का नारा लगाते हुए देश के वीर, वीरांगनाओं के सम्मान में दिल्ली में बनाए जाने वाली स्मारिका पत्रिका के लिए मिट्टी को भेजा। बीडीओ तथा प्रखंड प्रमुख ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर चलाए जा रहे मेरी माटी मेरा देश अभियान देश के उन वीर वीरांगनाओं के सम्मान के लिए है जिन्होंने देश की आन बान शान की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया है। इस मौके पर मुखिया रामसागर महतो मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना राम उप मुखिया अली शेर अंसारी डॉक्टर लालमोहन, गोदाम प्रबंधक सतीश कुमार सिंह नरेगा बीपीओ फिरोज अंसारी अंचल निरीक्षक कपिल देव माझी, प्रखंड प्रधान सहायक नाजिर सुनील कुमार अंचल प्रधान सहायक मुरारी मिश्रा, आवास कोऑर्डिनेटर अभिषेक, वीरेंद्र महतो, रामजी राम, अजय ओझा, प्रेमचंद राम, राजेंद्र राम, भोलाराम, बिनेश मेहता आदि उपस्थित थे।







# समावेशी शिक्षा पर कार्यशाला आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वाधान में समावेशी शिक्षा अंतर्गत जिले के पेशरार प्रखंड के सभी प्राथमिक विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापकों और दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन अभिलाषा सभागार में किया गया। इसके अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के माता-पिता एवं समुदाय को संवेदीकृत कर समावेशी शिक्षा को सफल बनाने के लिए समाज के विभिन्न आयामों को समावेशी शिक्षा के प्रति जागरूक करने का सार्थक प्रयास किया गया। प्रभाग प्रभारी अशोक पांडेय ने सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी। मास्टर प्रशिक्षक सत्येंद्र प्रकाश सिंह व सतीश प्रजापति ने ऐसे बच्चों के सूक्ष्म अवलोकन करते हुए विद्यालयों में बनाए रखने हेतु उपाय एवं गृह आधारित गृह आधारित प्रशिक्षण प्रशिक्षण में कैसे जुड़ा जाना है इस पर विशेष चर्चा की गई। प्रतिभागियों की ओर से बच्चों को जोड़ने हेतु विश्वास दिलाया गया।







## धर्म-कर्म | धर्म सिर्फ आस्था की चीज नहीं, बल्कि एक मानक भी

# ‘अधर्मी भी चाहता है धर्म का लाभ’

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
जीयर स्वामी ने कहा कि धर्म सिर्फ आस्था की चीज नहीं, बल्कि एक मानक भी है। धर्म की सर्व व्यापकता का समयोचित लाभ सभी प्राप्त करना चाहते हैं। जिस व्यक्ति के जीवन में धैर्य, क्षमा, दम, अस्तेय, शौच, निग्रह, धी, सत्य का भाव एवं क्रोध पर नियंत्रण हो तो वह अपने को धार्मिक समझे। मनुस्मृति में धर्म के दस लक्षण दिए गए हैं। ये लक्षण जिस व्यक्ति में विद्यमान हो उसे अपने को धार्मिक समझना चाहिए। जिन नियमों पर व्यक्ति से लेकर विश्व की व्यवस्था टिकी हुई है, उनका निस्वार्थ। पालन करना सामान्य धर्म है। सृष्टिकर्ता के प्रति कृतज्ञता, भक्ति अर्पित करना मानव का परम धर्म है। जीयर स्वामी जी ने कहा कि नैमिषारण्य में व्यास गद्दी पर बैठे सूत जी, सुकदेव जी द्वारा राजा परीक्षित को भागवत कथा सुनाकर मुक्त किए जाने की बात कहीं गयी। सूत जी ने मंगलाचरण करते हुए कहा कि जैसे कीमती वस्तु की सुरक्षा हेतु एक गांठ से विश्वास नहीं होता। इसलिए दूसरा गांठ बांध दिया जाता है। उसी भाव से सूत जी ने दोबारा मंगलाचरण किया। जन्म, पालन, संहार और मोक्ष प्रदान करने वाले सर्व शक्तिमान, जिसके प्रकाश से संसार प्रकाशित है, वैसे सत्य स्वरुप का वंदन किया सत्य स्वरुप की सत्ता से अलग दुनिया के अस्तित्व की कामना संभव नहीं। वैसे भगवान वामन, नृसिंह, राम और श्रीकृष्ण के रुप में जाने जाने वाले परमात्मा का मैं वंदन करता हूं। धर्म की व्यापकता की परिधि का समयोचित लाभ बालक, युवा, वृद्ध, चोर, अपराधी, जुआड़ी और शराबी भी उठाना चाहते हैं। बालक जब कोई खेल खेलता है, तो दोस्तों को ईमानदारी से खेलने की नसीहत देता है। जुआ खेलने वाला भी बेईमानी नहीं करने की हिदायत देता है। शराबी भी दुकानदार को दो नंबर का शराब नहीं देने और कीमत अधिक नहीं लेने के व्यवसाय धर्म की सीख देता है। अपराधी कभी भी अपने परिजनों को अपराधी नहीं बनाना चाहता। यानी बुरा व्यक्ति भी धर्म की दुहाई और सीख देता है। कैकई ने धर्म की आड़ में दशरथ को राम का वनगमन के लिए बाध्य कर दिया। खेती व्यापार नौकरी, मकान और दुकान बनाना-चलाना धर्म है, जिसके द्वारा संसाधन व्यवस्था मिले है, उनके प्रति प्रेम एवं आदर की भावना करना परमधर्म है। मनुष्य घर-परिवार, पुत्र पुत्री, घन-वैभव और पद-प्रतिष्ठा को अपना मानते हैं, लेकिन उन सबको देने वाले, जिनके कारण वे इस दुनिया में हैं, उनको नहीं मानना ही आश्चर्य है। जो दैहिक, दैविक और भौतिक तापों का उन्मूलन करने वाले हैं, उन्हें भूलना नहीं चाहिए। सत्य शांति है व धर्म आनंद है। ऐसे सत्य एवं धर्म स्वरुप परमात्मा का नित्य वंदन करना चाहिए। परमात्मा धर्म के विग्रह ( मूर्त रूप) हैं।














## कोयला व्यवसायी सह भाजपा नेता की हत्या का खुलासा

# राजेंद्र साहू हत्याकांड में शूटर समेत चार उग्रवादी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष और कोयला व्यवसायी भाजपा नेता राजेंद्र प्रसाद साहू हत्याकांड का पुलिस ने शनिवार को खुलासा कर दिया। पुलिस ने हत्याकांड में शामिल दो शूटर समेत चार उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार उग्रवादियों में गढ़वा जिले के रहने वाले शूटर जितेंद्र विश्वकर्मा और शिवपूजन सिंह तथा गढ़वा निवासी अश्विनी कुमार सिंह और बालूमाथ के सेमरसोत गांव निवासी कुलदीप गंझू शामिल हैं, जो घटना की योजना बनाने में शामिल थे। पुलिस ने इनके पास से चार पिस्तौल, 30 जिंदा गोलियां, चार मैग्जीन, एक अपाची बाइक, चार मोबाइल फोन और कई अन्य सामान भी बरामद किये हैं।

शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि राजेंद्र साहू का उग्रवादी संगठन टीएसपीसी से पैसे के लेनदेन को लेकर कुछ विवाद चल रहा था। इस मामले को लेकर टीएसपीसी के जोनल कमांडर आक्रमण गंझू के कहने पर टीएसपीसी संगठन से जुड़े जितेंद्र विश्वकर्मा और शिवपूजन सिंह ने राजेंद्र साहू की रेकी करना शुरू कर दिया। जितेंद्र और शिवपूजन शूटर भी थे। इस पूरी योजना में अश्विनी कुमार सिंह और कुलदीप भी शामिल थे। 12 अगस्त को दोनों शूटर बालूमाथ स्थित राजेंद्र साहू के निजी कार्यालय के पास रेकी कर रहे थे। जब राजेंद्र साहू की नजर उन पर पड़ी तो दोनों शूटर बाइक से भागने लगे। राजेंद्र साहू ने अपनी स्कूटी पर बैठकर दोनों का पीछा किया था। इसी बीच मौका देखकर शूटरों ने राजेंद्र साहू को चार गोलियां मार दीं। एसपी ने बताया कि इस काम के लिए शूटर को आक्रमण गंझू ने 50 हजार की रकम भी दी थी। उन्होंने बताया कि जांच में पुलिस को कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारी भी मिली है। इसके आधार पर पुलिस आगे की जांच कर रही है। इस हत्या कांड के उद्भेदन में बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार, बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, हेरहंज थाना प्रभारी शुभम कुमार, मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह, बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह, सब इंस्पेक्टर नीतीश कुमार, कुबेर साव, धीरज कुमार, कैलाश बाड़ा, धर्मेंद्र कुमार महतो, राजकुमार तिग्गा समेत अन्य पुलिस अधिकारियों की भूमिका रही।

## विद्युत विभाग ने काटे 9 बकाएदारों के कनेक्शन

**गिद्धौर(चतरा)।** विद्युत विभाग ने शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के ड़ढुवा व गिद्धौर गांव में छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी विभाग के कनीय अभियंता तरुण कुमार के निर्देश पर संतोष कुमार, पंकज कुमार वर्मा, महावीर दांगी, विकास कुमार, मनीष कुमार व गोविंद कुमार आदि विद्युत कर्मी के द्वारा संयुक्त रुप से चलाकर ड़ढुवा गांव के 4 बकायेदार व गिद्धौर के 5 कुल 9 बकायेदारों का विद्युत कनेक्शन काटा गया। बकाइयेदारों के पास करीब दो लाख 92 हजार 5 सौ 96 रुपए बिजली बिल बकया है।

# हल्की बरसात भी नहीं झेल पायी नहर

### सिंचाई विभाग ने 3 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से बनायी थी



**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
प्रखंड अंतर्गत कार्मेल हॉस्पिटल रिगड़ीटांड पथ पर स्थित लघु सिंचाई विभाग द्वारा 3 करोड़ 20 लाख की लागत से बनायी गयी नहर हल्की बारिश भी नहीं झेल पायी और कार्मेल हॉस्पिटल से रिगड़ीटांड जाने वाला पथ टूट कर बह गया। इससे आवागमन पूर्णतः बाधित हो गया। वर्ष 2017 में कश्यप कन्स्ट्रक्शन द्वारा नकटी नदी नहर परियोजना से पूर्व कच्ची नहर को पक्कीकरण कराया गया, जिसकी लंबाई साढ़े तीन किलोमीटर थी, ताकि किसानों को कृषि कार्य के लिए पानी मिले। इसके निर्माण से किसान खुश थे। लेकिन करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद किसानों को निराशा हाथ लगी है, जहां घटिया एवं स्तरहीन निर्माण के चलते पक्की नहर का कंक्रीट पूर्व में भी कई जगह टूट चुका था। ग्रामीण विजय जायसवाल, अनिल कुमार, कृष्णा लोहरा, मुन्ना बड़ाईक बताते हैं कि नहर पक्कीकरण कार्यों में गुणवत्ता नहीं थी। अधिकारियों द्वारा इसकी मॉनिटरिंग कभी की नहीं गयी। किसानों के द्वारा शिकायत करने के बाद भी उनकी बातों को नजर अंदाज किया गया था। निर्माण कार्य एक साल में पूरा करना था, लेकिन संवेदक नहर पक्कीकरण का काम पांच वर्ष तक करता रहा। ग्रामीणों ने बताया कि खेत को पानी देने के लिए पैसा पानी की तरह बहाया गया, फिर भी नहर से खेतों को पानी नहीं मिला।

# पूर्व सैनिक वेलफेयर एसो. प्रखंड कमेटी का विस्तार



**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड(चतरा)**
पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोशिएशन झारखंड के तत्वाधान में मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय में आयोजित अमर-शहीद शक्ति सिंह के श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद पूर्व सैनिकों की बैठक हुई। इसमें चतरा जिला अध्यक्ष मोहन कुमार साहा के द्वारा प्रखंड कार्यकारिणी का विस्तार हेतु प्रस्ताव रखा गया। जिसको सर्वसम्मति से पारित करते हुये कार्यकारिणी का चुनाव कर मयूरहंड प्रखंड अध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह, उपाध्यक्ष रामकिंकर सिंह, कान्हाचट्टी प्रखंड अध्यक्ष लीलधारी साव, इटखोरी प्रखंड अध्यक्ष सियाराम सिंह, चौपारण प्रखंड अध्यक्ष सह सलाहकार चंद्र शेखर सिंह, उपाध्यक्ष सह सलाहकार बिनोद कुमार सिंह, सलाहकार मदन मोहन पांडेय चयानित किए गए। एसोशिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा ने नव चयनित अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्य तथा सलाहकार को बधाई दिया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा, उप कोषाध्यक्ष वासुदेव साहू, हजारीबाग जिलाध्यक्ष शंकर सिंह, चतरा जिला मीडिया प्रभारी रमन साहू, सिमरिया प्रखंड अध्यक्ष किशुन राम, बैजनाथ गुप्ता, उदय सिंह समेत कई पूर्व सैनिक उपस्थित थे।

# 100 से अधिक ग्रामीणों के मोतियाबिंद की जांच




**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के अंतर्गत मगध संघमित्रा क्षेत्र के मगध परियोजना के चमातु गांव में सीएसआर के तहत निःशुल्क विशेष अभियान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मोतियाबिंद परामर्श एवं इलाज के लिए गांधीनगर अस्पताल, सीसीएल, रांची की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर उतपला चक्रोवर्थि एवं उनकी चिकित्सा टीम ने 100 से अधिक ग्रामीणों के मोतियाबिंद की जांच की। इनमें 15 लोगों को गांधीनगर अस्पताल, सीसीएल, रांची भेजा गया जहां उनका मुफ्त में ऑपरेशन किया जायेगा। मगध परियोजना के परियोजना पदाधिकारी सदाला सत्यनारायणा, खान प्रबंधक मो. अकरम, मगध संघमित्रा क्षेत्र के क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रभा एवं परियोजना के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नीरज कुमार ने सभी का स्वागत किया। इस मौके पर मगध-संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेंद्र नाथ, गणेशपुर पंचायत के मुखिया परमेश्वर उरांव, मगध-संघमित्रा क्षेत्र के सीएसआर के नोडल अधिकारी दिग्विजय कुमार, सहायक प्रबंधक (कार्मिक ) आकाश वरुण आदि उपस्थित थे।

# शॉपिंग काम्प्लेक्स और सिलाई स्कूल का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**
एनटीपीसी की नॉर्थ करणपुरा विद्युत ताप परियोजना क्षेत्र टंडवा के एक दिवसीय दौरा पर शनिवार को क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक पार्थ मजुमदार पहुंचे। इस दौरान निदेशक ने ारियोजना के परिचालन में दक्षता, सुरक्षा प्रोटोकॉल, पर्यावरणीय पहल, सामुदायिक सहभागिता समेत अन्य मानकों की जानकारी ली। वहीं तमाम मानकों के अनुपालन में एनटीपीसी के स्थानीय प्रबंधन द्वारा खरा उतरने पर जीजीएम तेजेन्द्र गुप्ता व पूरी टीम को उन्होंने प्रशंसा किया।

इसके पश्चात परियोजना परिसर में निर्मित शॉपिंग काम्प्लेक्स मधुवन का बतौर विशिष्ट अतिथि श्री मजुमदार ने विधिवत उद्घाटन किया। इससे पूर्व विधिवत पूजार्चना प्रकाश पाठक द्वारा संपन्न कराई गई। शॉपिंग काम्प्लेक्स के संबंध में बताया गया कि अधिकारियों व कामगारों के लिए दैनिक जीवन में खरीददारी करने योग्य तमाम आवश्यक चीजें काम्प्लेक्स के अंदर मौजूद है। दूसरी ओर सीएसआर के तहत विस्थापित-प्रभावित परिवारों के कौशल विकास से स्वरोजगार सृजन करने हेतु सीएसआर मद से सिलाई सेंटर खोला गया। बताया गया कि वर्तमान में 15 महिलाओं को 9 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में ट्रेंडी डिजाइनों का सिलाई-बुनाई करना सिखाया जाएगा। इस दौरान वसुंधरा लेडिज क्लब अध्यक्षा महुआ मजूमदार, मीना गुप्ता, वरिष्ठ प्रबंधक अभिषेक आनंद, सीएसआर कार्यकारी अधिकारी एनए शिपो, कार्पोरेट संचार कार्यकारी अधिकारी मोहिनी कुमारी, फेलिक्स प्रफुल्ल तिर्की समेत गाडिलौंग, टंडवा व राहम पंचायत के मुखिया, परियोजनाओं के जीएम, एजीएम शामिल थे।

## संक्षिप्त

### मध्याह्न भोजन योजना के चावल की चोरी

**महुआडांड।** प्रखंड स्थित रा. प्रा. वि. काठो में मध्याह्न भोजन योजना के लिए लाये गये चावल की चोरी विद्यालय में ही पढ़ने वाले बच्चे दूसरे विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे के साथ मिलकर कर ली। चुराये चावल को विद्यालय समिति के ही अध्यक्ष सरजु प्रसाद की दूकान में बेच दी। घटना की सूचना विद्यालय के प्राचार्य सुखन नगेसिया के द्वारा बीआरसी कार्यालय में दे दी गई है। इस संबंध में प्राचार्य सुखन नगेसिया ने बताया कि दूसरे दिन मुझे इसकी जानकारी हुई तो पता चला कि उक्त चोरी के चावल को विद्यालय समिति के ही अध्यक्ष सरजु प्रसाद की दूकान में बेच दी गई है। इसे लेकर ग्राम सभा की बैठक भी रखी गई है। इसकी लिखित सूचना वे थाने में देंगे।

### युवा झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक आयोजित

**महुआडांड़।** डाक बंगला भवन में झारखंड मुक्ति मोर्चा की सभा हुयी। इसकी अध्यक्षता लातेहार युवा जिला सचिव परवेज आलम के द्वारा की गई। मुख्य अतिथि लातेहार युवा जिला अध्यक्ष रंजीत उरांव और लातेहार अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष वारिस अंसारी रहे। पार्टी की मजबूती एवं उत्थान के लिए चर्चा की गई। युवा ज़िला अध्यक्ष रंजित उराव, युवा ज़िला सचिव परवेज आलम, अल्पसंख्यक ज़िला अध्यक्ष वारिस अंसारी, गारु प्रखंड अध्यक्ष तवकिर मियां, चंदवा प्रखंड उपाध्यक्ष मो सरफराज, गारु मुखिया अजय टोप्पो, सरजू से उमेश सभा में पहुंचे। बैठक में प्रखंड सचिव साहिद अहमद उर्फ. भोलू, प्रखंड उपाध्यक्ष अंजर खान, पूर्व अल्पसंख्यक अध्यक्ष सैफ अली, अली असगर, बिक्रम शाह टोप्पो, मेहंदी हसन, अरशद अंसारी, अमृत टोप्पो मौजूद थे।

### महिला सुरक्षा पर हुयी जागरुकता कार्यशाला




**महुआडांड।** संत जेवियर्स महाविद्यालय में शनिवार को एंटी सेक्सुअल हैरेसमेंट सेल द्वारा यौन उत्पीड़न एवं महिला सुरक्षा जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में हजारीबाग जिला कोर्ट के अधिवक्ता शैजू थॉमस उपस्थित थे। महाविद्यालय के प्राचार्य फादर डॉ एम के जोस ने उनका अभिनंदन किया। थॉमस ने महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम -2013, लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम -2012, किशोर न्याय अधिनियम -2000 के विषय में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। साथ ही विद्यार्थियों को शारीरिक और मानसिक दंड देने की भी मनाही की। प्राचार्य ने कहा कि आधी आबादी की सुरक्षा और विकास से ही उन्नत समाज का निमार्ण किया जा सकता है। मौके पर इंटरनल ग्रीवांस सेल का भी गठन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. स्मिता तिग्गा ने किया। मौके पर सुरभी सिन्हा, खुर्शीद आलम, सिस्टर कैसलिन जुलियट, डॉ. समीर टोप्पो, सिस्टर लीजा, डॉ. प्यारी कुजूर, रोज एलिस, जफर इकबाल आदि उपस्थित थे।

### जनता दरबार में सीओ ने सुनी समस्याएं

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को सीओ जयशंकर पाठक के नेतृत्व में प्रखंड स्तरीय जनतादरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार उपायुक्त अबू इमरान के निदेर्शानुसार आयोजन किया गया था। जिसमें लोगों ने अपनी समस्याएं रखी। सीओ ने जमीन सम्बंधी पांच मामलों में चार का ऑन द सपोर्ट निष्पादन किया। जबकि एक मामले में कागजात की जांच कर जल्द ही निष्पादन करने की बात कही। जबकि दो वृद्धा अवस्था पेंशन से संबंधित आए मामले में बताया गया कि वृद्धा अवस्था पेंशन आवेदन की कागजात की जांच कर जल्द ही निष्पादन किया जाएगा। मौके पर प्रखंड स्तरीय सभी विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

### आवंटित सभी कार्यों को ससमय करें पूर्ण

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का की अध्यक्षता में शनिवार को जिला स्तरीय तकनीकी समिति की समीक्षात्मक बैठक विकास भवन के सभा कक्ष में हुई। जिसमें मुख्य रूप से तकनीकी विभागों के अन्तर्गत संचालित योजनाओं की अब तक कि स्थिति की समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश संबंधितों को दिया गया। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, नगर परिषद समेत अन्य तकनीकी विभागों का विभागवार बारी-बारी से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में बताया गया कि योजनाओं को पूर्ण करने में संवेदक के द्वारा लापरवाही बरती जा रही है तो वैसे संवेदक को चिन्हित करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करें। वन क्षेत्र में लंबित कार्यों को वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर कार्य पूर्ण करने, पेजजल व स्वच्छता प्रमंडल द्वारा संचालित हर घर नल योजना समय सीमा के अंदर शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

# विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किये गये सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। सिमरिया**
सिमरिया प्रखंड क्षेत्र के जबड़ा में संचालित आश्रम आवासीय विद्यालय में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में जल संरक्षण, वायु प्रदूषण एवं समाधान, सौर संयंत्र, दर्पण प्रतिबिंब, परावर्तन आपतन, सूक्ष्मदर्शी निर्माण आदि के मॉडल प्रस्तुत किए गए। साथ ही पाक शास्त्र में समोसा, जलेबी, पौष्टिक सलाद, खट्टी तीखी, खट्टी मीठी चटनी एवं पानी पूरी का आकर्षक स्टॉल लगाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बगरा हाई स्कूल के प्राचार्य पुण्य प्रकाश ने बच्चियों को भावी वैज्ञानिक बताया। साथ ही बगरा हाई स्कूल के शिक्षक श्रीकांत जी ने बालिकाओं से उनके प्रदर्श से संबंधित प्रश्न पूछे, जिसका उत्तर बच्चियों ने बड़े ही आत्म विश्वास के साथ दिया। निर्णायक मंडली के द्वारा निरीक्षण व परीक्षण किया गया और प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्राओं को आशीर्वचन के संग पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या जामवंती मिश्रा ने भारत की प्राचीन विज्ञान परंपरा का उल्लेख करते हुए भारत के गौरवशाली इतिहास और वैज्ञानिक भारतीय जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। इस आयोजन के प्रमुख विज्ञान के शिक्षक विश्वजीत सिंह का सराहनीय प्रयास रहा। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक उमेश, नवनीत, पंकज, रिया, पवन एवं नीलम का योगदान रहा।

# अवैध खनन, परिवहन की विशेष निगरानी का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
अवैध खनन पर त्वरित कार्रवाई हेतु शनिवार को प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित अंचल कार्यालय में एसडीपीओ दिलु लोहरा की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। इसमें अवैध खनन, परिवहन व भंडारण की रोकने के लिए बीडीओ राकेश सहाय ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। बैठक में छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, बरवाडीह सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सरदार, बरवाडीह वनपाल, प्रभारी अंचल निरीक्षक सुरेश राम, पूनम कुजूरआदि मौजूद रहे।

एसडीपीओ दिलु लोहरा ने कहा कि प्रखंड में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण से संबंधित शिकायत प्राप्त होने पर इस कार्य में शामिल लोगों पर त्वरित गति से कार्रवाई करें। प्राथमिकता के आधार पर ऐसे मामलों में प्राथमिकता के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करें, जिससे इस पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाई जा सकें। बैठक में सहाय ने कहा कि समय-समय पर अवैध खनन से जुड़े मामलों में कार्रवाई को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारियों और थाना प्रभारियों को निर्देश दिया जाता रहा है। इस मामले में और भी सक्रिय होकर लगातार अवैध खनन से जुड़े मामलों पर कार्रवाई करने की आवश्यकता है। साथ ही अवैध खनन की रोकथाम को लेकर पूरी तैयारी के साथ बरवाडीह थाना प्रभारी व छिपादोहर थाना प्रभारी से आपस में समन्वय स्थापित कर किसी भी सूचना पर अविलंब छापेमारी कर संबंधित के विरुद्ध कानूनी कार्रवाईकरने का निर्देश दिया गया।

## केवि में पीटीएम, टीचर ने अभिवावकों को दिये सुझाव

**लातेहार।** लातेहार के केंद्रीय विद्यालय में शनिवार को पैरेंट्स टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें बाल वाटिका से लेकर कक्षा 5 तक के विद्यार्थी के अभिभावक शामिल हुए। मीटिंग में शिक्षकों ने बच्चों के परफॉर्मेंस पर चर्चा की। साथ ही फर्स्ट टर्म के परिणाम अभिभावकों को बताया। जिन छात्रों के परिणाम निराशाजनक थे, उन बच्चों के अभिभावकों को घर पर पर ध्यान देने को कहा। शिक्षकों ने अभिभावकों से बच्चों को होम वर्क को पूरा कराने और पढ़ाई में बच्चों की मदद करने अपील की। 3 बी की क्लास टीचर ललिता कुमारी ने कहा कि हर बच्चों में सीखने की ललक होती है। अगर उन्हें सही प्रोत्साहन और मार्गदर्शन मिले तो वह भी अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने अपने बच्चों पर नियमित ध्यान देने एवं पठन-पाठन में सहयोग करने की अपील के अभिवावकों से की।

## परेशानी | ठेकेदार की लापरवाही से आवागमन ठप

# चिकनीकोना ग्राम टापू में हुयी तब्दील



**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड**
प्रखंड के ओरसापाठ पंचायत स्थित चिकनीकोना ग्राम ठेकेदार द्वारा कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने के टापू में तब्दील हो गया है। ग्राम में किसी भी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूर्णतः बाधित हो गया है, जिस कारण लोगों को आने जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, मरीजों को भी ढ़ो कर लाना ले जाना पड़ रहा है।

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत ग्रा. वि. वि.(ग्रा. का. मा.) कार्य प्रमंडल लातेहार के द्वारा मेढ़ारी से चिकनीकोना तक कुल लंबाई 1.6 कि.मी. पीसीसी रोड एवं पुल का निर्माण करना था। इस कार्य को करने का आदेश संवेदक एके एंड आरके कंपनी को दिया गया था। यह योजना वर्ष 2021-22 की योजना है। पर ठीकेदार के कार्य करने की गति इतनी धीमी है कि कार्य एग्रीमेंट किये हुए दो वर्ष होने को हैं परंतु अभी तक कार्य दस प्रतिशत भी नहीं किया है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत ग्रा. वि. वि.(ग्रा. का. मा.) कार्य प्रमंडल लातेहार के द्वारा संवेदक ए. के. एंड आर. के. कंपनी को महुआडांड प्रखंड में दो कार्य मेढ़ारी से चिकनीकोना पीसीसी रोड एवं पुल तथा तम्बोली से तिसीया तक पथ निर्माण आवंटित किया गया है। संवेदक ये दोनों कार्य आधा अधूरा छोड़कर फरार हैं। वहीं संबंधित विभाग की चुप्पी भी रहस्यमयी बनी हुई है।

चिकनीकोना ग्राम के ग्रामीण जय कुमार तुरी, सुरेश महतो, लालदीप महतो, सागर यादव, राजू उरांव आदि ने बताया कि हमारा ग्राम टापू में तब्दील हो गया है। हमे आने जाने में काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से ठेकेदार पर कारवाई करते हुए शीघ्र पथ निर्माण कराने की मांग की है।

# 'जर्जर सड़कों को दुरुस्त कराने की पहल की जा रही'



**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**
सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास का दावा है कि वर्षों से जर्जर मयूरहंड प्रखंड की सड़कों को दुरुस्त कराने की पहल की जा रही है। जल्द सड़कों का निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। दास अपने विधानसभा चुनाव प्रचार में मयूरहंड प्रखंड वासियों से वादा भी किया था कि प्रखंड क्षेत्र की जर्जर सडकों से निजात दिलाएंगे। बताया कि बहुप्रतिक्षत तेतरीया मोड से प्रखंड मुख्यालय मयूरहंड भाया सोकी तिलरा रोड मरम्मती कार्य को लेकर विभाग ने लगभग 18 करोड रुपये की लागत से बनाने के लिए टेंडर आमंत्रित किया है। ज्ञात हो कि आजादी के बाद पहली बार विधायक दास के अथक प्रयासों से मयूरहंड प्रखंड के मंझगावां चौक से गरवा सिमाने तक पक्की सड़क, जो पूर्व विधायक योगेंद्र नाथ बैठा का पैतृक गांव है, चौरीया से दिग्ही मोड के अलावा कदगावांखूर्द में पक्की सड़क बन रही। वहीं विधायक की माने तो गद्दा मोड़ से पेटादेरी, पंदनी से गुरुवाडी जर्जर सड़क मरम्मती कार्य की निविदा प्रक्रिया विभाग द्वारा पुरी कर ली गई है, जल्द ही टेंडर किया जाएगा। कुछ जर्जर सड़क में कार्य प्रारंभ हो चुका है और कुछ सड़क में कार्य प्रारंभ करवाने की विभागीय प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

## NEWS इन ब्रीफ

### देश में कितने लोग इंटरनेट चलाते हैं पीएम ने बताया

**नई दिल्ली।** क्या आप जानते हैं कि देश में कितने लोग इंटरनेट चलाते हैं। प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि देश में 85 करोड़ लोग इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं। बेंगलुरु में जी-20 देशों के डिजिटल इकॉनमी मिनस्टर्स की मीटिंग को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत उन देशों में है जहां डेटा की कॉस्ट बहुत कम है। उन्होंने कहा कि हमने गवर्नेंस को ट्रांसफोर्म करने के लिए टेक्नोलॉजी का सहारा लिया है और इसे ज्यादा एफिशियंट, समावेशी, तेज और पारदर्शी बनाया है।

### कैरेटलेन ट्रेडिंग में 4,600 करोड़ रुपये में 27% हिस्सेदारी खरीदेगी टाइटन

**नई दिल्ली।** टाटा ग्रुप के ज्वेलरी ब्रांड टाइटन की ओर से अपनी सब्सिडरी ज्वेलरी कंपनी कैरेटलेन ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड में 4,621 करोड़ रुपये में 27.18 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी खरीदने का फैसला है। इसके बाद कैरेटलेन में टाइटन की हिस्सेदारी बढ़कर 98.28 प्रतिशत हो जाएगी। बता दें, टाटा ग्रुप की कंपनी की ओर से सचेती और उनके परिवार के सदस्यों के पास मौजूद सभी शेयरों को खरीदने के लिए समझौता किया गया है। इससे टाइटन अपनी ऑनलाइन कारोबार को बढ़ाना चाहती है। कंपनी की ओर से बीएसई फाइलिंग में ये जानकारी दी गई है। टाइटन ने 4,621 करोड़ रुपये में 27.18 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी खरीदने का फैसला किया है। इसके बाद टाइटन की कैरेटलेन में हिस्सेदारी बढ़कर 98.28 प्रतिशत है। कैरेटलेन पूरी तरह से एक ऑनलाइन ज्वेलरी ब्रांड है। जो कि ऑनलाइन ही कारोबार करता है। कंपनी किफायती ज्वेलरी पर फोकस है। टाइटन की ओर से कैरेटलेन में 2016 में निवेश करना शुरू किया गया था। पिछले आठ वर्षों की साझेदारी में टाइटन के ज्वेलरी ब्रांड तनिष्क कैरेटलेन में काफी ग्रोथ दर्ज की गई है।

एलन मस्क, जेफ बेजोस, मुकेश अंबानी... सब पर भारी गौतम अडाणी

# एक झटके में कमाए 24281 करोड़



**अडाणी 63.8 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 20वें नंबर पर आ गए हैं**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी के लिए लंबे समय बाद गुड न्यूज आई है। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन ग्रुप की सभी दस लिस्टेड कंपनियों के शेयरों में तेजी रही। इसकी बदौलत अडाणी ने दोनों हाथों से कमाई की। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक उनकी नेटवर्थ में 2.92 अरब डॉलर यानी करीब 24281 करोड़ रुपये का उछाल आया। अडाणी दुनिया में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले अरबपति रहे। इसके साथ ही वह अमीरों की लिस्ट में दो स्थान की छलांग लगाते हुए एक बार फिर टॉप 20 में पहुंच गए हैं। शुक्रवार को दुनिया के टॉप 10 रईसों में से नौ की नेटवर्थ में गिरावट आई। अडाणी ग्रुप के शेयरों की वजह एक रिपोर्ट रही। इसमें दावा किया गया था कि आबू धाबी की नेशनल एनर्जी कंपनी पीजेएससी अडाणी ग्रुप में 2.5 अरब डॉलर का निवेश करने जा रही है। बस फिर क्या था, मार्केट खुलते ही अडाणी ग्रुप के शेयर रॉकेट बन गए। कई कंपनियों के शेयरों में कारोबार के दौरान 12 फीसदी तक तेजी आई। हालांकि बाद में अडाणी ग्रुप ने सफाई दी कि उसकी टाका के साथ ऐसी कोई बातचीत नहीं चल रही है। लेकिन तब तक काम हो चुका था। इसके साथ ही अडाणी ग्रुप का मार्केट कैप 11 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। फरवरी के बाद पहली बार ऐसा हुआ है। अडाणी 63.8 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 20वें नंबर पर आ गए हैं। एशिया में अब वह रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के बाद दूसरे नंबर पर हैं। चीन के झोंग शैनशैन इस लिस्ट में अब तीसरे नंबर पर खिसक गए हैं। शुक्रवार को उनकी नेटवर्थ में 1.05 अरब डॉलर की गिरावट आई। अडाणी एक समय दुनिया के अमीरों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर पहुंच गए थे। लेकिन 24 जनवरी को अमेरिका की शॉर्ट सेलिंग कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट के कारण उनकी नेटवर्थ में काफी गिरावट आई। इस साल उन्होंने 56.7 अरब डॉलर गंवाए हैं। इस बीच दुनिया के टॉप 10 रईसों में से नौ की नेटवर्थ में शुक्रवार को गिरावट रही। दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की नेटवर्थ में 2.67 अरब डॉलर की गिरावट आई और अब यह 205 अरब डॉलर रह गई है। इसी तरह बर्नार्ड आरनॉल्ट ने 1.56 अरब डॉलर, जेफ बेजोस ने 87.8 करोड़ डॉलर, बिल गेट्स ने 92.7 करोड़ डॉलर, वॉरेन बफे ने 28.2 करोड़ डॉलर, लैरी पेज ने दो अरब डॉलर, स्टीव बालमर ने 15.3 करोड़ डॉलर, सर्गेई ब्रिन ने 1.91 अरब डॉलर और मार्क जकरबर्ग ने 67 करोड़ डॉलर गंवाए। केवल लैरी एलिसन की नेटवर्थ में 1.09 अरब डॉलर की तेजी आई। अंबानी की नेटवर्थ में शुक्रवार को 68.7 करोड़ डॉलर का इजाफा हुआ।

### यूक्रेन से रूसी टैंकों का कबाड़ क्यों खरीद रहा ब्रिटेन

**लंदन।** यूक्रेन में चैलेंजर-2 टैंक के नष्ट होने से ब्रिटेन के होश उड़े हुए हैं। उसे अंदाजा नहीं था कि रूसी टैंक उसके अत्याधुनिक चैलेंजर-2 को आमने-सामने की लड़ाई में मात दे सकते हैं। ऐसे में अब ब्रिटेन अपने चैलेंजर-2 के बदले यूक्रेन में नष्ट हुए रूसी सेना के टैंकों का मलबा खरीद रहा है। इन ध्वस्त टैंकों को यूक्रेन से ब्रिटेन लाया जा रहा है, ताकि वैज्ञानिक यह समझ पाएं कि रूसी टैंकों में ऐसा क्या है, जिसने चैलेंजर-2 जैसे अत्याधुनिक हथियार को बर्बाद कर दिया। रूस ने दावा किया है कि उसने ब्रिटेन के चैलेंजर-2 के अलावा जर्मनी के लेपर्ड-2 टैंकों को भी बर्बाद कर दिया है। रूसी सेना ने बेकार पड़े लेपर्ड-2 टैंकों की तस्वीर भी जारी की थी।

## बैंक धोखाधड़ी मामले में ईडी ने 27 के खिलाफ आरोप पत्र किया दायर




**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को कहा कि एक बैंक धोखाधड़ी मामले में गणिन्दु मिल्क एंड मिल्क प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (जीएमएमपीएल) और सिद्धार्थ ग्रुप ऑफ कंपनीज की अन्य संबंधित संस्थाओं सहित 27 आरोपियों के खिलाफ गोवा के मापुसा में एक विशेष अदालत के समक्ष आरोप पत्र दायर किया है। ईडी के एक अधिकारी ने कहा कि अदालत ने भी मामले का संज्ञान लिया है। ईडी ने जीएमएमपीएल और अन्य से जुड़े बैंक धोखाधड़ी मामले में सीबीआई द्वारा शुरू की गई जांच के आधार पर पीएमएलए के तहत एक जांच शुरू की। ईडी की जांच से पता चला कि जीएमएमपीएल ने टेट्रा पैक मिल्क प्रोडक्शन यूनिट, विशेष रूप से अल्ट्रा-हीट ट्रीटमेंट प्लांट (यूएचटी) स्थापित करने के उद्देश्य से भारतीय स्टेट बैंक से 15 मार्च, 2011 को 34.20 करोड़ रुपये का टर्म लोन प्राप्त किया। जीएमएमपीएल ने बेईमान इरादों के साथ, यूएचटी मशीनरी की खरीद की आड़ में अवैध रूप से 20 करोड़ रुपये के टर्म लोन को अन्य संबंधित कंपनियों के बैंक खातों में स्थानांतरित कर दिया। इसी तरह, जीएमएमपीएल ने भारतीय स्टेट बैंक के साथ निबे लेटर ऑफ क्रेडिट (एलसी) खोला था और मक्खन की आपूर्ति के लिए कुल 19,01,98,670 रुपये की छूट दी गई थी। अधिकारी ने कहा, हालांकि, उक्त एलसी राशि का उपयोग मक्खन खरीद के इच्छित उद्देश्य के लिए नहीं किया गया था, बल्कि इसे अन्य संबंधित कंपनियों के बैंक खातों में भेज दिया गया था।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

### आवश्यक सूचना (नोटिस)

नाम–(1) काण्ड के प्रा0अभि0– प्राथमिकी अभियुक्त रशीद खान, पिता–सतार खान, सा0–मदरसा रोड, थाना+ जिला –गढ़वा, राज्य–झारखण्ड। एस0 सी0 /एस0टी0 गढ़वा थाना काण्ड सं0–04/2022, दिनांक –28.11.2022, धारा –341 /307/324/504 भा0द0वि0 एवं 3(1) (r) एवं 3 (1)(s) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के प्राथमिकी अभियुक्त रशीद खान, पिता–सतार खान, सा0–मदरसा रोड, थाना व जिला–गढ़वा, राज्य– झारखण्ड के प्राथमिकी अभियुक्त है, जो उक्त काण्ड में फिरार है। माननीय न्यायालय, गढ़वा से फिरार है, आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय, गढ़वा में अविलम्ब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR.NO.305052 Police(23-24):D



## Govt. of Jharkhand
## Office Of the Executive Officer Nagar Parishad, Garhwa

**Notice Inviting Tender**

**e-Tender Reference No. : GNP-01/2023-24 Dated : 18.08.2023**

The under signed invites overall percentage rate bid for the work of mentioned in table below through e-Procurement from eligible and approved contractor registered in appropriate class in state Government Department and only UDHD of Jharkhand.. The bid shall be submitted online in the Website http:// jharkhand tender.gov.in the bidder(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate:

| S.No. | Name of the Work | Estimated Cost(in Rs.) | Earnest Money (in Rs.) | Cost of tender paper (Rs.) | Time of completion | Name of the Concerned Office |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Construction Of PCC Road from (i) alahuddin house to alinagar main road -708' (ii)alinagar main road to anunla hose-492' (iii) Immudin ansari to yadutulah ansari house-1074' (iv) yale rasul khan to raju khalifa house-510'(v) aurang house to sakil khan-606' (vi) laddu khalifa to inteyaj ansari-560' (vii) sakina bibi house to alahuddin hasmi-295'(viii) Natar khan house to naimuddin ansari-140' under ward no. 1 | 9677084.00 | 193600.00 | 10000.00 | 06 ekg | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa |
| 2 | Construction Of PCC Road from (i) Lallu ram house to israil khan hosue-1000' (ii) suresh agrawal house to Prabha devi house- 460' (iii)monafa ansari house to imdad khanhouse-215'(iv) yasin khan house to samim ansari house -426'(v) saroj khan house to sabir khalifa house-770' (vi)shambhu ram house to jasmuddin ansari house-770'(vii) Manjhiaon main road (uchari) to jobraiya siwan -1400'under ward no. 1 | 9893782.00 | 198000.00 | 10000.00 | 06 ekg | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa |
| 3 | Construction Of PCC Road from (i) basant sharma house to tree of khajur-1312' (ii) tree of khajur to firoj abbasi house-688' (iii) late salim house to nausad khan house-590'(iv) imamudin chawal to bazar samiti hata near ojibul house-200' under ward no. 2 | 6138430.00 | 122800.00 | 10000.00 | 06 ekg | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa |
| 4 | Construction Of PCC Road from (i) Kishan Kumar Houses to Abhay Singh Houses vaya Bihari Bhagat Houses at sonpurwa-2250' under ward no. 3 | 4946929.00 | 99000.00 | 10000.00 | 06 ekg | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa |
| 5 | Construction Of PCC Road from (i)chandu guruji house to relway crosing and anil pandey house to uday paswan house 1607' (w-4)(ii) dhyanand aayurvedic school to dyaprasad jaiswal house- 130'(w-5)(iii) sarjan khan house to ayodhya prasad -305(w-6) | 4549746.00 | 91000.00 | 10000.00 | 06 ekg | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa |
| 6 | Construction Of PCC Road from (i)karuna nidhi house to arun diwedi house-590' (ii)surendra dubey house to vinay tiwari house-540'(iii)ramnarayan pandey house to vinay chaubey house-395'(iv) kamlesh chandravanshi house to aatma shukla house-610' (v)viru pal to kondu pal-196' (vi) rampal mahto to ramji mahto-445 under ward no. 13.(i)Rameshwer gaud house toshivnath singh hous cunder ward no 04 | 6716232.00 | 134500.00 | 10000.00 | 06 ekg | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa |
| 7 | Construction Of PCC Road from (i)arjun tiwari house to satyendra tiwari (danro nadi pull)-322' (ii) naval tiwari house to satyanarayan yadav house-260' (iii)ajay keshri to baban pandey-495' under ward no 15.(i) vijyatik house to sideshwer prasad house- 80'under ward no. 16 (i)gopal soni to brahm kunwa-180'(ii)tajendra mehta to umesh soni house-180'(iii) chapanal to jagdish prasad at dabgar muhlla-95' (iv) pradip das to kashinath keshar-210' (v) sarju ram to raju ram -150' under ward no. 18. (i) nandu mahto house to ketar mahto-165' (ii) guput mahto to abhaki mahto-196' (iii) bhagwan mahto house to ganesh mahtohouse-65' (iv) sonu soni to santosh soni house-160'(v) kamash paswan house to ramesh paswan house-165' (vi) s kumar saw to khakhan mahto house-132' (vii)midile school to chhotan mahto farm-196' under ward no.-19 | 6752349.00 | 135100.00 | 10000.00 | 06 ekg | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa |
| 8 | Construction Of PCC Road from (i)Unchri masjid to Haji Farid Houses -1000' (ii) Firoj Abbasi Houses to Belal Ansari Houses vaya Israil Ansari Houses | 4441359.00 | 89000.00 | 10000.00 | 06 ekg | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa |
| 9 | Construction Of PCC Road from (i)Basant Sharma Houses Vaya Khalil Ansari, , Basir Ansari ,Kousar Abbasi to Israil Ansari Houses -1600' (ii) Mansur Ansari Houses And Azad Ali Houses to Pidi -600' | 4874801.00 | 97500.00 | 10000.00 | 06 ekg | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa |
| 10 | Construction Of PCC Road from (i) Bechan Shop to Noushad Khan Houses-900' (ii) Mohibutullah khan Houses and Near Imammudin Ansari Housesand Akhtar Ansari Houses vaya Aobitullah Khan and Sipahi ji Houses to Moullana Soud Houses-1000' | 4224766.00 | 84500.00 | 10000.00 | 06 ekg | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa |
| 11 | Construction Of PCC Road from (i) Kundan Paswan HousesVaya Sunil Kamlapuri Houses to Pintu Tiwari Houses -1000' | 4224766.00 | 84500.00 | 10000.00 | 06 ekg | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa |
| 12 | Construction Of PCC Road from NH-75 to shivpuri colony Dr. Vernwal Hoses to Smt. Veena Pathak House to Amrendra singh houses vaya Shashi art to anil chaubey houses vaya munna singh houses - 2600' | 5521094.00 | 110500.00 | 10000.00 | 06 ekg | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa |

**Note :** Updated estimated cost should be considered for earnest Money.
2. Period of availability of tenders online\date & time bidding on-line\last date of seeking clarification/of opening of tender papers are as give below:

| Sl. No. | Procurement Officer | Place of Opening | Availability of tender on line for bidding | | Document Submission Date | Place, Date & time of opening bid. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F | G |
| | | | From | To | | |
| 1. | Executive officer ,Nagar Parishad, Garhwa | Place of the Executive officer ,Nagar Parishad, Garhwa | Date-**24.08.2023** Time 10:00 A.M | Date- 11.09.2023 Time 5:00 P.M. | 12.09.2023 Time 01:00 P.M. | N.P.G , Garhwa **Date 15.09.2023** Time 11:00 A.M |

**Note : 1.** Only e-Tender will be accepted.
2. Any change in BOQ can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
3. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
4. पथ निर्माण विभाग के संकल्प संख्या 2146(S) दिनांक 09.09.2020 के अनुसार 10 (दश) प्रतिशत से न्यून निविदाताओं के लिए Additional Performance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से
(i) 10 से 20% Below की राशि का 20% तथा (ii) 20% से अधिक Below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू रहेगा।
5. उक्त निविदा https://udhd.jharkhand.gov.in पर भी देखा जा सकता है।
6. Helpline Number of E-Procurement cell- 8409053313, 9431141644

Sd/-
EXECUTIVE OFFICER
NAGAR PARISHAD GARHWA

PR.NO.305047 Urban Development(23-24):D



## झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)
### एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- 47/2023-24 दिनांक :-18.08.2023

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-PAL-01/2023-24 | छत्तरपुर | 1 | शाहपुर से हरणी भाया करकट्ठा तक पथ की विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3.000 कि०मी०) | 1229.969 | बारह करोड़ उनतीस लाख छियानवे हजार नौ सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | छत्तरपुर | 2 | लालगढ़ा से सहियार तक पथ की विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 4.000 कि०मी०) | | | |
| | | छत्तरपुर | 3 | सहरसवा से चिरू तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3.000 कि०मी०) | | | |
| | | छत्तरपुर | 4 | एन०एच०–98 से सड़मा डैम भाया गुलाब चन्द्र प्रसाद डिग्री कॉलेज एवं सुन्दरी देवी अग्रवाल महिला कॉलेज सड़मा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 2.800 कि०मी०) | | | |
| | | छत्तरपुर | 5 | एन०एच०–98 से बटाने डैम भाया गोसाईडिह तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 5.220 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–**28.08.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:–**08.09.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **पलामू** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– **11.09.2023** अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीडपोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (**11.09.2023** अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–**12.09.2023** ,अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..................
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेटबैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंकड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **पलामू** के पक्ष में एवं **पलामू** में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नही जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची

PR 305004 Rural Work Department(23-24).D



## कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,चतरा

**(आवेदन–पत्र आमंत्रण सूचना)**

वित्तीय वर्ष 2023–24 में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) झारखण्ड रांची के राज्यादेश सं0 12 रा0 (वि0) दिनांक 06.07.2023 के द्वारा प्राप्त लक्ष्य के आलोक में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना अंतर्गत विभिन्न योजनाओं हेतु प्राप्त लक्ष्य के आलोक में सुयोग्य आवेदकों से आवेदन–पत्र आमंत्रित किया जाता है, जो निम्न है :–

| क्र0 स0 | योजना का नाम | भौतिक लक्ष्य (संख्या/लाख में) | ईकाई लागत (रू0) में | अनुदान की राशि प्रति ईकाई (रू0) में | लाभुक का अंशदान (रू0) में | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मत्स्यजीवी सहयोग समितियों एवं उनके सदस्यों के लिए नाव | 05 | 33000.00 | 30000.00 | 3000.00 | 1. यह योजना केवल जलाशय स्तरीय म0जी0 स0स0/सदस्यों को दी जायेगी। 2. आवेदन के साथ समिति के कार्यकारिणी बैठक की छायाप्रति लगाना होगा एवं आवेदन पर समिति के सचिव का अनुशंसा अनिवार्य है। 3. लाभुक चयन हेतु विभाग स्वंतत्र रहेगा तथा विभाग द्वारा लिये निणर्य को किसी भी न्यायलय में चुनौती नहीं दी जायेगी। |
| 2 | जलाशय मत्यजीवी सहयोग समितियों/सदस्यों/विस्थापितों/कोविड–19 के प्रवासी मजदूरों को जलाशय में शिकारमाही हेतु गिल नेट | 05 | 3190.00 | 2871.00 | 319.00 | 1. एक लाभुक को अधिकतम 05 कि0ग्रा0 गिल नेट का लाभ दिया जा सकता है। 2. लाभुक को अपना अंशदान लगाने की लिखित सहमति एवं विगत 02 वर्षो का मछली शिकारमाही का आकड़ा लिखित रूप से आवेदन के साथ लिया जायेगा। |
| 3 | पुराने रिवराईन फिश फार्मिंग | 10 | 25000 | 25000 | - | - |
| 4 | वर्ष 2021–22 तक पुराने केजों/विभागीय अनुदान से अधिष्ठापित RFF/बॉयोफ्लॉक तालाब/बायॉफ्लॉक टैंक में पंगेशियस/Gift तेलापिया/अन्य उपयुक्त बीज का संचयन | 14 | 1.50 | 1.50 | - | |

नोट :–
1. उपरोक्त योजनाओं के लिए इच्छुक लाभुक कार्यालय में आवेदन पत्र दिनांक : 31.08.2023 तक कार्यालय अवधि में आमंत्रित किये जाते है। आवेदन कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है।
2. क्र0सं0 03 एवं 04 में अंकित योजनाओं के लिए लाभुक को अनुदान की राशि संबंधित बैंक में Escrow Account में DBT के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी।
3. अंतिम रूप से चयनित होने के उपरांत लाभुकों को अपना अंशदान Escrow Account में एक माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा।
4. लाभुक अंशदान जमा होने के उपरांत ही लाभुकों को योजना का लाभ प्राप्त करने की अर्हत्ता प्राप्त होगी।
5. कार्य के अभिश्रव के आधार पर जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा लाभुक अंशदान एवं अनुदान की राशि कार्य एजेन्सियाँ/आपूर्त्तिकर्त्ताओं के बैंक खाता में एकमुश्त हस्तांतरित की जाएगी।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, चतरा

PR 305024Fish(23-24)#D



## झारखण्ड सरकार
## न्यायालय प्राधिकृत पदाधिकारी –सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, मेदिनीनगर,वन प्रमण्डल।

**उपस्थिति सूचना**

मेदिनीनगर वन प्रमण्डल, मेदिनीनगर के विभिन्न प्रक्षेत्रों अन्तर्गत वन अपराध में जप्त निम्नांकित वाहनों एवं वन पदार्थ के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, मेदिनीनगर वन प्रमण्डल के न्यायालय में निम्नवत् अधिहरण वाद की कार्यवाही विचाराधीन है :–

| क्र0 सं0 | कम्पलेन वाद संख्या | अधिहरण वाद संख्या | जप्त वाहन का प्रकार एवं निबंधन संख्या/इंजन संख्या/चेचीस संख्या | जप्त वन पदार्थ | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 519/2020 | 03/2022 | टेम्पू संख्या– JH-03D-4131 | 1 घन मीटर जलावन | 05.09.2023 |
| 02 | 269/2019 | 13/2022 | टेम्पू संख्या– शून्य, इंजन संख्या–S3A8096355, चेचिस संख्या–WBPA648354 टेम्पू संख्या– JH-03D-4873, टेम्पू संख्या– JH-03G-8621, टेम्पू संख्या– JH-03G-0732 | 8 घन मीटर जलावन | 05.09.2023 |
| 03 | 1626/2022 | 14/2022 | ट्रक संख्या–PB-65AN-1736 | 5 टन खैर काष्ठ | 05.09.2023 |
| 04 | 1217/2019 | 03/2023 | टेम्पू संख्या–शून्य, इंजन संख्या एवं चेचीस संख्या अपठनीय | 2 क्विंटल जलावन | 05.09.2023 |
| 05 | 806/2018 | 04/2023 | टेम्पू संख्या– JH-03E-0413 | 2 घन मीटर जलावन | 05.09.2023 |
| 06 | 687/2020 | 05/2023 | टेम्पू संख्या– JH-03C-2303 | 1 घन मीटर जलावन | 05.09.2023 |
| 07 | 895/2020 | 06/2023 | टेम्पू संख्या–शून्य, इंजन संख्या एवं चेचीस संख्या अपठनीय | 1 घन मीटर जलावन | 05.09.2023 |
| 08 | 2135/2022 | 16/2022 | ट्रैक्टर संख्या–JH-03AB-5110, टेलर संख्या– शून्य | 50 सी0एफ0टी0 पत्थर | 05.09.2023 |
| 09 | 1544/2019 | 18/2019 | – | शीशम बोटा–32 पीस, सीरिस बोटा–3 पीस, कहुआ बोटा–1 पीस, गम्हार बोटा–1 पीस | 05.09.2023 |
| 10 | 569/2021 | 05/2021 | – | करम बोटा–10 पीस | 05.09.2023 |

उपर्युक्त वादों की सुनवाई के क्रम में बार–बार नोटिस दिये जाने के बावजूद भी उक्त वाद के प्रतिवादियों द्वारा कारण पृच्छा समर्पित नहीं किया गया और न ही किसी अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत किया गया है।

समाचार पत्र के माध्यम से उपरोक्त वाद के प्रतिवादियों को सूचित किया जाता है, कि अधिहरण वाद की सुनवाई हेतु अंतिम तिथि 05.09.2023 को 11:00 बजे पूर्वाहन में निर्धारित किया गया है। प्राधिकृत पदाधिकारी सह वन प्रमण्डल पदाधिकारी, मेदिनीनगर वन प्रमण्डल के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा यह समझा जायेगा कि उक्त वाद के प्रतिवादियों को इस विषय में कुछ नहीं कहना है तथा एकतरफा सुनवाई करते हुए जप्त वाहन एवं वन पदार्थ को राज्यसात कर दिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
मेदिनीनगर वन प्रमण्डल।

PR 305010 (Forest, Environment and Climate Changes) 23-24 (D)

## एक नजर इधर भी

# यह 'श्योर प्योर और सिक्योर' है

**पूरी** दुनिया में पारम्परिक ऊर्जा के मुकाबले अक्षय ऊर्जा की मांग लगातार तेजी से बढ़ रही है। दरअसल वर्तमान में पूरी दुनिया पर्यावरण संबंधी गंभीर चुनौतियों से जूझ रही है और पारम्परिक ऊर्जा स्त्रोत इस समस्या को और ज्यादा विकराल बनाने में सहभागी बन रहे हैं, जबकि अक्षय ऊर्जा इन गंभीर चुनौतियों से निपटने में कारगर साबित हो सकती है। यही कारण है कि भारत में भी अक्षय ऊर्जा उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं और सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा इत्यादि का उत्पादन बढ़ाने के लिए बड़ी-बड़ी परियोजनाएं स्थापित की जा रही हैं। विभिन्न अवसरों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सौर ऊर्जा को 'श्योर, प्योर और सिक्योर' बताते हुए अक्षय ऊर्जा के महत्व को स्पष्ट रेखांकित कर चुके हैं। अक्षय ऊर्जा उत्पादन के मामले में भारत की यह बड़ी उपलब्धि मानी जा सकती है कि भारत दुनियाभर में अक्षय ऊर्जा उत्पादन में चौथे स्थान पर पहुंच चुका है। देश में अक्षय ऊर्जा को लेकर जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से ही वर्ष 2004 से प्रतिवर्ष 20 अगस्त को अक्षय ऊर्जा दिवस मनाया जाता है। प्रदूषणकारी और सीमित मात्रा में उपलब्ध पारम्परिक ऊर्जा स्त्रोतों के बजाय अक्षय ऊर्जा से ही ऊर्जा जरूरतें पूरी करने के लिए अब देश के विभिन्न हिस्सों में विभिन्न अक्षय ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की जा रही हैं। इन परियोजनाओं से उत्पादित होने वाली बिजली के कारण वातावरण में प्रतिवर्ष लाखों टन कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन कम होगा। अक्षय ऊर्जा उत्पादन के मामले में यह संतोषजनक स्थिति ही है कि भारत इस मामले में दुनिया का चौथा देश है और नई-नई अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के साथ तेजी से इस दिशा में आगे बढ़ रहा है। कर्नाटक के पावगाड़ा में दो हजार मेगावाट से अधिक क्षमता के सोलर पार्क सहित देश में रीवा से भी ज्यादा सौर ऊर्जा का उत्पादन कर रहे कुछ और सोलर पार्क भी देश में अक्षय ऊर्जा उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। बहरहाल, अक्षय ऊर्जा को लेकर यह जानना बहुत जरूरी है कि अक्षय ऊर्जा आखिर है क्या और इसके स्त्रोत कौन से हैं? इस संबंध में 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक में विस्तार से बताया गया है कि अक्षय ऊर्जा वह ऊर्जा है, जो असीमित और प्रदूषणरहित है या जिसका नवीकरण होता रहता है। ऊर्जा के ऐसे प्राकृतिक स्त्रोत, जिनका क्षय नहीं होता, अक्षय ऊर्जा के स्त्रोत कहे जाते हैं। अक्षय ऊर्जा के महत्वपूर्ण स्त्रोतों में सूर्य, जल, पवन, ज्वार-भाटा, भू-ताप इत्यादि प्रमुख हैं। उदाहरण के रूप में सौर ऊर्जा को ही लें। सूर्य सौर ऊर्जा का मुख्य स्त्रोत है, जिसकी रोशनी स्वतः ही पृथ्वी पर पहुंचती रहती है। यदि हम सूर्य की इस रोशनी को सौर ऊर्जा में परिवर्तित नहीं भी करते हैं, तब भी यह रोशनी तो पृथ्वी पर आती ही रहेगी लेकिन चूंकि सूर्य से प्राप्त होने वाली इस असीमित ऊर्जा के उपयोग से न तो यह ऊर्जा घटती है और न ही इससे पर्यावरण को किसी भी प्रकार की क्षति पहुंचती है, इसीलिए सूर्य से प्राप्त होने वाली इस ऊर्जा को अक्षय ऊर्जा कहा जाता है। ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन से बचाव के दृष्टिगत ही आज अक्षय ऊर्जा को अपनाना समय की सबसे बड़ी मांग है। दरअसल पूरी दुनिया इस समय पृथ्वी के बढ़ते तापमान और ग्लोबल वार्मिंग के कारण बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं को लेकर बेहद चिंतित है, इसीलिए कोयला, गैस, पैट्रोलियम पदार्थों जैसे ऊर्जा के परम्परागत स्त्रोतों के बजाय अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देना बेहद जरूरी है। भारत सहित कई प्रमुख देशों में अब थर्मल पावर प्लांटों में कोयले के इस्तेमाल को कम करते हुए सौर ऊर्जा तथा पवन ऊर्जा जैसे अक्षय ऊर्जा के महत्वपूर्ण स्त्रोतों का उपयोग किया जाने लगा है। दरअसल आज स्वच्छ वातावरण के लिए कोयला आधारित थर्मल पावर प्लांटों के बजाय क्लीन और ग्रीन एनर्जी की पूरी दुनिया को जरूरत है और इन्हीं जरूरतों को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री 'वन वर्ल्ड, वन सन, वन ग्रिड' की बात करते हुए इस ओर पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित कर चुके हैं। पिछले कुछ वर्षों में भारत में सौर ऊर्जा उत्पादन की क्षमता कई गुना बढ़ चुकी है।


■ **योगेश कुमार गोयल**

# संत लोंगोवाल ने शांति की अलख जगायी

**पंजाब** की माटी को प्रणम्य बनाने में अकाली आन्दोलन के प्रमुख एवं चर्चित सिख संत महापुरुष हरचंद सिंह लोंगोवाल का योगदान अविस्मरणीय है, उन्होंने पंजाब समस्या के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, हिंसा एवं आतंकवाद से लथपथ पंजाब की धरती में शांति स्थापना एवं अमनचैन के लिये उन्हें याद किया जायेगा। वे अखण्ड भारत एवं आदर्श एवं संतुलित समाज रचना के प्रेरक थे। वे धार्मिकता एवं राजनीति के समन्वयक महानायक थे। उन्होंने सिख राजनीति को नये आयाम दिये, घोर अन्धकार की स्थितिया में वे एक रोशनी बनकर सामने आये। हरचंद सिंह लोंगोवाल का जन्म 2 जनवरी 1932 को पटियाला रियासत, वर्तमान में पंजाब के संगरूर जिले के एक छोटे से ग्राम गिदरैनी में एक साधारण परिवार में हुआ। वे पंजाब में चल रहे आतंकवाद एवं हिंसा की जटिल स्थितियों के बीच सन 1980 में अकाली दल के अध्यक्ष थे। वे सिख समुदाय के बीच 'संतजी' के रूप में जाने जाते थे। उन्होंने संत जोधसिंहजी के मार्गदर्शन में सिख धर्मशास्त्र और सिख ग्रंथों का गहन अध्ययन किया और सिख संगीत का अभ्यास भी किया, इस तरह सिख धर्मगुरु बने। चूंकि उनके गुरु अकाली आंदोलन से जुड़े थे, इसलिये युवा हरचंद सिंह को उस समय राजनीतिक गतिविधियों ने भी प्रभावित किया था। अपने गुरु से मिले आध्यात्मिक-धार्मिक प्रशिक्षण एवं तत्कालिन राजनैतिक परिस्थितियों ने उन्हें आन्दोलित किया। यही कारण है कि उन्होंने पंजाब की व्यापक हिंसा एवं आतंकवाद की स्थितियों के बीच शांति, सद्भाव एवं अहिंसा को प्रतिष्ठित करने के व्यापक प्रयत्न किये। पंजाब की सर्वव्यापी उथल-पुथल में नित नये राजनीतिक समीकरण बन-बिगड़ रहे हैं, हिंसा एवं आतंक के भयानक दृश्य भारत की एकता एवं अखण्डता को विखंडित कर रहे थे, ऐसे जटिल दौर में सबकी नजरे संत लोंगोवाल पर टिकी रहती थी। संत लोंगोवाल का सक्रिय राजनीतिक जीवन जून 1964 में शुरू हुआ, जब उन्होंने हिमाचल प्रदेश में पोंटा साहिब की ऐतिहासिक स्थल पर सिख अधिकारों के लिए प्रदर्शन का नेतृत्व किया। 1965 में वे संगरूर जिले के अकाली दल के अध्यक्ष बने और शिरोमणि अकाली दल की कार्यकारी समिति के सदस्य बने। 1969 में वे पंजाब विधानसभा के लिए अकाली उम्मीदवार के रूप में चुने गये। 1980 में उन्हें अकाली दल का अध्यक्ष बनाया गया। उन्होंने सिख अधिकारों एवं उनकी समस्याओं के समाधान के लिये व्यापक संघर्ष किया। केन्द्र सरकार की सिख विरोधी नीतियों को लेकर संत लोंगोवाल ने तत्कालिन प्रधानमंत्री श्रीमती गांधी के साथ बातचीत की लेकिन यह वार्ता निराशाजनक रही। पंजाब में आतंकवादी गतिविधियां बढ़ती ही जा. रही थी, 1984 में आतंकवादियों ने स्वर्ण मन्दिर परिसर पर कब्जा कर लिया था। अनेक अकाली एवं सिख नेता, दर्शनार्थी एवं धार्मिक श्रद्धालु मन्दिर में फंस गये थे, जिनमें संत लोंगोवाल, एसजीपीसी प्रमुख गुरचरण सिंह टोहरा, जरनल सिंह भिंडरवाला और हजारों तीर्थयात्री थे। इन सबको आतंकवादियों से मुक्त कराने के लिये सेना ने ऑपरेशन ब्लू स्टार के रूप में बड़ी कार्रवाई की, 4-6 जून 1984 के बीच सेना का ऑपरेशन हुआ था। मंदिर में भिंडरवाला और उनके अधिकांश अनुयायियों की मौत हो गई थी। लेकिन संत लोंगोवाल उन सिख नेताओं में से एक थे जिन्हें बचाया गया था। मार्च 1985 में, अकाली पार्टी के नेतृत्व को नये प्रधानमंत्री राजीव गांधी के आदेश के तहत जेल से रिहा किया गया। स्थिति में सुधार और सिख मांगों के लिये वार्ता का माहौल निर्मित करने के प्रयास होने लगे। लेकिन पंजाब समस्या के समाधान दिशा में कोई सार्थक पहल नहीं हो पा रही थी, इन स्थितियों में अनेक माध्यमों से संत लोंगोवाल को समझौते के लिये प्रेरित करने के उपक्रम होते रहे। लेकिन आचार्य तुलसी ने पंजाब में शांति बनाये रखने के लिए अनेक साधु-साध्वियों के वर्गों को पंजाब भेजा, जिनमें मुनि विनयकुमार 'आलोक' अनेक खतरों के बीच भी शांति प्रयासों में जुटे थे। उन्होंने आतंकवाद की परवाह न करके साहस के साथ लोगों को अहिंसा और शांति का संदेश दिया। उस समय आचार्यश्री तुलसी का चातुर्मासिक प्रवास आमेट- राजस्थान में था। उन्हें पंजाब की समस्या विचलित किये हुए थी, वे इस समस्या का समाधान चाहते थे। उन्होंने अपने शांतिदूत शुभकरणजी दसाणी को एक संदेश देकर अकाली दल के अध्यक्ष संत हरचंदसिंह लोंगोवाल के पास भेजा। उस समय की परिस्थितियां ऐसी थीं कि अकाली नेता किसी भी स्तर पर किसी से बात करने को तैयार नहीं थे, लेकिन आचार्यश्री तुलसी के संदेश ने संत लोंगोवाल को प्रेरित किया और वे 9 जुलाई 1985 को आमेट आए। संत लोंगोवालजी के साथ वरिष्ठ अकाली नेता सुरजीतसिंह बरनाला, बलवंतसिंह, रामू वालिया आदि भी थे। संत लोंगोवालजी और अकाली नेताओं का आमेट पहुंचना देश के लिए बहुत बड़ी घटना थी। मैं उन दिनों आचार्य तुलसी के जनसम्पर्क अधिकारी के रूप में सक्रिय था। मेरे प्रयासों से समाचारपत्रों एवं टीवी आदि में विस्तार से इस घटना को प्रसारित किया गया। संत लोंगोवालजी आमेट में दो दिन रूके। पंजाब समस्या को सुलझाने एवं शांति-स्थापित करने के विविध पहलुओं पर उन्होंने बन्द कमरे में खुलकर आचार्यश्री तुलसी के साथ चर्चा की। उन चचाओं में मुझे भी बन्द कमरे में बन रहे इतिहास को देखने-समझने का दुर्लभ अवसर मिला। मैंने देखा संत लोंगोवाल आचार्यश्री तुलसी के अहिंसक व्यक्तित्व एवं आध्यात्मिक तेज से बहुत अधिक प्रभावित हुए और सार्वजनिक रूप से उन्होंने घोषणा की- हम आतंकवाद के विरोध में हैं। आतंकवादी लोगों के साथ हमारा कोई संबंध नहीं है। यदि केंद्रीय सरकार हमारी भावना का मूल्यांकन करे तो समस्या सुलझ सकती है।

**हरचंद सिंह लोंगोवाल का जन्म 2 जनवरी 1932 को पटियाला रियासत, वर्तमान में पंजाब के संगरूर जिले के एक छोटे से ग्राम गिदरैनी में एक साधारण परिवार में हुआ। वे पंजाब में चल रहे आतंकवाद एवं हिंसा की जटिल स्थितियों के बीच सन 1980 में अकाली दल के अध्यक्ष थे। वे सिख समुदाय के बीच 'संतजी' के रूप में जाने जाते थे।**

इन दिनों



ललित गर्ग

# सिल्वर स्क्रीन की पहली सितारा रुबी मायर्स उर्फ सुलोचना

**मूक** फिल्मों में सक्रिय रहे बहुत कम सितारे सवाक फिल्मों में अपना जलवा कायम रख पाये। इसमें सबसे बड़ा नाम रूबी मायर्स उर्फ सुलोचना का है। तीस और चालीस के दशक में जब हॉलीवुड में मर्लिन डेट्रिच और ग्रेटा गार्बो की धूम थी तो भारतीय सिनेमा में सुलोचना की धूम थी। उन्हें पहली सितारा नायिका कहलाने का गौरव हासिल है। उनकी फिल्मों का इंतजार हजारों भारतीयों को रहता था। पुणे में सन 1907 में जन्मी रूबी मायर्स असल में किसी कंपनी में टेलीफोन ऑपरेटर थी। वहीं उनकी खूबसूरती को देखकर कोहिनूर फिल्म कंपनी के निर्देशक मोहन भावनानी ने अपनी फिल्म वीरबाला (1925) में उन्हें नायिका के रूप में पेश किया। उस समय उनको इसके लिए 1000 की बड़ी राशि दी गई थी। उनकी भूरी आंखें होने के कारण मोहन भावनानी ने उनका नाम सुलोचना कर दिया था। यह वह दौर था जब अमूमन सिनेमा में स्त्री चरित्र तवायफ, एंग्लो इंडियन गर्ल्स या यूरेशियन लड़कियां निभाया करती थीं और उनके असली नाम इसलिए भी बदले जाते थे क्योंकि उस समय बनने वाली बहुत सी सामाजिक और धार्मिक फिल्मों में उनके असली नामों से दर्शकों को ऐतराज होता था। इसके बाद इंपीरियल फिल्म कंपनी ने उनको 5000 के वेतन पर अपने यहां रख लिया जो कि उस समय किसी अभिनेत्री को दी जाने वाली सबसे ज्यादा राशि थी। उस समय बंबई के गवर्नर का वेतन भी उनसे कम था। 1926 में उन्होंने सिनेमा क्वीन, गर्ल फ्रेंड, मुमताज महल, सम्राट शिलादित्य, टेलिफोन गर्ल, टायपिस्ट गर्ल, वांडरिंग फॅटम जैसी मूक फिल्मों में काम किया तो 1927 में अलीबाबा और 40 चोर, किक्स ऑफ किस्मत, सेक्रीफाइस, द डांसिंग गर्ल, द मिशन गर्ल, द नर्स, विलेज गर्ल, वाइल्ड केट ऑफ बाम्बे, 1928 में अनारकली, सेलेस्टियल लोटस, माधुरी, वेजिएस और 1929 में इंदिरा बीए, ज्वेल ऑफ राजपूताना, मैजिक फ्लूट, पंजाब मेल. स्वर्ड टू स्वर्ड आदि में काम किया। उनकी पहली बोलती फिल्म माधुरी 1932 में परदे पर आई और सुपरहिट रही। उन्होंने अपनी अधिकतर फिल्में दिनशा बिल्मोरिया के साथ की और उस समय फिल्म अनारकली और हीर रांझा में लंबे चुंबन तथा गहरे आलिंगन दृश्य देकर दर्शकों को अचंभित और रोमांचित किया। लोकप्रियता का आलम यह था कि अखबारों में जब भी उनकी फिल्मों के विज्ञापन निकलते तो उनका नाम बड़े टाइप में अलग से छापा जाता था। सन 1925 से 1947 के बीच उनकी 53 फिल्में प्रदर्शित हुई। इनमें से प्रमुख सवाक फिल्में थी, 1933 की डाकू की लड़की, सौभाग्य सुंदरी, 1934 की गुल सनोवर, इंदिरा एमए, मैजिक फ्लूट, पिया प्यारे ,1935 की अनारकली, दो घड़ी की मौज, पुजारिन, 1936 की बम्बई की बिल्ली, जंगल क्वीन, शान-ए-हिन्द ,1937 की जगत केसरी, न्यू सर्व लाइट, वाह री दुनिया,1939 की प्रेम की ज्योति, 1942 की आंख मिचौली,1943 की विष कन्या, शंकर पार्वती और 1946 की चमकती बिजली। दूसरे विश्वयुद्ध के बाद हिंदी सिनेमा का परिदृश्य बदला तो उनकी चमक फीकी पड़ गई । लेकिन इससे पहले सुलोचना की लोकप्रियता का आलम यह था कि उनकी अधिकतर मूक फिल्मों के सवाक युग में री-मेक बने और खूब चले। जैसे इंदिरा बीए (1929) इंदिरा एमए (1934) बनकर आई। अनारकली (1928) मूक थी। (1935) में नाचती गाती चली। वाइल्ड केट ऑफ बॉम्बे (1927) बम्बई की बिल्ली नाम से 1936 में रिलीज की गई। इस फिल्म में सुलोचना ने आठ विभिन्न किरदार निभाये। इम्पीरियल की इस फिल्म में सुलोचना बहादुर और दयालु लड़की के भेष में अमीरों से छीनकर गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करती हैं। सुलोचना ने अपने होम प्रोडक्शन रूबी पिक्चर्स की स्थापना भी की और इसके बैनर तले 1938 में प्रेम की ज्योति फिल्म भी बनाई । 1933 में सुलोचना नाम से भी फिल्म बनी थी। फिल्मिस्तान की लोकप्रिय फिल्म अनारकली में उन्होंने जोधाबाई का किरदार किया। सुलोचना जब रणजीत फिल्म कंपनी से रिटायर हुईं तो उनका वेतन 7500 था। 1960 के बाद बढ़ती उम्र और बदलते परिदृश्य के कारण उन्होंने कई फिल्मों में छोटे-मोटे रोल किये। इस्माइल मर्चेंट की महात्मा एंड द मेड बॉय (1974) में वह आखिरी बार दिखाई दी। फिल्म इंडस्ट्री में उनके महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए सुलोचना को 1974 में दादा साहेब फालके सम्मान दिया गया, तो एक लाख का चेक देखकर उनकी आखों में आसूं आ गये थे क्योंकि उस समय वे गुमनामी और अभाव भरा जीवन जी रहीं थीं।

**दूसरे विश्वयुद्ध के बाद हिंदी सिनेमा का परिदृश्य बदला तो उनकी चमक फीकी पड़ गई । लेकिन इससे पहले सुलोचना की लोकप्रियता का आलम यह था कि उनकी अधिकतर मूक फिल्मों के सवाक युग में री-मेक बने और खूब चले। जैसे इंदिरा बीए (1929) इंदिरा एमए (1934) बनकर आई। अनारकली (1928) मूक थी।**

■ **अजय कुमार शर्मा**

## है न विचित्र बात !

# फायर का एक्शन - अमेरिका में टेंशन

**आदि** अनादि काल से कुदरत का कहर जब टूटता है तो वह किसी राष्ट्र, देश, मानव, व्यक्ति या समाज को नहीं देखता बस अपना कहर बरसाकर सैकड़ो हजारों जीवों को लीलकर एक सन्नाटा छोड़कर चला जाता है, जो हम प्रत्यक्ष रूप में भारत सहित अनेको विकसित देशों में देख चुके हैं। हम ऐसा अनेकों पाठ्य संसाधनों में पढ़ चुके हैं कि इस प्राकृतिक आपदाओं का ज्ञाता मानवीय जीव ही है। दूसरे शब्दों में प्राकृतिक संसाधनों से छेड़छाड़ कर उन्हें जर्जर हालत में पहुंचने वाला मानवीय जीव है, जिसका परिणाम उनकी अगली पीढ़ियों को भुगतना पड़ रहा है, इसकी एक इकाई के रूप में जलवायु परिवर्तन समस्या में देखा जा रहा है, जिसपर सैकड़ो देशों ने मिलकर पेरिस समझौता किया है जिसके अनुसार सभी देश उत्सर्जन को काम करनें में लगे हुए हैं। भारत के हिमाचल प्रदेश में भी दिनांक 18 अगस्त 2023 को सरकार ने नोटिफिकेशन जारी कर आज राज्य आपदा घोषित की गई है। चूंकि पिछले अनेक दिनों से अमेरिका के हवाई द्वीप के जंगलों में आग का तांडव देखने को मिल रहा है जिसपर भारतीय दूतावास ने भी, दुखी हूं कहकर गहरा दुख व्यक्त करते हुए अमेरिका के साथ अपनी एकजुट व्यक्त की है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,अमेरिका में एक सदी के इतिहास में जंगलों में आग की सबसे भयानक घातक घटना। साथियों बात अगर हम अमेरिका में आग की करें तो, हवाई द्वीप के जंगलों में आग का तांडव देखने को मिल रहा है। आग इतनी ज्यादा है कि उसने कई शहरों को चपेट में ले लिया। हवाई स्थित माउई के सुरम्य शहर में लगी आग से अब तक 110 लोगों की मौत हो गई है। जंगलों में लगी आग अमेरिकी इतिहास में सदी की सबसे घातक आग की घटना बन गई है। नये आँकड़ों ने उत्तरी कैलिफोर्निया में 2018 कैंप फायर में मारे गये लोगों की संख्या को भी पार कर लिया है। उस हादसे में 85 लोग मारे गये थे। ऐसा आलम एक सदी पहले, 1918 में सूखाग्रस्त उत्तरी मिनेसोटा में लगी आग के दौरान देखा गया था जिसमें करीब 453 लोगों की मौत हो गई थी। आग कई इलाकों में फैल गई थी, जिसमें हजारों घर नष्ट हो गये थे और सैकड़ों लोग मारे गये थे। सोशल मीडिया पर सामने आई कई वीडियो पर हवाई के शहरों का बुरा हाल दिख रहा है। लाहैना शहर के अधिकांश हिस्से वीरान हो चुके हैं। इमारतें हो या कारें सब राख हैं। हजारों लोग मिल नहीं रहे हैं। हवाई द्वीप का लाहैना शहर पूरी तरह तबाह हो चुका है। हजारों गाड़ियां राख बन चुकी है, मकान खंडहर है और कई लोगों की जिंगदियां खत्म हो गई हैं। शहर की हजारों इमारतें आग की चपेट में आई हैं। माउई में कम से कम दो अन्य जगहों पर भी आग की लपटें पहुंच गई हैं। हालांकि, इससे अब तक किसी के मरने की सूचना नहीं है। दक्षिण माउई के किहेई और पहाड़ी क्षेत्र में ये आग लगी है। बताते चलें कि हवाई के माउई में स्थित लहैना में मंगलवार, 8 अगस्त को आग भड़क उठी थी जो अभी तक जारी है। आग लगने की वजह अभी साफ नहीं है। माना जा रहा है कि तापमान बढ़ने और तेज हवाओं से आग लगी है। आग के कारण पूरा ऐतिहासिक रिसॉर्ट शहर नष्ट हो गया। इस आग ने बड़ी-बड़ी बिल्डिंगों और गाड़ियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। मीडियम उपलब्ध जानकारी के अनुसार, लहैना के रेनोवेशन की लागत करीब 5.5 बिलियन डॉलर यानी 45 हजार करोड़ रुपये आंकी गई है। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, जंगलों की आग शहर के पेड़ों की जड़ों तक पहुंच चुकी है। हेलिकॉप्टरों से आग बुझाने के लिए पानी फेंके जाने के बावजुद जमीन के नीचे पेड़ों की जड़ें जल रही हैं, जिससे आग के फिर से फैलने का खतरा है,अधिकारियों और रेस्क्यू वर्कर्स ने माउई में 85 फीसदी आग पर काबू पा लिया है। गवर्नर के मुताबिक, हर दिन करीब 15 हजार लोगों को घर छोड़ना पड़ा है।

■ **किशन भावनानी गोंदिया**

# गुलाम नबी आजाद के मर्म को समझो

**गुलाम** नबी आजाद ने कहा है कि, 'इस्लाम का जन्म 1500 साल पहले हुआ था। भारत में कोई भी बाहरी नहीं है। हम सभी इसी देश के हैं। भारत के मुसलमान मूल रूप से हिंदू थे, बाद में मतांतरित हो गये।' कांग्रेस का साथ छोड़कर डेमोक्रेटिव प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) बनाने वाले जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद का बयान महत्वपूर्ण है। आजाद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा है, 'पहले कश्मीर में कोई मुसलमान नहीं था। वहां सभी कश्मीरी पंडित थे। भारत में कोई भी बाहरी नहीं है। हम सभी इस देश के हैं। हम बाहर से नहीं आये हैं। इसी मिट्टी की पैदावार हैं। इसी मिट्टी में खत्म होना है। हिन्दू धर्म प्राचीन है।' आजाद की यह वाकई महत्वपूर्ण और तटस्थ टिप्पणी है, क्योंकि हिन्दू संस्कृति एक है। अनेक रूपों वाली यह संस्कृति सर्वसमावेशी है। अपनी मूल आत्मा में एक है। भारत भूमि हजारों वर्ष से जिज्ञासा की तपस्थली रही है। ऋग्वेद के रचनाकाल से लेकर आधुनिक भारत तक यहां की मेधा ने अनुभूति और वैज्ञानिक विवेक का सारभूत ज्ञान रस संग्रहीत किया है। यहां पूर्व मीमांसा, वैशेषिक, न्याय, सांख्य, योग, व वेदान्त प्राचीन षट दर्शन हैं। बुद्ध और जैन को मिलाकर आठ दार्शनिक धाराएं हैं। गीता, उपनिषद् व ब्रह्म सूत्र दर्शन ग्रंथ हैं। रामायण और महाभारत महाकाव्य हैं। यह सामगान की धरती है। विश्व मानवता की हितैषी है यह। प्रकृति ने हिन्दुस्थान को बड़े प्यार से गढ़ा है। हिन्दू कीट पतिंग के प्रति भी संवेदनशील हैं। हिन्दुओं का सभी विचारधाराओ के प्रति आदर भाव है। सर्व पंथ समभाव हिन्दू जीवन रचना से ही विकसित हुआ है। हिन्दू वैदिक दर्शन के उत्तराधिकारी हैं। यहाँ उपनिषदों के रचनाकाल तक दर्शन आधारित धर्म का विकास हो चुका था। हिन्दू धर्म की व्यापकता ध्यान देने योग्य है। बृहदारण्यक उपनिषद् के ऋषि कहते हैं, 'जिससे सूर्य उदय और अस्त होते हैं, वे प्राण से उदित होते हैं, प्राण से ही अस्त होते हैं। इस धर्म को देवों ने बनाया है'। इस मंत्र में धर्म का अर्थ नियम है। हिन्दू धर्म का सतत विकास हुआ है। यहां दर्शन और वैज्ञानिक विवेक का जन्म पहले हुआ। धर्म का बाद में। जिज्ञासा और प्रश्नाकुलता हिन्दू धर्म व दर्शन की विशेषता है। यहां साधारण हिन्दू भी आस्था पर प्रश्न करते है और संवाद भी। प्रश्नाकुलता हिन्दू समाज की बड़ी पूंजी है। वैदिक ऋषियों ने प्रकृति का गहन अध्ययन किया था। प्राकृतिक नियम शाश्वत होते हैं। पूर्वज प्रकृति की नियमबद्धता से प्रेरित हुए थे। डॉ. पीवी काणे ने 'धर्म शास्त्र का इतिहास' के पहले भाग में लिखा है,'धर्म किसी संप्रदाय या मत का द्योतक नहीं है। यह जीवन का ढंग या आचार संहिता है। यह समाज या व्यक्ति के रूप में मनुष्य के कर्म और कृति को व्यवस्थित करता है'। यहां धर्म का आशय हिन्दू जीवन रचना से है। यह बिना जांचा परखा अंध विश्वास नहीं है। ऐसे विश्वास के लिए अंग्रेजी में 'बिलीवर' शब्द प्रयुक्त होता है। बिलीवर या विश्वासी तर्क नहीं करते। तर्क नहीं सुनते। वे अपने विश्वास दूसरों पर थोपने के लिए हिंसा को भी उचित ठहराते हैं। हिन्दू सभी पंथिक विश्वासों का सम्मान करते हैं। हिन्दुत्व मुक्त विचार का सार है। सत्य सार्वभौम सत्ता है और प्रकृति का संविधान ऋत भी। ऋत और सत्य प्रायः समानार्थी हैं। तैत्तिरीय उपनिषद् में संकल्प है 'ऋतं वदिष्यामि - ऋत बोलूंगा। सत्यं वदिष्यामि - सत्य बोलूंगा।' सत्य बोलना और धर्म का आचरण लोकमंगल की साधना है- सत्यंवद, धर्मं चर। धर्म की नींव का आधार प्रकृति के शाश्वत नियम हैं। धर्म को तार्किक परिणति तक विस्तृत करने वाले पूर्वज विलक्षण हैं। वे धर्म की व्यावहारिक आचार संहिता गढ़ते हैं लेकिन पंथिक मजहबी विश्वास की तरह धर्माचरण के लिए बाध्य नहीं करते। हिन्दू धर्म में तर्क, वाद-विवाद संवाद पर रोक नहीं है। प्राचीनकाल में धर्म तत्वों पर खुली बहस थी। विद्वानों की गोष्ठियां होती थीं। शास्त्रार्थ थे। धर्म के मूल तत्व पर भी संवाद थे। महाभारत के रचनाकाल में धर्म की तेजस्विता घटी थी। धर्म के निर्वचन में कठिनाई थी। महाभारत के यक्ष प्रश्न आधुनिक काल में भी लोकप्रिय है। यक्ष प्रश्नकर्ता था और पांचो पांडव उत्तरदाता। 4 पांडव उत्तर नहीं दे सके। युधिष्ठिर ने उत्तर दिये। महत्वपूर्ण प्रश्न था, 'का पंथाः -जीवन मार्ग क्या है'? युधिष्ठिर ने उत्तर दिया, 'तर्को अप्रतिष्ठा, श्रुतियो विभिन्नः, नैको ऋषिर्यस्य मतं प्रमाणं/धर्मस्य तत्व निहितं गुहायां, महाजनो येन गतः स पंथाः'- तर्क की प्रतिष्ठा नहीं। वेद वचन भिन्न भिन्न। अनेक ऋषि, अनेक मत प्रमाणं। धर्म तत्व अंतगुर्हा में है। जिस मार्ग से महापुरुष/ महाजन गये हैं वही उचित पंथ है। (महाभारत वन पर्व) यहां विचारों की मत भिन्नता है। दर्शन और वैज्ञानिक विवेक से यहां विश्ववरेण्य संस्कृति का विकास हुआ। जगत एक सुसंगत व्यवस्था है। धर्म इसी व्यवस्था को बनाये रखने की आचार संहिता है। कभी कभी इस व्यवस्था में गड़बड़ी आती है। गीताकार ने इसे 'धर्म की ग्लानि' कहा है, 'यदायदाहि धर्मस्य ग्लार्निभवति भारत'। धर्म के पराभव से अराजकता आती है। धर्म को फिर से व्यवस्थित करना प्रत्येक भारतवासी का कर्तव्य है। हिन्दू मन पूरे विश्व को परिवार मानता है। प्रकृति के अंश हैं हम सब। प्रकृति से हमारे व्यवहार की आत्मीयता हिन्दुत्व है। हिन्दू धर्म सम्पूर्णता के प्रति हमारा सत्यनिष्ठ आचरण और व्यवहार है। कठोपनिषद् में नचिकेता और यम के बीच प्रश्नोत्तर हैं। यम ने उसे सत्यधृति कहा है। नचिकेता ने यम से पूछा, 'जो धर्म से पृथक है, अधर्म से पृथक है, भूत भविष्य से भी पृथक है, कृपा कर के आप मुझे वही बताइये।' यहां धर्म राष्ट्र जीवन की आचार संहिता है। धर्म की साधना देशकाल के भीतर है। ऋग्वेद के साढ़े दस हजार मंत्रों में एक भी मंत्र धर्म पालन की जोर जबरदस्ती का निर्देश नहीं देता। वैदिक परंपरा का एक सुंदर शब्द है-व्रत। व्रत अर्थात संकल्प। लोकमंगल के कार्य करने का संकल्प व्रत है। वे प्रकृति के संविधान ऋत से कोई ऊपर नहीं है। वैदिक देवता भी व्रती हैं। (ऋ०3-7-8) व्रत की सुंदर परिभाषा है, 'ऋत के अनुसार चलना व्रत है'। (ऋ०3-4-7) अग्नि देव भी ऋत व्रती है। (ऋ०3-7-8) सूर्योदय के पूर्व ऊषा आती हैं। ऊषा भी ऋत का अनुसरण करती हैं। (ऋ० 3-61-1) ऋत का पालन धर्म है। देवता मनुष्यों के आराध्य हैं। लेकिन धर्म के नियमों से उन्हें कोई छूट नहीं है। सब धर्म व्रती हैं। हिन्दुत्व का दर्शन परिपूर्ण लोकतंत्री है। ईश्वर भी विमर्श के दायरे में है। लोकायत दर्शन अनीश्वरवादी रहा है। हिन्दुत्व में इसकी भी प्रतिष्ठा है। ईश्वर विश्वासी भी कई तरह के हैं। कुछ ईश्वर को सर्वोच्च शासक मानते हैं। अनेक विद्वान ईश्वर को कर्ता, भर्ता, दाता व विधाता मानते हैं। कुछ उसे सर्वव्यापी मानते हैं। हिन्दुत्व में सबका स्वीकार है। यास्क ने ठीक ही तर्क को देवता बताया था। हिन्दू होने का अपना आनंद है। **(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

**भारत भूमि हजारों वर्ष से जिज्ञासा की तपस्थली रही है। ऋग्वेद के रचनाकाल से लेकर आधुनिक भारत तक यहां की मेधा ने अनुभूति और वैज्ञानिक विवेक का सारभूत ज्ञान रस संग्रहीत किया है। यहां पूर्व मीमांसा, वैशेषिक, न्याय, सांख्य, योग, व वेदान्त प्राचीन षट दर्शन हैं। बुद्ध और जैन को मिलाकर आठ दार्शनिक धाराएं हैं।**

■ **हृदयनारायण दीक्षित**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट। - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



# पलामू के किसानों को जागरूक करने की जरूरत

पलामू के अधिकांश किसान जीवित नर-कंकाल सदृश दिखाई पड़ते हैं। आज का किसान संसार के अन्य पलामू के किसानों की अपेक्षा बहुत पिछड़ा हुआ है। किसान साल भर मेहनत करता है, अन्न पैदा करता है तथा ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर देशवासियों को खाद्यान्न प्रदान करता है। किंतु बदले में उसे मिलती है उपेक्षा। वह अन्नदाता होते हुए भी स्वयं भूखा और अधनंगा ही रहता है। वास्तव में, आज भी किसान दीनता की सजीव प्रतिमा है। उसके पैरों में जूते नहीं, शरीर पर कपड़े नहीं, चेहरे पर रौनक नहीं तथा शरीर में शक्ति भी नहीं होती। इसका मूल कारण है। कृषि की अवैज्ञानिक रीति संसार में विज्ञान ने इतनी उन्नति कर ली है। बस उन्हें जागरूकता करने की जरूरत है। जागरूक नहीं होने के कारण अधिकतर किसान आज भी पारंपरिक हल-बैल लेकर खेती करता है। सिंचाई के साधन भी उसके पास नहीं हैं। उसे अपनी खेती की सिंचाई के लिए वर्षा पर निर्भर रहना पड़ता है। तुलनात्मक रूप से वह अन्य देशों के किसानों की अपेक्षा मेहनत भी अधिक करता है, फिर भी अन्न कम ही उत्पन्न कर पाता है। किसान भी खेती के नये वैज्ञानिक युग में वैज्ञानिक सुविधाओं का लाभ किसान वर्ग को भी मिला है। पहले बुवाई, सिंचाई, कटाई आदि की वैज्ञानिक सुविधाएं नहीं थी। आज सब कुछ सरकार के द्वारा किसानों को बिजली, पानी, ट्रैक्टर आदि की सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो रही हैं। उन्हें सस्ती दरों पर सरकार से खेती के लिए ब्याज भी उपलब्ध हो रहा है। आज किसान मनचाहे ढंग से अपनी कृषि-भूमि का उपयोग कर सकते हैं। उन्हें भी कृषि-कार्य में अभूतपूर्व सफलता मिलेगी। इससे वे अपना जीवन-स्तर ऊंचा उठा सकेंगे। आज से पैंतीस वर्ष पहले के किसान और आज के किसान में बहुत अंतर आया है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात किसान के चेहरे पर कुछ खुशी देखने को मिली है। सरकार ने ही किसानों की ओर ध्यान देना शुरू किया है। उनके अभावों को कम करने के प्रयास में कई योजनाएं सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं। किसानों को समय-समय पर गांवों में ही कार्यशाला आयोजित कर कृषि विशेषज्ञों द्वारा कृषि क्षेत्र में हुए नये अनुसंधानों की जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा उन्हें रियायती दर पर उच्च स्तर के बीज, आधुनिक कृषि यंत्र, खाद आदि उपलब्ध कराये जा रहे हैं। उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने व व्यवसायिक खेती करने के लिए सरकार की ओर से बहुत कम ब्याज दर पर ऋण मुहैया कराया जा रहा है। खेतों में सिंचाई के लिए नहरों व नलकूपों का निर्माण कराया जा रहा है। इन सब कारणों के चलते किसान के जीवन स्तर में काफी सुधार आया है। उसकी आर्थिक स्थिति भी काफी हद तक अच्छा हुआ है। अशिक्षा के कारण ही किसान सामाजिक कुरीतियों, कुसंस्कारों में बुरी तरह जकड़े हुए हैं और पुरानी रूढ़ियों को तोड़ना पाप समझते हैं। सरकार को यदि किसानों के जीवन में सुधार लाना है तो सर्वप्रथम उन्हें शिक्षित करना चाहिए। गांव-गांव में शिक्षा का प्रसार करके अविद्या का नाश करना चाहिए। किसानों की शिक्षा के लिए रात्रि-पाठशालाएं तथा प्रौढ़-पाठशालाएं खोलनी चाहिए, जहां कृषि-कार्य से छुट्टी पाकर कृषक विद्या प्राप्त कर सकें। शिक्षा के द्वारा ही किसान समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने में सक्षम हो सकते हैं। किसानों को कृषि के वैज्ञानिक तरीकों से परिचित कराना चाहिए। जिससे वे केवल वर्षा पर ही निर्भर न रहें। गांव-गांव में सरकारी समितियां खुलनी चाहिए, जो किसानों को अच्छे बीज तथा उचित ऋण देकर उन्हें सूदखोरों से बचाएं।

❖ गुड्डू कुमार

**अन्नदाता होते हुए भी स्वयं भूखा और अधनंगा ही रहता है। वास्तव में, आज भी किसान दीनता की सजीव प्रतिमा है। उसके पैरों में जूते नहीं, शरीर पर कपड़े नहीं, चेहरे पर रौनक नहीं तथा शरीर में शक्ति भी नहीं होती। इसका मूल कारण है। कृषि की अवैज्ञानिक रीति संसार में विज्ञान ने इतनी उन्नति कर ली है। बस उन्हें जागरूकता करने की जरूरत है। जागरूक नहीं होने के कारण अधिकतर किसान आज भी पारंपरिक हल-बैल लेकर खेती करते हैं। सिंचाई के साधन भी उसके पास नहीं हैं। उसे अपनी खेती की सिंचाई के लिए वर्षा पर निर्भर रहना पड़ता है।**

## किसान का जीवन कभी अकाल, महामारी तो कभी बाढ़ या सूखे की चपेट में

पलामू के किसान इतना परोपकारी एवं मेहनती है कि वह अपने स्वार्थ व सुख की तनिक भी चिन्ता नहीं करता। किसान अपने मेहनतकश हाथों से अन्न के दानों और चावल व रोटी को तैयार करने वाला पलामू के किसान अपने कर्म में निरन्तर गतिशील रहता है। बरसते हुए पानी में रहकर अपने कर्म में बड़ी ही ईमानदारी एवं तत्परता से लगा रहता है। धरती के समूचे प्राणियों के जीवन के लिए अन्न उपजाने वाला होता है। उसका जीवन अत्यन्त सीधा-सादा है। शरीर पर धोती, कुर्ता, गमछा और नंगे पैर रहकर भी दूसरों के लिए अन्न उपजाना ही उसका ध्येय है। सूरज के उगने के साथ सायंकाल सूरज के डूबने तक खेतों में काम करना ही उसके जीवन की साधना है। घर पर अपने पशुओं की सेवा करने में भी वह जरा सी भी सुस्ती नहीं करता। इस दुनिया में कोई सा राज्य या देश हो चाहे वह एक विकसित देश क्यों ना हो या फिर एक गरीब देश क्यों ना हो पूरी दुनिया में हर एक देश में किसान एक सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति होता है। जिनके ऊपर पूरे देश निर्भर रहता है। उस देश के पूरी आबादी का जीवन किसानों पर निर्भर होता है। इस तरह एक किसान पूरी दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण लोगों में से एक है। जिनके ऊपर पूरी दुनिया निर्भर है। इस किसानों की वजह से ही हम लोगों को आराम से दो वक्त का भोजन मिलता है। हर इंसान को अपना जीवन जीने के लिए आवश्यकता होता है। लेकिन आज के किसान जमींदारों के कर्ज के बोझ तले दबा हुआ उसका जीवन कभी अकाल, तो कभी महामारी तो कभी बाढ़ या सूखे की चपेट में आ जाता है। परिवार के बोझ तले दबा उसका जीवन किसी बंधुआ मजूदर के जीवन से कुछ कम नहीं होता। सच कहा जाये, तो वह कर्ज में ही पैदा होता है और कर्ज में ही मर जाता है। उसके बैलों की प्यारी जोड़ी भी उसके हल के साथ बिक जाती है।

## तपस्या व त्याग का दूसरा नाम किसान



पलामू सहित अन्य राज्यों में भी इस समय धान की बुआई का कार्य न के बराबर हो रहा है। वहीं दूसरी ओर बारिश नहीं होने के कारण यहां देर से बुआई हो रही है। हमारा जिला एक कृषि प्रधान है। त्याग और तपस्या का दूसरा नाम है किसान। वह जीवन भर मिट्टी से सोना उत्पन्न करने की तपस्या करता रहता है। तपती धूप, कड़ाके की ठंड तथा मूसलाधार बारिश भी उसकी इस साधना को तोड़ नहीं पाते। हमारे पलामू सहित पूरे देश की लगभग सत्तर प्रतिशत आबादी आज भी गांवों में निवास करती है। जिनका मुख्य व्यवसाय कृषि है। इसलिए किसान को देश का एक सैनीक के रूप में भी माना जा सकता है। क्योंकि अगर हमारे देश की सीमा पर सैनिक नहीं होंगे तो हमारे देश दुश्मन हमारे देश के ऊपर हमला कर सकता है। इस तरह अपने देश में अगर किसान नहीं होंगे तो खेती नहीं हो सकती और खेती नहीं होगी तो अपने देश का घर एक नागरिक भूखा रह जाएगा। फिर चाहे वह सीमा पर लड़ रहा जवान क्यों नहीं हो। इसलिए पलामू के किसान इस समय धान की पारंपरिक तरीके से धान की रोपाई कर रहे हैं। यानी पहले किसान नर्सरी डालते हैं और पौधा तैयार होने पर तैयार खेत में रोपाई होती है। यहां ज्यादातर ग्रामीण खेती-बाड़ी का कार्य करते है। यहां के किसान धान फसल की सबसे अधिक फसल उगाते हैं। अब धान रोपाई का सबसे अच्छा समय चल रहा है। यह काम अपने आप में काफी खर्चिला होता है और काफी पानी लगता है। किसान अभी खरीफ फसलों की बुवाई-रोपाई के काम में लगे हैं। खरीफ सीजन की मुख्य फसलों में से एक धान है, जिसकी खेती किसान बड़े पैमाने पर करते हैं। पलामू उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा और पंजाब से लेकर देश के तमाम राज्यों के किसान फिलहाल धान की खेती की तैयारी में लगे हैं। खेती करने पर खेत की पहले कई बार जुताई करनी पड़ती है। इस काम के लिए ट्रैक्टर चलता है और धुआं निकलता है, जिससे खर्च बढ़ने के साथ ही पर्यावरण को नुकसान भी पहुंचता है। जिससे किसानों पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है।

❖ कुमारी रिया

## मौसम की दोहरी मार धान की खेती पर

60% की आबादी हमारे देश में कृषि के रूप में हैं, जो अपने मेहनत से फसलों को पैदा करते है और पूरे राष्ट्र के भोजन की आवश्यकता को पूरा करते हैं। हमारे पलामू में कृषि को एक महान पेशे के रूप में जाना जाता है, ऐसे पेशे में शामिल लोगों को अपनी आजीविका चलाने के लिए खेतों में काम करना पड़ता है, और ऐसे लोगों को ही किसान कहा जाता है। इन्हीं किसानों को देश का अन्नदाता कहा जाता है। किसान ही वह इंसान है, जो सूरज की तेज गर्मी, बारिश या तेज ठण्ड की परवाह किये बिना ही वह अपने खेतों पर फसलों को अपनी मेहनत से उगाने का काम करते हैं। पलामू में मौसम ने पूरी तरह करवट ले ली है। जिससे किसान के चेहरों पर मुस्कान नहीं दिखाई दे रही है। अगस्त के महीनों में मौसम बदलता है। यहां तक की बारिश होती रहती है और इसी भरोसे से खेतों में महंगे खाद एवं बीज लेकर कृषि से आय की संभावना को लेकर खेतों में लगाया जाता है। लेकिन पिछले दो तीन दिनों से फिर मौसम ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीर खींच दी है। हर रोज मौसम दिन भर बदलते दिखाई देता रहता। पलामू के किसानों का कहना है कि कुछ दिन पहले भी बेमौसम हो रही बारिश से खेतों में कटी हुई फसल भीग गई और तेज हवा की वजह से खड़ी फसल खेतो में गिर गई है। जिसकी वजह से किसानों को मौसम की दोहरी मार का सामना करना पड़ रहा है। इस समय पलामू में कुछ स्थानों धान के बिहन पानी बिना खराब हो रही है। ऐसे में बारिश के कारण फसलों में काफी हद तक नुकसान होगा। धान की फसल कुछ स्थानों पर रोपनी नहीं हुई है। कुछ जगह धान की बोआई का काम शुरू हो गया है तो कही कुछ दिनों में शुरू होने वाला है। ऐसे में पानी नहीं जमने से पूरा खेती ही बर्बाद हो गई है लेकिन बेमौसम बदलते किसान को चिन्ता और बढ़ती जा रही है। फसलों सहित हरी सब्जियां में काफी नुकसान हो सकता है। बेमौसम हो रही किसानो पर अब कहर बनती जा रही है।

## भाग्यवादी होना किसान की जीवन की सबसे बड़ी विडम्बना

कृषि कर्मक्षेत्र है, जहां केवल कर्म ही साथ देता है, भाग्य नहीं इसलिए पलामू किसान कृषि के दुःख दर्द और अभाव को बड़े ही साहस और हिम्मत के साथ सहता है। अभाव को बार-बार प्राप्त करने के कारण उसका जीवन ही उनका अभावग्रस्त हो गया है। उसने अपने जीवन को अभाव का सामना करने के लिए पूरी तरह से लगा दिया है। फिर भी वह अभावों से मुक्त न हो सका। पलामू के किसान अपने जीवन के अभावों से कभी भी मुक्त नहीं हो पाता हैं। इसका करण हैं, सर्वप्रथम उसकी संतुष्टि, अशिक्षा, अज्ञानता आदि है। इस कारण किसान आजीवन दुःखी और अभावग्रस्त रहता है। वह स्वयं तो अशिक्षित होता ही है अपनी संतान को भी इसी अभिशाप को झेलने के लिए विवश कर देता है। उसका पूरा परिवार अज्ञानता के भंवर में मंडराता रहता है। भाग्यवादी होना किसान की जीवन की सबसे बड़ी विडम्बना है। वह कृषि के उत्पादन और उसकी बरवादी को अपनी भाग्य और दुर्भाग्य की रेखा मानकर निराश हो जाता है। वह भाग्य के सहारे अकर्मण्य होकर बैठ जाता है। वह कभी भी नहीं सोचता है कि कृषि कर्मक्षेत्र है, जहां केवल कर्म ही साथ देता है, भाग्य नहीं। वह तो केवल यही मानकर चलता है कि कृषि-कर्म तो उसने कर दिया है, अब उत्पादन होना न होना तो विधाता के वश की बात है। उसके वश की बात नहीं हैं। इसलिए सूखा पड़ने पर, पाला मारने पर या ओले पड़ने पर वह चुपचाप ईश्वराधीन का पाठ पढ़ता है। इसके बाद तत्काल उसे क्या करना चाहिए या इससे पहले किस तरह से बचाव या निगरानी करनी चाहिए थी, इसके विषय में प्रायः भाग्यवादी बनकर वह निश्चिन्त बना रहता है।

## कृषि ही शक्ति है किसान की

किसान के जीवन में विश्राम के लिए कोई जगह नहीं है। वह निरंतर अपने कार्य में लगा रहता है। किसान चिलचिलाती धूप के दौरान तनिक भी विचलित नहीं होता। इसी तरह मूसलाधार बारिश या फिर कड़ाके की ठंड की परवाह किये बगैर किसान अपने कृषि कार्य में जुटा रहता है। कैसी भी बाधा उसे अपने कर्तव्यों से डिगा नहीं सकती। किसान हर रोज तड़के उठता है। अपने हल एवं बैल लेकर खेतों की ओर चला जाता है। वह कम दामों पर बेचता है। वह हमेशा सादा जीवन जीता है। साथ ही किसान हमेशा साधारण जीवन व्यतीत करने के बावजूद वह संतोषी प्रवृत्ति का होता है। इतना सब कुछ करने के बाद भी वह अपने जीवन की आवश्यकतायें पूरी नहीं कर पाता। अभाव में उत्पन्न होने वाला किसान अभाव में जीता है। अभाव में इस संसार से विदा ले लेता है। इसलिए किसान हमारे समाज के रीढ़ की हड्डी हैं। इसलिए उम्मीद के वजह से हम लोग सभी प्रकार का भोजन खा सकते हैं।

घन्टों खेत जोतता है। तत्पश्चात नाश्ता करता है। उसके घर-परिवार के सदस्य उसके लिये खेत में खाना लाते हैं। उसका खाना बहुत साधारण होता है। खाने के पश्चात पुनः वह अपने काम में व्यस्त हो जाता है। उनके जीवन में आराम नाम के चिज क्या होता है उन्हें पता ही नहीं। वह हमेशा से ही कठिन परिश्रम करता है। किन्तु कठिन परिश्रम के पश्चात भी उसे बहुत कम लाभ होता है। वह अपनी उपज को बाजार में बहुत जिस कारण हम लोग कभी भूखे नहीं रहते हैं जो उन्हीं की देन है। किसान की कृषि ही शक्ति और यही उसकी भक्ति है। प्राचीन काल से लेकर अब तक किसान का जीवन अभावों में ही गुजरा है। किसान मेहनती होने के साथ-साथ सादा जीवन व्यतीत करने वाला होता है। समय अभाव के कारण उसकी आवश्यकतायें भी बहुत सीमित होती हैं। उसकी सबसे बड़ी आवश्यकता पानी है। यदि समय पर वर्षा नहीं होती है तो किसान उदास हो जाते हैं। इनकी दिनचर्या रोजाना एक सी ही रहती है। किसान ब्रह्ममुहूर्त में सजग प्रहरी की भांति जग उठता है। एक कहावत है कि भारत की आत्मा किसान है जो गांवों में निवास करते हैं। किसान हमें खाद्यान्न देने के अलावा भारतीय संस्कृति और सभ्यता को भी सहेज कर रखे हुए हैं। यही कारण है कि शहरों की अपेक्षा गांवों में भारतीय संस्कृति और सभ्यता अधिक देखने को मिलती है।



❖ ओपी

संकलन : ओम प्रकाश प्रजापति

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### उद्योगपति रतन टाटा उद्योग रत्न पुरस्कार से सम्मानित



**मुंबई।** उद्योगपति रतन टाटा को महाराष्ट्र सरकार की ओर से शनिवार को उद्योग रत्न पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। रतन टाटा की तबीयत ठीक न होने की वजह से सूबे के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उप मुख्यमंत्री अजीत पवार ने रतन टाटा के आवास पर जाकर यह पुरस्कार उन्हें प्रदान किया। महाराष्ट्र में सर्वोच्च महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार साहित्य, कला, खेल और विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए दिया जाता है। इसी तर्ज पर इस वर्ष से उद्योग क्षेत्र में महती योगदान के लिए उद्योग रत्न पुरस्कार दिए जाने का फैसला राज्य सरकार ने लिया है और पहला पुरस्कार उद्योगपति रतन टाटा को दिया गया है।

### अमित शाह आज मध्यप्रदेश में

**भोपाल/ग्वालियर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज अपने एक दिवसीय मध्यप्रदेश प्रवास के दौरान राज्य सरकार का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करने के साथ भारतीय जनता पार्टी की ग्वालियर में होने वाली प्रदेश कार्यसमिति बैठक में शामिल होंगे। पार्टी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार शाह पहले राजधानी भोपाल आएंगे। यहां वे सरकार के कामकाज का लेखाजोखा प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद वे ग्वालियर पहुंच कर पार्टी की विस्तारित प्रदेश कार्यसमिति बैठक में उपस्थित रहेंगे।

### जम्मू-कश्मीर एसआईयू ने अवंतीपोरा में की छापेमारी

**श्रीनगर।** जम्मू एवं कश्मीर विशेष जांच इकाई (एसआईयू) ने आतंकवादी तत्वों पर अपनी कार्रवाई जारी रखते हुए अवंतीपोरा में छापेमारी की। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि अवंतीपोरा के वोपलवान निवासी आरोपी शेख सयुरल निसार के निजी आवास पर छापेमारी की गई और उचित एसओपी का पालन किया गया। पुलिस ने कहा, तलाशी के दौरान, प्रासंगिक जानकारी एकत्र की गई। इसके अलावा बैंक पासबुक, जिहाद से जुड़ी इस्लामी किताबें और अन्य आपत्तिजनक सामग्री एसआईयू अवंतीपोरा ने बरामद की।

## जी20 डिजिटल अर्थव्यवस्था कार्यकारी मंत्री समूह की बैठक, बोले पीएम

# भारत अपने अनुभव साझा करने को तैयार

**एजेंसी। बेंगलुरु**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत समाधानों के लिए एक आदर्श परीक्षण प्रयोगशाला है, साथ ही उन्होंने कहा कि जो उपाय देश में सफल साबित होते हैं उन्हें कहीं भी आसानी से लागू किया जा सकता है। बेंगलुरु में जी20 डिजिटल अर्थव्यवस्था कार्यकारी मंत्री समूह की बैठक को ऑनलाइन माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत का डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए एक सुरक्षित और समावेशी समाधान पेश करता है। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत एक विविधतापूर्ण देश है। हमारी दर्जनों भाषाएं और सैकड़ों बोलियां हैं। यहां दुनिया के सभी धर्मों के लोग रहते हैं और असंख्य सांस्कृतिक प्रथाओं का पालन होता है। भारत में प्राचीन परंपराओं से लेकर आधुनिक तकनीक तक, हर किसी के लिए कुछ न कुछ है। उन्होंने कहा कि इतनी विविधताएं होने के कारण भारत समाधान तलाशने के लिए एक आदर्श परीक्षण प्रयोगशाला है। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत में सफल साबित होने वाले उपायों को दुनियाभर में कहीं भी आसानी से लागू किया जा सकता है।

प्रधानमंत्री ने बैठक में मौजूद प्रतिनिधियों से कहा कि भारत दुनिया के साथ अपने अनुभव साझा करने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कोई पीछे नहीं छूटे यह सुनिश्चित करने के लिए देश ने ऑनलाइन एकीकृत डिजिटल बुनियादी ढांचा 'इंडिया स्टैक्स' बनाया है। उन्होंने डिजिटल अर्थव्यवस्था के बढ़ने के साथ ही इसके समक्ष पेश आने वाली सुरक्षा संबंधी चुनौतियों के प्रति जी20 प्रतिनिधियों को आगाह करते हुए सुरक्षित, विश्वसनीय और लचीली डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए जी20 उच्च स्तरीय सिद्धांतों पर सर्वसम्मति बनाने की जरूरत पर जोर दिया।

### जनधन खातों की संख्या 50 करोड़ के पार, पीएम मोदी ने की सराहना


**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनधन खातों की संख्या 50 करोड़ के पार पहुंचने को एक अहम पड़ाव करार दिया और इस उपलब्धि की सराहना की।



प्रधानमंत्री ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, यह देखकर खुशी हुई कि इनमें से आधे से अधिक खाते महिलाओं के हैं। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा था कि देश में जनधन खातों की कुल संख्या 50 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है, जिनमें से 56 फीसदी खाते महिलाओं के हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इनमें से लगभग 67 फीसदी खाते ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। इस उपलब्धि को एक अहम पड़ाव करार देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, यह देखकर खुशी हो रही है कि इनमें से आधे से अधिक खाते हमारी नारी शक्ति के हैं। 67 फीसदी खाते ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। हम यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि वित्तीय समावेश का लाभ हमारे देश के हर कोने तक पहुंचे। वित्त मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, जनधन खातों में कुल जमा राशि 2.03 लाख करोड़ रुपये से अधिक है, जबकि इन खातों के साथ लगभग 34 करोड़ रुपे कार्ड मुफ्त जारी किए गए हैं। मोदी सरकार ने 2014 में वित्तीय समावेश को बढ़ावा देने के लिए जनधन बैंक खाते खोलने के वास्ते बड़े पैमाने पर राष्ट्रव्यापी अभियान प्रारंभ किया था, जिसका उद्देश्य प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) सहित कई वित्तीय सेवाओं को गरीबों के लिए सुलभ बनाना था।

## 'द्वारका एक्सप्रेस-वे में सही सूचना लिखित में नहीं देने से हुई चूक'

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सड़क परिवजन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि द्वारका एक्सप्रेस-वे में कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ और इसकी लागत को लेकर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक(कैग) की रिपोर्ट में जो तथ्य सामने आए हैं, वह लिखित सूचना नहीं देने की चूक के कारण हुआ है। श्री गडकरी ने एक समाचार चैनल द्वारा यहां आयोजित कार्यक्रम के दौरान यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि उनका मंत्रालय पारदर्शी और निर्धारित तरीके से सड़कों के निर्माण का काम कर रहा है और एक काम में भी कहीं कोई भ्रष्टाचार हुआ हो तो इसके लिए वह कोई भी सजा भुगतने को तैयार हैं। द्वारका एक्सप्रेस-वे में सीएजी की रिपोर्ट में भ्रष्टाचार होने संबंधी आरोपों को खारित करते हुए उन्होंने कहा,ह्द्वारका एक्सप्रेस-वे स्टेट आफ आर्ट प्रोजेक्स है और इसकी कुल लम्बाई 29 किलोमीटर है। लेन के हिसाब से 563 किलोमीटर है। आठ लेन की इस सड़क में छह लेन की सुरंग है और इसकी लागत 250 करोड़ रुपए नहीं बल्कि 206 करोड़ रुपए थी।

उन्होंने कहा कि परियोजना में हर चरण पर कम लागत आने के लिए सभी कदम उठाए हैं। परियोजना के चार चरण के लिए चार टेंडर मंगाए गये और पहला पैकेज में पांच टेंडर आए और इसमें लागत पांच प्रतिशत कम हुई। दूसरे पैकेज में चार प्रतिशत ऊंची गई और तीसरे पैकेज के टेंडर में 12 कंपनियां शामिल हुई जबकि चौथे पैकेज में आठ प्रतिभागी थे। पूरे प्रोजक्ट में 12 प्रतिशत लागत कम हुई।

## लद्दाख से पैंगोग त्सो लेक के लिए बाइक से निकले राहुल गांधी

**एजेंसी। लेह**



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शनिवार को बाइक द्वारा लद्दाख से पैंगोंग त्सो लेक के लिए रवाना हुए। पैंगोग त्सो लेक पर रविवार (20 अगस्त) को अपने पिता एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 80वीं जयंती मनाएंगे। राहुल ने अपनी यात्रा के कुछ फोटो सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर शेयर किए। उन्होंने लिखा, पैंगोग त्सो लेक के रास्ते में हूं। मेरे पिता कहते थे कि यह दुनिया की सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है। पांच अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 एवं 35 (ए) हटाए जाने के बाद से राहुल गांधी की यह पहली लद्दाख यात्रा है। हालांकि राहुल ने इस साल की शुरूआत में दो बार श्रीनगर और जम्मू का दौरा किया था, लेकिन तब वह लद्दाख नहीं गए थे। पार्टी सूत्रों ने बताया कि राहुल गांधी गुरुवार को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख की दो दिवसीय यात्रा के लिए लेह पहुंचे, लेकिन उनका दौरा अब 25 अगस्त तक बढ़ा दिया गया है। दस सिंतबर को कारगिल में होने वाले हिल काउंसिल के चुनाव के मद्देनजर राहुल गांधी का यह दौरा महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कांग्रेस ने कारगिल हिल काउंसिल के चुनाव के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन किया है।

## विफल है केंद्र सरकार की 'उड़ान योजना' : खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया है कि केन्द्र सरकार की "उड़ान" योजना पूरी तरह विफल रही है। खड़गे ने शनिवार



को देश के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की ऑडिट रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि सस्ते किराए में हवाई यात्रा करवाने का दावा करने वाली केन्द्र सरकार की "उड़ान योजना" विफल रही है। मोदी सरकार का हवाई चप्पल पहन, हवाई सफर करने का वादा उनके हर वादे की तरह हवा-हवाई ही रहा है। उन्होंने कहा कि सीएजी की रिपोर्ट बताती है कि योजना के तहत 93 फीसदी रूट्स पर फ्लाइट का संचालन ही नहीं किया गया। खड़गे ने कहा कि इस योजना के तहत हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की जानी थी। वह भी संभव नहीं हो पाई है।

## आईसीएआर ने रिसर्च में प्राइवेट भागीदारी के प्रावधान को निरस्त करने की मांग की

**आरएनएम। नई दिल्ली**



भारतीय किसान संघ ने केन्द्र सरकार से आई सी ए आर द्वारा रिसर्च में प्राइवेट पब्लिक भागीदारी के प्रावधान को निरस्त करने की मांग की है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र ने बताया कि अभी हाल ही में आई सी ए आर द्वारा रिसर्च में प्राइवेट एजेंसियों के साथ भागीदारी कर रिसर्च करने की घोषणा की है। आई सी ए आर के वरिष्ठ वैज्ञानिक वर्षों से रिसर्च कार्य में लगे हुए हैं। इस प्रस्ताव के आने के बाद वह अपने आपको कमजोर व असहाय महसूस कर रहे है। श्री मिश्रा ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आई सी ए आर के रिसर्च में निजी एजेंसियों के भागीदारी प्रावधान के कारण सभी रिसर्च बड़े बड़े कारपोरेट हाउस के पास चला जायेगा और आई सी ए आर के नाम का गलत उपयोग होगा। इसलिये भारतीय किसान संघ मांग करता हैं कि आई सी ए आर को रिसर्च करने के लिये सरकार पर्याप्त राशि दें। जिससे वैज्ञानिक रिसर्च के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कर अपेक्षाकृत परिणाम दें सके।

## किसी के विरुद्ध सोशल मीडिया में अभद्र पोस्ट करने वालों पर सर्वोच्च न्यायालय का रुख कड़ा

**आरएनएम। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस बी आर गवई व जस्टिस प्रशांत कुमार की पीठ ने बीते शुक्रवार को सोशल मीडिया पर अभद्र और अपमानजनक पोस्ट को लेकर बीते शुक्रवार को एक याचिका पर सुनवाई की। जिसमें कहा कि सोशल मीडिया पर अपमानजनक पोस्ट करने वालों को सजा मिलनी जरूरी है। पीठ ने कहा कि ऐसे लोग माफी मांगकर आपराधिक कार्यवाही से नहीं बच सकते हैं। उन्हें अपने किए का नतीजा भुगतना होगा। न्यायालय ने 72 वर्षीय तमिल एक्टर और पूर्व विधायक एस वे शेखर के विरूद्ध दर्ज मामले को खारिज करने से इनकार कर दिया। शेखर के विरूद्ध महिला पत्रकारों पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का केस दर्ज है।यह मामला 2018 का है।

शेखर ने अपने फेसबुक पर महिला पत्रकारों को टारगेट करते हुए आपत्तिजनक पोस्ट किया था। दरअसल एक महिला पत्रकार ने तमिलनाडु के तत्कालीन गवर्नर बनवारी लाल पुरोहित पर अभद्रता का आरोप लगाया था। शेखर ने महिला पत्रकार के इसी आरोप को लेकर अपनी राय दी थी। उनके इस पोस्ट के बाद काफी विवाद हुआ था। डीएमके ने उनके इस्तीफे की मांग की थी। शेखर ने बाद में माफी मांगी थी और पोस्ट भी डिलीट कर दिया था, लेकिन इस पोस्ट को लेकर उनके खिलाफ तमिलनाडु में केस दर्ज किए गए थे।

**शेखर के वकील:** जैसे ही उन्हें (शेखर) को अपनी गलती का अहसास हुआ, उन्होंने तुरंत अपना पोस्ट डिलीट किया और बिना शर्त माफी मांगी। एक्टर ने किसी और का पोस्ट शेयर किया था। उस समय उनकी नजर धुंधली थी, क्योंकि उन्होंने आंखों में दवाई डाली हुई थी। इसकी वजह से वे देख नहीं पाए कि पोस्ट में क्या लिखा था। शेखर को सोशल मीडिया पर बहुत लोग फॉलो करते हैं, जिसकी वजह से पोस्ट शेयर करते ही वो वायरल हो गया। जस्टिस बी आर गवई व जस्टिस प्रशांत कुमार ने कहा-शेखर ने आखिर बिना पढ़े सोशल मीडिया पर कैसे कंटेंट पोस्ट कर दिया।




## अभिषेक बच्चन की फिल्म 'घूमर' का निराशाजनक प्रदर्शन

**अभिषेक** बच्चन और सैयामी खेर स्टारर 'घूमर' 18 अगस्त को रिलीज हुई।



इस फिल्म को लेकर पिछले कुछ दिनों से काफी चर्चा हो रही थी। एक्टर जमकर फिल्म का प्रमोशन कर रहे थे। इसी बीच शुक्रवार को रिलीज हुई फिल्म की पहले दिन की कमाई सामने आ गई है। बॉक्स ऑफिस पर 'गदर 2' इस समय धमाल मचा रही है। वहीं फिल्म 'ओएमजी 2' अभी भी सिनेमाघरों में चल रही है। इस बीच 'घूमर' रिलीज हुई। 'घूमर' को पहले से चल रही दो फिल्मों से मुकाबला करना पड़ा। अभिषेक बच्चन की 'घूमर' को जबरदस्त रिव्यू मिले हैं, लेकिन फिल्म सनी देओल की "गदर 2" के सामने टिक नहीं पाई। ऐसे में अच्छे कंटेंट के बावजूद 'घूमर' को सिनेमाघरों में दर्शक नहीं मिले हैं।

### 'गदर 2' ने पार किया 300 करोड़ का आंकड़ा



**अनिल शर्मा** निर्देशित 'गदर 2' तीन सौ करोड़ के क्लब में शामिल हो गई है। फिल्म ने रिलीज के दूसरे शुक्रवार को घरेलू बॉक्स ऑफिस पर करीब 20 करोड़ का कलेक्शन किया है। 11 अगस्त को सनी देओल की फिल्म 'गदर 2' सिनेमाघरों में रिलीज हुई, जिसका मुकाबला अक्षय कुमार की 'ओएमजी 2' से है। लेकिन 'गदर 2' बाकी फिल्मों को पछाड़ कर बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही है। "सैक्निल्क" की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने आठवें दिन भारत में कुल 19.50 करोड़ का बिजनेस किया है। पहले हफ्ते में "गदर 2" ने 284.63 करोड़ का कलेक्शन किया था। आठवें दिन के कलेक्शन के बाद फिल्म का कुल आंकड़ा 304.13 करोड़ पहुंच गया है।

## मलाइका-अर्जुन कपूर के ब्रेकअप की चर्चा तेज

**बॉलीवुड** के 'मोस्ट रोमांटिक कपल' कहे जाने वाले एक्टर अर्जुन कपूर और एक्ट्रेस मलायका अरोड़ा के बीच फिलहाल दूरियां बताई जा रही हैं। मलायका और अर्जुन करीब 4 साल से साथ हैं। दोनों सोशल मीडिया पर इतने एक्टिव हैं कि आए दिन अपनी बोल्ड और रोमांटिक तस्वीरें शेयर करते रहते हैं। मलायका और अर्जुन कपूर अक्सर सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के प्रति अपना प्यार जाहिर करते नजर आते हैं। हालांकि, अब दोनों के बीच ब्रेकअप की चर्चा शुरू हो गई है। एक तरफ जहां अर्जुन कपूर अकेले अपनी वेकेशन एन्जॉय कर रहे हैं। दूसरी ओर मलायका भी अर्जुन को छोड़ ओरहान के साथ पार्टी करती नजर आ रही हैं। मलाइका और अर्जुन की ये पोस्ट देखने के बाद उनके फैंस सोच रहे हैं कि क्या अब ये दोनों अलग हो गए हैं। अभिनेता



अर्जुन कपूर अकेले ही अपनी छुट्टियों का आनंद ले रहे हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपने सोलो वेकेशन की तस्वीरें शेयर की हैं। तो हाल ही में एक्ट्रेस मलायका अरोड़ा की कुछ नई तस्वीरें सामने आई हैं। तस्वीरों में वह बॉलीवुड स्टार्स के चहेते कॉमन फ्रेंड अउरी उर्फ ओरहान के साथ देर रात पार्टी करती नजर आ रही हैं।

## मिशन 2024 — भाजपा लगातार तीसरी बार चुनाव जीतने की तैयारी में जुटी

# विपक्षी दलों के गढ़ में सेंध लगाने की कोशिश

**एजेंसी। नई दिल्ली**



2024 के लोकसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार जीत कर केंद्र में सरकार बनाने के मिशन में जुटी भाजपा ने अपना चुनावी प्लान तैयार कर उसे अमलीजामा पहनाना या यूं कहें की जमीनी धरातल पर उतारना शुरू कर दिया है। बड़े स्तर पर भाजपा की रणनीति की बात की जाए तो विपक्षी गठबंधन की तैयारियों को देखते हुए भाजपा 50 प्रतिशत प्लस वोट बैंक हासिल करने की रणनीति पर काम कर रही है। पार्टी की योजना जहां एक तरफ अपने मजबूत गढ़ों को बचाना है तो वहीं इसके साथ-साथ ही विपक्षी दलों के मजबूत गढ़ों में सेंध भी लगानी है।

पार्टी 2019 में साथ मिलकर लड़े और अभी विपक्षियों के साथ खड़े नीतीश कुमार और उद्धव ठाकरे को भी सबक सिखाना चाहती है।

2019 में हुए लोकसभा चुनाव के नतीजों की बात करें तो भाजपा ने सहयोगी दल अपना दल (एस) के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश की 80 में से 64 सीटों पर जीत हासिल की थी। पिछली बार हारने वाली 16 सीटों पर भी भाजपा इस बार विशेष ध्यान दे रही है।

महाराष्ट्र में भाजपा ने शिवसेना के साथ मिलकर प्रदेश की 48 लोकसभा सीटों में से 41 पर जीत हासिल की थी। आज उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना इंडिया गठबंधन में शामिल है। इसलिए भाजपा एकनाथ शिंदे वाली शिवसेना और अजित पवार के साथ मिलकर महाराष्ट्र की सभी 48 सीटों पर जीत हासिल करने की रणनीति पर काम कर रही है।

भाजपा ने बिहार में 2019 में जेडीयू और लोजपा के साथ मिलकर राज्य की 40 सीटों में से 39 सीटों पर जीत हासिल की थी। लेकिन आज 16 सीटें जीतने वाले नीतीश कुमार विपक्षी खेमे में हैं। भाजपा नीतीश कुमार के वोट बैंक एवं सांसदों में सेंध लगाने के साथ ही जमीनी स्तर पर जातीय समीकरणों को साधते हुए इस बार भी पिछला प्रदर्शन दोहराना चाहती है।

पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने मध्य प्रदेश की 29 में से 28 , कर्नाटक की 28 में से 25, गुजरात की 26 में से सभी 26, राजस्थान की 25 में से सभी 25 (सहयोगी दल के साथ मिलकर), हरियाणा की 10 में से सभी 10, उत्तराखंड की 5 में से सभी 5, दिल्ली की 7 में से सभी 7, हिमाचल प्रदेश की 4 में से सभी 4, झारखंड की 14 में से 11, छत्तीसगढ़ की 11 में से 9 और असम की 14 में से 9 सीटों पर जीत हासिल की थी।

भाजपा ने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, गुजरात, राजस्थान, झारखंड, छत्तीसगढ़, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में अकेले अपने दम पर 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट हासिल किया था। भाजपा की कोशिश इन राज्यों में भी इस बार 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट हासिल कर विपक्षी एकता को मात देने की है।

### श्री श्याम मंदिर में हरियाली तीज का कार्यक्रम आयोजित

# मंदिर में भगवान का दर्शन कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गये

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर का नजारा शनिवार को बदला बदला रहा। श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा संचालित श्री श्याम मंदिर बजरंगबली के गर्भगृह आज हरियाली से चमक रहे थे। खाटू नरेश का हरियाली तीज के अवसर पर केसर चंदन तिलक का श्रृंगार करके हरियाली वस्त्र पोशाक बनाया गया। श्री श्याम मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को हरियाली पोशाक पहनाया गया। गर्भगृह के कोना-कोना में तुलसीदल की महिलाओं से सजाया गया। धवल मार्बल लगे सभी जगह तुलसीदल की माला से पूरा गर्भगृह सावन माह में अति सुंदर लग रहा था। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि खाटूनरेश को पीला गुलाब लाल गुलाब रजनीगंधा पीला गेंदा फूलों से सजा कर गुलाब के विशेष रूह इत्र की



मालीश करके सजाया गया था। श्री हनुमान जी श्री शिव परिवार लड्डू गोपाल जी शालिग्राम जी प्राचीन तैल चित्रों और गुरुजनों का भी विशेष श्रृंगार किया गया था।मंडल के मंत्री श्यामसुंदर शर्मा मंदिर के पहले आचार्य रत्नाकर शर्मा सहयोगी आचार्य अनूप दाधीच व मंदिर के आचार्य ने सभी गर्भ गृह का दिव्य श्रृंगार किया। ज्ञातव्य है कि खाटू नरेश का हरियाली तीज पर्व खाटूधाम सहित हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में विशेष रूप से आयोजित किया जाता है । इस अवसर पर खाटू नरेश को विभिन्न मिष्ठान नमकीन पंचमेवा विभिन्न फलों का अर्पित किया गया। पहाड़ी टोला निवासी स्वर्गीय सीताराम पोद्दार की धर्मपत्नी पुष्पा देवी पोद्दार ने परिवार संग हरियाली तीज पर्व श्रृंगार पोशाक सभी प्रसाद की सेवा निवेदित कर परिजनों की खुशहाली की प्रार्थना की। गोधूलि बेला के पूर्व मंदिर के कपाट खुलते ही हरियाली श्रृंगार दर्शन कर भक्तजन भाव विभोर हो रहे थे। मंदिर परिसर खाटूनरेश के जयकारों से गूंज रहा था।

**सोमवार को रुद्रा अभिषेक**

हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में सावन माह के सप्तम सोमवार नाग पंचमी के दिन 21 अगस्त सोमवार को श्री श्यामेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक सलज अग्रवाल पिंकी अग्रवाल दोपहर 1:00 बजे कराएंगे। सायंकाल शिव परिवार का विशेष श्रृंगार होगा।
मंगलवार को श्री सुंदरकांड पाठ 64 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ। 22 अगस्त को संध्या 4:30 बजे से होगा। इस अवसर पर हनुमान जी महाराज के दिव्य अखंड ज्योति प्रज्वलित की जाएगी। उपरोक्त सभी जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

**75 वां श्री श्याम भंडारा :** यह अवसर था 75 वें श्री श्याम भंडारे का। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया के नेतृत्व में यजमानश्री परिवार के उमाशंकर निर्मला महेश्वरी गोपाल कुसुम महेश्वरी सौरभ महेश्वरी ने परिवार के साथ खाटू नरेश सहित मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया । 75 वें श्री श्याम भंडारे के प्रसाद में केसरिया जलेबी वेजिटेबल पुलाव आलू चना कद्दू की मिश्रित सब्जी गाजर का अचार का प्रसाद बनाया गया था। श्री गणेशजी के जयकारों के बीच अध्यक्ष सुरेश सरावगी उमाशंकर गोपाल माहेश्वरी ने भंडारे का वितरण शुरू किया। लगभग 3500 से ज्यादा भक्तों ने भंडारे का प्रसाद प्राप्त किया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सरावगी, अनुज मोदी, निर्मला महेश्वरी, आशीष डालमिया, गोपाल महेश्वरी, पुष्पा देवी पोद्दार, कुसुम महेश्वरी, अमित सराओगी आदि मौजूद थे।

# हाई कोर्ट में होने वाले खर्च का किया निर्धारण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट में राज्य सरकार की ओर से दायर किए जाने वाले वाद, शपथ पत्र, प्रति शपथ पत्र, पूरक-प्रतिशपत्र, कारण-पृच्छा इत्यादि में होने वाले व्यय का निर्धारण विधि विभाग ने किया है। पिछली बार यह निर्धारण 10 जुलाई, 2006 की तिथि से किया था। ऐसे में काफी लंबे समय के बाद नये सिरे से निर्धारण किया गया




है। नयी दर निर्धारण संबंधी जानकारी विधि विभाग के प्रधान सचिव सह विधि परामर्शी नलिन कुमार ने शनिवार को पत्र लिखकर सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव इत्यादि को दिया है। यह स्पष्ट किया गया कि सरकार के भी विभाग, कार्यालय निदेशालय, क्षेत्रीय कार्यालय इत्यादि झारखंड हाई कोर्ट में व्यय होने वाले राशि की विवरणी विधि विभाग के स्टेट लिटिगेशन पॉलिसी संबंधी होने वाली हर बुधवार की बैठक में जानकारी देंगे। इसमें वाद संख्या, ओथ संख्या, वादी-प्रतिवादी का नाम, व्यय राशि की पूरी जानकारी देनी होगी।

# सीएम बताएं शिव सोरेन, हेमंत कुमार सोरेन और दुर्गा प्रसाद सोरेन कौन हैं : बाबूलाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी संकल्प यात्रा के तीसरे दिन शनिवार को पथरगामा पहुंचे। गोड्डा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित संकल्प सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने एक बार फिर हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला। मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री को मोरहाबादी मैदान में सभा आयोजित कर बताना चाहिए कि जालसाजी करके, नाम बदलकर गरीब आदिवासी की जमीन हड़पने वाले ये शिव सोरेन, हेमंत कुमार सोरेन, बसंत कुमार सोरेन और दुर्गा प्रसाद सोरेन कौन हैं? उन्होंने कहा अपने आप को आदिवासियों का मसीहा बताने वाले राज्य में सत्तासीन सोरेन परिवार ने राज्य में घूम-घूमकर आदिवासियों की जमीन लूटी है। ऐसे में गरीबों आदिवासियों की जमीन कैसे बचेगी जब रखवाला ही लूटने में जुटा है। मरांडी ने कहा कि अब इन्हें दंडित करने का समय आ चुका है। भ्रष्टाचार और परिवारवाद ने विकास को रोक रखा है। झामुमो, कांग्रेस और राजद तीनों परिवारवादी पार्टियां झारखंड को लूट रही हैं। ये जब तक सत्ता में रहेंगे तब तक राज्य का विकास नहीं होगा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार में बालू घाट आम जनता के लिए खोल दिए गए थे लेकिन आज हेमंत सरकार अवैध तरीके से बड़े-बड़े ट्रक में भरकर बालू को बिहार और अन्य प्रदेशों में भेज रही है। जनता यदि खिलाफ में आवाज उठाती है तो उसे पकड़ कर जेल में डाल दिया जाता है। आज पुलिस जनता की सुरक्षा में नहीं, बल्कि उगाही में लगी है। पूछने पर पुलिस वाले बोलते हैं, ऊपर तक पहुंचाना पड़ता है। मरांडी ने कहा कि आज राज्य में अपराधी बेलगाम है। रोज हत्या, लूट, बलात्कार की घटनाएं हो रही। गैंगवार हो रहे लेकिन पुलिस अपराधियों को नहीं सरकार के खिलाफ बोलने वालों को पकड़ती है। सरकार के खिलाफ ट्वीट करने वालों को पकड़ती है। उन्होंने कहा कि यह सरकार गरीबों का अनाज भी लुटावा दे रही। मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र बरहेट में आदिम जनजाति परिवार के बीच बांटने के लिए केंद्र से मिले चावल को दलालों ने बेच दिया लेकिन मुख्यमंत्री ने कोई कार्रवाई नहीं की। जनसभा में सांसद निशिकांत दुबे, विधायक अनंत ओझा, अमित मंडल, प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, जिलाध्यक्ष राजीव मेहता सहित हजारों की संख्या में जनता उपस्थित थी।

### नव नियुक्त वैज्ञानिकों ने बीएयू का किया भ्रमण

# वैज्ञानिकों ने गिलोय का किया अवलोकन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची रिंग रोड के गढ़खटंगा स्थित आईसीएआर -इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी ( आईआईएबी ) के दस सदस्यीय नव नियुक्त वैज्ञानिकों के दल ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि एवं वानिकी संकाय के विभिन्न विभागों का भ्रमण किया। इस दौरान दल को कृषि संकाय के डीन डॉ. डीके शाही एवं वानिकी संकाय के डीन डॉ. एमएस मल्लिक ने संकाय के शैक्षणिक, शोध एवं प्रसार कार्यक्रमों की जानकारी दी।

भ्रमण के दौरान दल ने आनुवांशिकी एवं पौध प्रजनन विभाग में विभिन्न पौध प्रजाति का विकास एवं शोध कार्यक्रम के बारे में जाना। मृदा विज्ञान विभाग में मिट्टी जांच, जैव उर्वरक



उत्पादन, वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन एवं नैनो उर्वरक आदि शोध गतिविधियों का अवलोकन किया। दल ने कृषि अभियंत्रण विभाग में कृषि उपकरण म्यूजियम, पौधा रोग विभाग के मशरूम उत्पादन यूनिट, सामुदायिक विज्ञान विभाग के प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धन के कार्यक्रमों तथा वानिकी संकाय में नव स्थापित गिलोय प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केंद्र का अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान डॉ. मनिगोपा चक्रवर्ती, डॉ. बीके अग्रवाल, डॉ. उत्तम कुमार, डॉ. एचसी लाल, डॉ. रेखा सिन्हा एवं डॉ. कौशल कुमार में सबंधित विषयों की तकनीकी से भ्रमण दल को अवगत कराया। दल में आईआईएबी, रांची के नव नियुक्त वैज्ञानिकों में डॉ. सुजय कदेमानी, डॉ. अमित कुमार, डॉ. कार्तिक शर्मा, डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. निखिल केसी, डॉ. साक्षी कैथ, डॉ. गणेश अदेराव एन, डॉ. एकता नरवाल, डॉ. ओमकार लिम्बलकार एवं डॉ. सौमजित सरकार शामिल थे। दल के समन्वयक का कार्य कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के एसोसिएट डीन ई डीके रूसिया ने किया।

### मोबाइल से फोटो खींचो प्रतियोगिता का आयोजन

**रांची।** वर्ल्ड फोटोग्राफी डे के अवसर पर मारवाड़ी कालेज के डिजिटल फोटोग्राफी एंड फिल्म मेकिंग डिपार्टमेंट की ओर से शनिवार को कालेज के विद्यार्थियों के लिए मोबाइल से फोटो खींचो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभाग के कोर्स डायरेक्टर डॉ सुशील अंकन ने प्रतिभागियों को प्रतियोगिता से संबंधित निर्देश दिए। तय समय सीमा के भीतर एक थीम पर विद्यार्थियों ने मोबाइल से खींची गई तस्वीरें विभाग में जमा कराई। वहीं डिजिटल फोटोग्राफी एंड फिल्म मेकिंग विभाग के विद्यार्थियों ने केक काटकर वर्ल्ड फोटो फोटोग्राफी डे मनाया। डा. सुशील अंकन ने विद्यार्थियों को वर्ल्ड फोटोग्राफी डे के महत्व और इसकी शुरूआत पर प्रकाश डाला। इस मौके पर विभाग के सभी प्रतिभागी शामिल हुए. प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार ने विश्व फोटोग्राफी दिवस पर विद्यार्थियो को शुभकामनाएं दीं और कहा कि फोटोग्राफी आज विश्व की जरूरत बन गई है।

# तोरपा में महेंद्र सिंह धोनी के फैंस हुए निराश, लोग पुकारते रहे, नहीं रुकी गाड़ी



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी एक बार फिर तोरपा की सड़कों पर रेंज रोवर कार में चालक की बगल वाली सीट में बैठे दिखे। पहली नजर में उन्हें पहचानना मुश्किल दिख रहा था, लेकिन फैंस ने उन्हें पहचान कर चिल्लाना शुरू कर दिया। फैंस उन्हें देखकर माही सर...माही सर चिल्लाते रहे, लेकिन धोनी रुके नहीं और तेज गति से तपकरा होते हुए रनिया मेन रोड से मरचा पहुंचे और वहां से रांची की ओर निकल गये। इस बीच फैंस उनकी एक झलक पाने के उतावले हो रहे थे, पर महेंद्र सिंह धोनी ने कहीं भी गाड़ी की गति कम नहीं की। हालांकि रनिया थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार ने वाहन चेंकिंग के दौरान उन्हें देख कर एक सेल्फी ले ली। ज्ञात हो कि लगभग 15 दिन पूर्व तोरपा से मुरहू की रास्ते में धोनी कार ड्राइव करते देखे गए थे। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी खेल से लगभग सन्यास ले चुके हैं। फिलहाल आइपीएल के अलावा शायद ही कहीं क्रिकेट खेलते दिखाई देते हैं। ऐसे में वह अपनी इस रिटायरमेंट वाली जिंदगी का पूरा लुत्फ ग्रामीण क्षेत्रों में ले रहे हैं।

### निशिकांत दुबे के ट्वीट ने एक बार फिर मचाई हलचल

**रांची।** गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने शनिवार को ईडी को लेकर एक बार फिर से ट्वीट किया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा है कि 24 अगस्त को राजा साहब को ईडी ने फिर से चाय पर बुलाया है। माना जा रहा है कि ये ट्वीट उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए किया है। इससे पहले जमीन घोटाला मामले में ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को समन भेजकर 14 अगस्त को पेश होने के लिए तलब किया था। हालांकि, तब सीएम ईडी के सामने पेश नहीं हुए थे। उन्होंने एक लिफाफे में कुछ डॉक्यूमेंट ईडी दफ्तर भेज दिया था। शुरूआत में ये कहा गया है कि लिफाफे में उन्होंने ईडी से समय की मांग की है लेकिन बाद ये साफ हुआ कि उस लिफाफे में मुख्यमंत्री ने कानूनी कार्रवाई की बात कही थी।

### लोकहित अधिकार पार्टी का ग्रामीण क्षेत्र में चला सदस्यता अभियान

# पिछड़े वर्ग को 27% आरक्षण देने की सरकार से मांग की

**नवीन मेल संवाददाता। बुढ़मू**

शनिवार को लोकहित अधि'कार पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू के नेतृत्व में कांके विधानसभा के बुढ़मू प्रखंड में केदली,उलातू, उमेड़ंडा, बुढ़मू सहित कई गांवों का दौरा कर सामाजिक न्याय का जन जागरण अभियान के तहत राजनीतिक भागीदारी एवं लोकहित अधिकार पार्टी के नीति सिद्धांतों को ग्रामीणों को बताया गया। जनसंपर्क के दौरान केदली गांव के प्राथमिक विद्यालय परिसर में एक बैठक रखा गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा आगामी 2024 में होने वाले लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव में पार्टी का मूल सिद्धांत में निःशुल्क शिक्षा एवं चिकित्सा व्यवस्था झारखंड प्रदेश सहित



पूरे देश में लागू कराने, खतियान आधारित स्थानीय नियोजन नीति लागू करने, राज्य में जाति आधारित जनगणना के आधार पर जिसकी जितनी आबादी उसको मिले उतनी राजनीतिक भागीदारी एवं आरक्षण,पिछड़े वर्ग को 27% आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन, झारखंड के उद्योग व्यवसाय खनिज संपदा सरकारी नौकरियों में सत प्रतिशत आरक्षण सहित देश में धड़ले से हो रहे सरकारी संस्थाओं का निजीकरण के खिलाफ और संविधान व लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प के साथ स्थानीय प्रत्याशी को जीतने का संकल्प लिया गया। जन जागरण अभियान मैं मुख्य रूप से सुदर्शन नायक, मुकुल नायक, संजय साहू, मनोज साहू,अजय नायक, रामवृत नायक, रामरेखा देवी,गीता देवी, प्रिया देवी सहित दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित थे।

## पृष्ठ एक के शेष

**लोहरदगा में सीआरपीएफ के...**

को गोली मारकर आत्म हत्या कर ली है। वह पोस्ट पर खून से लथपथ मृत अवस्था में पड़ा था। उनका रायफल उनके उपर में पड़ा था तथा सिर से खून निकल रहा था और दीवार में भी खून के धब्बे लगे थे। इस संदर्भ में पेशरार थाना कांड संख्या 03/2023, यूडी के तहत केस दर्ज किया गया है। इधर सीआरपीफ के कमांडेंट राहुल कुमार भी सदर अस्पताल पहुंचे। मृतक जवान को सदर अस्पताल में ही श्रद्धांजलि सलामी दी गयी। मौके पर सीआरपीएफ कमांडेंट राहुल कुमार ने कहा कि बहुत ही दुखद घटना है। हमारा कोई भी जवान हमारे परिवार के सदस्य के जैसा होता है। उसके हर सुख दुख में हम साथ रहते हैं। दुख के घड़ी में पूरा सीआरपीएफ बटालियन पीड़ित परिवार के साथ है। सीआरपीएफ के प्रोसीजर के तहत सभी कार्रवाई की जाएगी। उसके शव को एयरलिफ्ट कर उनके पैतृक गांव भेजा जाएगा।

**अस्पतालों की व्यवस्थाओं की वस्तु...**

जांच की। टीम के सदस्यों ने लोहरदगा में एंबुलेंस सेवा समेत अन्य सेवाओ की विस्तार से जांच की। अस्पताल प्रबंधन से अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाएं, चिकित्सक, दवाइयों की उपलब्धता आदि के विषय में बातचीत की। शिशु रोग व प्रसूति विभाग के संदर्भ में भी विस्तृत जानकारी ली। टीम ने ओपीडी, आइपीडी, लेबर रूम, इमरजेंसी, पैथोलाजी लैब व राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत अस्पताल के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। वहीं जिले में चल रहे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की नब्ज टटोलने टीम के कुछ सदस्य कार्यक्रमों की जमीनी हकीकत जानने ग्रामीण क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों में भी पहुंचे। टीम के पहुंचने से स्वास्थ्य महकमें में हड़कंप की स्थिति बनी रही। उन्होंने मरीजों को अस्पताल द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। एनएचएम की टीम ने चिकित्सा व्यवस्था को और बेहतर बनाने, साफ सफाई व्यवस्था को सुधारने सहित कई आवश्यक सुझाव दिए। टीम ने केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा लोगों के लिए चलाई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी देने के लिए अस्पताल परिसर में पोस्टर बैनर लगाने की भी बात कही। टीम के साथ पूरे समय सिविल सर्जन डॉ। राजमोहन खलखो मौजूद रहे और जानकारी देते रहे। इस दौरान राज्य स्तरीय टीम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी, राष्ट्रीय आयुष मिशन के नोडल पदाधिकारी राहुल कुमार, एनएचएम के नोडल पदाधिकारी डॉ ललित रंजन पाठक, एनएचएम के कंसलटेंट नलिन कुमार और सचिव वीरेंद्र राम लालमोहन चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी ने कहा कि यहां के सिविल सर्जन को निर्देश दिए गए हैं। अभी ये नए आये हैं इसलिए समय के साथ सुधार होगा। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्देशित प्रत्येक महीना के तीसरे शनिवार को मासिक बुजुर्ग स्वास्थ्य दिवस तथा तनाव मुक्त शिविर का आयोजन किया जाना है। इसके तहत हमने अटल मुहल्ला क्लिनिक, व अन्य पीएचसी का भ्रमण कर जायजा लिया। शिविर में बुजुर्गों का स्वास्थ्य का जांच की जाती है। उनके लिए स्पेशल रूप से मानसिक चिकित्सक उपलब्ध रहते हैं। हर माह के तीसरे शनिवार को विशेष रूप से यह शिविर का आयोजन किया जाता है। इसके तहत बुजुर्गों का बीपी, हृदय रोग, मधुमेह, कैंसर सहित अन्य तरह की बीमारियों का जांच कर इलाज किया जाता है। बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर ध्यान देते हुए सभी तरह की सुविधाएं बुजुर्गों को मुहैया कराने का निर्देश राज्य स्तरीय टीम के द्वारा डाक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मियों को दी गई।

**रुद्र गिरोह के सरगना...**

अपराधियों के खिलाफ रांची सहित अलग-अलग जिलों में कई कई थानों में मामले दर्ज है। रंजन के खिलाफ रांची के खलारी ,रातू ,रामगढ़ पतरातू और लातेहार के बालूमाथ थाना में कांड दर्ज है।

**इन कांडों का हुआ खुलासा :** रूद्र गिरोह के द्वारा लातेहार के बालूमाथ में रहने वाले कोयला कारोबारी चेतलाल रामदास से 10 लख रुपए की रंगदारी मांगी गई थी और उन्हें कोयला का काम छोड़ देने की धमकी भी दी गई थी। अगर यह गिरोह नही पकड़ा जाता तो जल्द रामदास की हत्या कर दी जाती। रामगढ़ जिले के पतरातू में टीवीएस शोरूम के मालिक नीरज कुमार से भी इस गिरोह के द्वारा 10 लाख रुपए की रंगदारी की डिमांड की गई थी, रंगदारी नहीं देने पर नीरज की हत्या की योजना भी बनाई गई थी। रामगढ़ जिले के पालु पंचायत के उप मुखिया गंगाधर महतो से भी रंगदारी की डिमांड नहीं की गई थी।रामगढ़ जिले के ही गोला के मसाला कारोबारी शैलेश महतो से भी इस गिरोह के द्वारा रंगदारी मानी गई थी।

**डुमरी उपचुनाव : एनडीए और इंडिया...**

लोगों के लिए उन्होंने काफी काम किया है। ऐसे में यहां की जनता उन्हें जरूर अपना आशीर्वाद देगी। डुमरी उपचुनाव पर इसलिए भी लोगों की नजर है क्योंकि 2024 लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव से पहले इसे हेमंत सोरेन सरकार के लिए टेस्ट माना जा रहा है। एक तरफ जहां झामुमो की बेबी देवी को पहले ही मंत्री बनाकर बढ़त लेने की कोशिश की गई है। खास बात ये भी है कि इस क्षेत्र से तीन बार के विधायक रहे लाल चंद महतो इस बार चुनाव नहीं लगेंगे। 1977 के बाद ये पहला मौका है जब वे चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। हालांकि उन्होंने अभी किसी को समर्थन का भी ऐलान नहीं किया है।

**'लाह' से चमकी औरतों की...**

दीदी ने उचित तरीके से खेती की और पेड़ों पर लाह के बीज डालकर समय से दवा का स्प्रे किया। इससे लाख की अच्छी फसल हुई और पारंपरिक ढंग से की गई खेती से उसे अधिक मुनाफा हुआ। धीरे-धीरे उनकी आजीविका में सुधार आया है और आर्थिक स्थिति में वृद्धि हुई है। सुसाना बताती हैं कि वैज्ञानिक तरीके से लाह की खेती कर लाभ मिल रहा है। मेरे घर की स्थिति में अच्छा सुधार हुआ है। इसी लाह खेती की आमदनी से वह अपने बच्चों की पढ़ाई करा पा रही है और अपने गांव की अन्य महिलाओं को भी लाह खेती के लिए प्रेरित कर रही हैं। जेएसएलपीएस से जुड़ कर, प्रशिक्षण लेकर मेरे आजीविका में बदलाव आए हैं। लाह की वैज्ञानिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी संपोषित सखी मंडल की महिलाओं को प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराती है। ग्राम स्तर पर लाह कृषकों की मदद के लिए चुनिंदा क्षेत्रों में आजीविका वनोपज मित्र के रूप में दीदियों को प्रशिक्षित किया गया है। आजीविका वनोपज मित्र ग्रामीण परिवारों को लाह की वैज्ञानिक खेती में मदद करते है। सुसाना जैसी ग्रामीण महिलाएं आज लाह की वैज्ञानिक खेती से जुड़कर अच्छी आय प्राप्त कर रही है।

# पंघाल ने रचा इतिहास, सविता को भी स्वर्ण

**एजेंसी। अम्मान (जोर्डन)**

अंतिम पंघाल शुक्रवार को इतिहास रचते हुए लगातार 2 बार अंडर 20 विश्व खिताब जीतने वाली भारत की पहली महिला पहलवान बन गई जिसने यहां 53 किलोवर्ग में खिताब अपने नाम किया। सविता ने भी 62 किलोवर्ग में खिताब जीता और भारतीय महिला टीम ने इस खेल के इतिहास में पहली बार विश्व चैम्पियनशिप टीम खिताब अपने नाम किया। प्रिया मलिक ने गुरुवार को 76 किलोवर्ग में खिताब जीता था। भारत के 7 पहलवानों ने इस बार पदक जीता है जिनमें तीन स्वर्ण शामिल हैं। अंतिम कुंडू (65 किलो) ने रजत और रीना (57 किलो), आरजू (68 किलो) और हर्षिता (72 किलो) ने कांस्य पदक जीते। हरियाणा के हिसार की रहने वाली अंतिम पंघाल ने यूक्रेन की मारिया येफ्रेमोवा को 4.0 से हराकर खिताब जीता। उसने पूरे टूनामेंट में इतना जबर्दस्त प्रदर्शन किया कि सिर्फ 2 अंक गंवाए। उसने साबित कर दिया कि एशियाई खेलों के ट्रायल के लिए विनेश फोगाट को चुनौती देना अति आत्मविश्वास नहीं था। पिछले साल वह जूनियर विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनी थी और अब सीनियर स्तर पर भी खेलती हैं।



# तीरंदाजों ने पुरुष-महिला टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते

**एजेंसी। पेरिस**

भारत के कंपाउंड तीरंदाजों ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए विश्वकप के चौथे चरण में शनिवार को यहां पुरुष और महिला टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। अभिषेक वर्मा, ओजस देवतले और प्रथमेश जावकर की चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम ने क्रिस शेफ, जेम्स लुत्ज और सॉयर सुलिवन की दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिकी टीम को 236-232 से हराया। इस महीने के शुरू में बर्लिन में विश्व चैंपियन बनने वाली ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की कंपाउंड महिला टीम ने मैक्सिको के खिलाफ कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद एक अंक से जीत दर्ज की। भारत ने इस तरह से सत्र के आखिरी विश्वकप में अभी तक दो स्वर्ण और इतने ही कांस्य पदक जीत लिए हैं। ज्योति व्यक्तिगत वर्ग में भी पदक की दौड़ में शामिल है। भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम पहले दौर के बाद एक अंक से पीछे चल रही थी क्योंकि अमेरिकी टीम में 60 अंक का परफेक्ट स्कोर बनाया था। भारतीय टीम ने हालांकि निरंतरता बनाए रखी और अगले दौर में भी 59 का स्कोर बनाया। दूसरे दौर में अमेरिकी टीम ने दो अंक गंवाए जिससे स्कोर 118-118 से बराबर हो गया। तीसरे दौर में भी दोनों टीमें बराबरी पर रही लेकिन भारतीय टीम ने चौथे दौर में परफेक्ट 60 का स्कोर बनाया और अपने से अधिक रैंकिंग की अमेरिकी टीम को चार अंकों से हराया।

भारतीय पुरुष टीम ने सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया को हराया था। दोनों टीम नियमित दौर और टाईब्रेकर के बाद भी बराबरी पर चल रही थी लेकिन भारतीय टीम को केंद्र के अधिक करीब निशाने लगाने के कारण विजयी घोषित किया गया। क्वालिफिकेशन में चोटी पर रहने के कारण शीर्ष वरीयता हासिल करने वाली भारतीय महिला टीम दूसरे दौर के बाद 118-117 से आगे चल रही थी। तीसरे दौर में उसने तीन अंक गंवाए जबकि मैक्सिको की एंड्रिया बेसेरा, एना हर्नांडेज जियोन और डेफने क्विंटरो ने 59 का स्कोर बनाकर 176-175 की बढ़त ले ली।



## NEWS इन ब्रीफ

### 2 दिसंबर से होगा पीकेएल सीजन 10 का आगाज

**नई दिल्ली।** प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 दो दिसंबर से कैरावन फॉर्मेट में देश के 12 शहरों में खेली जाएगी। प्रो कबड्डी लीग के आयोजक 'मशाल स्पोर्ट्स' के अनुसार इस बार प्रो कबड्डी लीग 2023-24 की मेजबानी करने वाले शहरों की सूची अभी साफ नहीं की गई है। प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 की नीलामी 8 और 9 सितंबर को मुंबई में आयोजित होगी। लीग कमिश्नर, प्रो कबड्डी लीग अनुपम गोस्वामी ने कहा कि हमने देखा है कि पीकेएल पूरे भारत में काफी सफल रहा है और लोग इसे देखना और खेलना पसंद करते हैं। पिछले नौ सफल सीजन के बाद अब पीकेएल अपने ऐतिहासिक 10वें संस्करण में पहुंच गया है और हम खेल को विकसित करने के साथ ही एक ऐसा मंच तैयार करने को लेकर उत्साहित हैं, जिसने कबड्डी के भविष्य को आकार देने के लिए दुनिया भर से प्रतिभाओं को उभरते देखा है।

### गोल्फर निश्ना आर एंड ए एमेच्योर में राउंड ऑफ 16 में हार गईं

**वांटन।** भारत की निश्ना पटेल, जिन्होंने स्ट्रोक प्ले से मैच प्ले तक प्रगति की और अपना पहला मैच जीता, द आर एंड ए गर्ल्स एमेच्योर चैम्पियनशिप में राउंड ऑफ 16 में दुनिया की 10वीं रैंक की खिलाड़ी जर्मनी की हेलेन ब्रीम से हार गईं।
निश्ना, जिन्होंने 78-74 का राउंड लगाया, अपनी टीम की साथी मन्नत बरार (81-71) के साथ 33वें स्थान पर रहीं। शीर्ष 64 खिलाड़ी मैच प्ले सेगमेंट में चले गए, जहां निश्ना ने राउंड ऑफ 32 में अपना पहला मैच चार्लोट नॉटन के खिलाफ दूसरे अतिरिक्त होल पर जीता।
हालाँकि, इसके बाद निश्ना की भिड़ंत हेलेन ब्रीम से हुई, जो 2022 में विश्व एमेच्योर टीम चैंपियनशिप में विजेता टीम का हिस्सा थी। ब्रीम ने निश्ना को 5 और 4 से हराया। मन्नत राउंड ऑफ 32 में इटली की पेरिस अपेंडिनो से अपना मैच 3 और 2 से हार गई। स्ट्रोक प्ले सेगमेंट में स्वीडन की मेरजा ऑर्टेनग्रेन (69-67) शीर्ष पर रहीं और हेलेन ब्रीम 70-73 राउंड के साथ छठे स्थान पर रहीं। 94वीं लड़कियों की एमेच्योर चैंपियनशिप और 96वीं लड़कों की एमेच्योर चैंपियनशिप प्रसिद्ध यॉर्कशायर स्थल गैंटन में एक साथ खेली जा रही है और आज दोनों चैंपियनशिप में 64 राउंड की प्रतिस्पर्धा देखी गई।

### अमेरिका ने 2024 अंडर19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

**ओंटारियो।** संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) ने अमेरिका क्वालीफायर में बारिश से प्रभावित विजेता-टेक-ऑल मैचअप में कनाडा पर प्रभावशाली जीत के साथ 2024 अंडर19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप में अपनी जगह पक्की कर ली है। इस जीत के साथ, यूएसए ने अगले साल के अंडर19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप में 16वां और अंतिम क्वालिफिकेशन स्थान पक्का कर लिया है। किंग सिटी, ओन्टारियो में मेपल लीफ क्रिकेट क्लब में, संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा को पता था कि उनमें से किसी एक की जीत उन्हें जनवरी 2024 में श्रीलंका में होने वाले टूर्नामेंट के लिए अपने टिकट बुक करने में मदद करेगी। कनाडा ने शुक्रवार के खेल से पहले स्टैंडिंग का नेतृत्व किया, एक अपराजित अभियान का आनंद लिया जिसमें सप्ताह के शुरू में उसी प्रतिद्वंद्वी पर करीबी लड़ाई में जीत शामिल थी।

# हर कोई इस बुमराह को देखने का इंतजार कर रहा था : बिश्नोई

**एजेंसी। डबलिन**

लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने शुक्रवार को आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के शुरूआती टी20 मैच में शानदार वापसी करने वाले भारतीय स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की प्रशंसा की। शुक्रवार को डबलिन में आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के पहले मैच में बुमराह की अगुवाई में भारत ने बारिश से बाधित मैच में मेजबान टीम को डकवर्थ-लुईस पद्धति से दो रन से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज बुमराह ने पीठ की बीमारी से जूझने के बाद मलाहाइड में आयरलैंड के खिलाफ वापसी करते हुए पहले ही ओवर में दो विकेट लिए। बुमराह ने आखिरी बार भारत के लिए लगभग एक साल पहले घरेलू सरजमीं पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ द्विपक्षीय टी20 सीरीज में खेला था। पीठ की बीमारी के कारण वह 2022 में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप से बाहर रहे थे, इसके बाद उनके पीठ की सर्जरी की गई थी। अपनी वापसी पर, बुमराह ने आयरलैंड के खिलाफ टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बुमराह ने शानदार पहला ओवर फेंकते हुए अपनी पहली गेंद पर चौका खाने के बाद दूसरी गेंद पर एंडी बालबर्नी को बोल्ड किया और इसके बाद उन्होंने इसी ओवर में उन्होंने लोर्कन टकर को आउट किया। बुमराह ने मैच में अपने चार ओवर में 24 रन देकर 2 विकेट लिया। बिश्नोई ने कहा कि बुमराह ने अपनी वापसी में जो पहला ओवर फेंका वह देखकर खुशी हुई। लेग स्पिनर ने कहा कि पहली गेंद योजना के मुताबिक नहीं चली, लेकिन अगली पांच गेंदें देखने में मनोरंजक थीं और हर कोई लंबे समय से बुमराह के इस प्रदर्शन को देखने का इंतजार कर रहा था। बिश्नोई ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ₹वह जिस तरह के गेंदबाज हैं, पूरी दुनिया ने उनकी गेंदबाजी देखी है। लंबे समय के बाद वापसी पर यह उनका पहला मैच था। उनकी पहली गेंद तो नहीं चली लेकिन उसके बाद की पांच गेंदों को देखना मजेदार था। मैं इस बुमराह को देखने का इंतजार कर रहा था और उनको गेंदबाजी करते हुए देखना मजेदार था। 1-0 की बढ़त के साथ, भारत आज को डबलिन के द विलेज में तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे मैच में आयरलैंड से भिड़ेगा।



# जलवायु परिवर्तन के कारण ट्रैक व फील्ड का भविष्य अनिश्चित : सेबेस्टियन कोए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एथलेटिक्स फेडरेशन (आईएएएफ) के अध्यक्ष सेबेस्टियन कोए का मानना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण एथलेटिक्स का भविष्य अनिश्चित है। आईएएएफ द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कोए ने विश्व चैंपियनशिप की पूर्व संध्या पर कहा, विश्व एथलेटिक्स द्वारा सर्वेक्षण में शामिल लगभग 80% एथलीटों ने कहा कि वे जलवायु संकट के बारे में गंभीर रूप से चिंतित हैं और लगभग 75% ने कहा कि उनकी प्रतियोगिता या प्रशिक्षण पहले ही प्रभावित हो चुकी है।ह्व गर्मियों में जब जंगल की आग भड़क रही थी, पूरे दक्षिणी यूरोप में और एशिया में रिकॉर्ड उच्च तापमान लगातार बाढ़ देखी गई थी, विश्व एथलेटिक्स अध्यक्ष ने कहा कि खेल संघ जलवायु संकट को टालने के लिए सरकारों पर भरोसा नहीं कर सकते। कोए ने कहा, ₹खेल जैसे घटक समूहों को इसे स्वयं ही समझना होगा, क्योंकि मुझे नहीं लगता कि वास्तविकता में बड़े पैमाने पर होने वाले बदलाव को अगले कुछ साल दूर से समझने के लिए हम सरकारों पर भरोसा कर सकते हैं। हाल के वर्षों में कई शीर्ष-स्तरीय कार्यक्रम तेज गर्मी से प्रभावित हुए हैं। दोहा में 2019 विश्व चैंपियनशिप की पुनरावृत्ति से बचने के लिए टोक्यो ओलंपिक मैराथन और रेस-वॉकिंग स्पधाओं को 500 मील उत्तर में साप्पोरो में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां कई एथलीटों ने गर्मी के कारण दूरी की स्पधाओं से नाम वापस ले लिया। बढ़ते तापमान ने 2021 में यूजीन, ओरेगॉन में ओलंपिक ट्रायल में 10,000 मीटर को पुनर्निर्धारित करने के लिए मजबूर किया। कोए ने कहा कि साल के ऐसे समय में जब तापमान अधिक अनुकूल होता है, विशेष रूप से दूर की रेस स्पर्धाओं के लिए प्रतियोगिताओं का समय निर्धारण करना एक विचार है। सितंबर के मध्य में टोक्यो में 2025 विश्व आयोजित करने का मतलब है कि उच्च तापमान उतना बड़ा खतरा नहीं है। कोए ने कहा, हम जहां भी देखें, हमारे सामने चुनौती है। मेरे लिए एथलीटों का कल्याण हमेशा प्राथमिक होना चाहिए। यह पता लगाना हम सभी की बुद्धि से परे नहीं है। लेकिन यह एक चुनौती है जो दूर नहीं होने वाली है।₹ कोए, जो गुरुवार को तीसरे कार्यकाल के लिए अध्यक्ष चुने गए, ने कहा कि अगले चार वर्षों में बहुत कुछ हासिल करना है - सबसे विशेष रूप से, खेल को प्रमुखता में वापस लाने के लिए ट्रैक शेड्यूल का विस्तार और आधुनिकीकरण करना पहला लक्ष्य है। कोए ने कहा, जब हम अपने खेल को युवा लोगों के जीवन में प्रासंगिक बनाने की बात करते हैं, तो हमारा मतलब वास्तव में इसे उनकी जीवनशैली के लिए प्रासंगिक बनाना है। ऐसी बहुत सी चीजें हैं जिन पर हमें ध्यान देने की जरूरत है और मेरा ध्यान पूरी तरह से उसी पर केंद्रित है।

बता दें कि विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन 19-27 अगस्त के बीच हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में किया जा रहा है, जिसमें लगभग 2000 एथलीट प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।



# विश्व कप क्वालीफायर के लिए नेमार की ब्राजील टीम में वापसी

**एजेंसी। रियो डी जेनेरो**

ब्राजीलियाई फुटबॉल परिसंघ ने कहा कि नेमार को बोलीविया और पेरू के खिलाफ टीम के शुरूआती 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की राष्ट्रीय टीम में वापस बुलाया गया है। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सऊदी अरब के अल हिलाल में शामिल होने के लिए इस सप्ताह पेरिस सेंट-जर्मेन छोड़ने वाले 31 वर्षीय खिलाड़ी ने टखने की चोट के कारण कतर में पिछले साल विश्व कप के बाद से अपने देश का प्रतिनिधित्व नहीं किया है। ब्राजील के मैनेजर फर्नांडो डिनिज ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ₹वह (नेमार) अपने करियर का सबसे खूबसूरत अध्याय लिखने का मौका पाने के हकदार हैं, जो मुझे लगता है कि अभी तक नहीं लिखा गया है। जैसा कि अपेक्षित था, नेमार के साथ रियल मैड्रिड की जोड़ी रोड्रिगो और विनीसियस जूनियर के साथ-साथ टोटेनहम के रिचर्लिसन, मैनचेस्टर यूनाइटेड के एंटनी और आर्सेनल के गेब्रियल मार्टिनेली भी शामिल होंगे। ब्राजील 8 सितंबर को बेलेम में बोलीविया से और चार दिन बाद लीमा में पेरू से भिड़ेगा। संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में 2026 विश्व कप विस्तारित 48-टीम प्रारूप की सुविधा वाला पहला विश्व कप होगा।



# मैं अभी भी प्रतिस्पर्धा करने और उच्चतम स्तर पर खेलने के लिए प्रेरित हूं : आदिल राशिद

**एजेंसी। लंदन**

इंग्लैंड के अनुभवी सफेद गेंद वाले लेग स्पिनर आदिल राशिद ने कहा है कि उनके अंदर अभी भी प्रतिस्पर्धा करने और उच्चतम स्तर पर खेल खेलने के लिए उत्साही होने की प्रेरणा है। 35 वर्षीय राशिद इंग्लैंड टीम के महत्वपूर्ण सदस्यों में से एक हैं जिन्होंने टीम के सफेद गेंद क्रिकेट खेलने के तरीके को बदल दिया है। 2015 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में अपमानजनक रूप से ग्रुप-स्टेज से बाहर होने के बाद, इंग्लैंड ने लॉर्ड्स में एक रोमांचक फाइनल में 2019 संस्करण जीता और 2022 पुरुष टी 20 विश्व कप भी जीता। 2016 पुरुष टी20 विश्व कप में उपविजेता रहा और 2022 पुरुष टी20 विश्व कप जीता और 2017 चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारत में 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के लिए इंग्लैंड की टीम में नामित राशिद पीठ की चोट से परेशान थे और हाल ही में हंड्रेड फॉर नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के माध्यम से एक्शन में वापस आए। मैं अभी भी अच्छा महसूस करता हूं, मैं अभी भी तरोताजा महसूस करता हूं, मैं अभी भी उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने और खेलने के लिए प्रेरित हूं। मैं बहुत आगे के बारे में नहीं सोचता - मैं एक समय में एक खेल, एक समय में एक वर्ष लेना पसंद करता हूं, ताकि चीजों को सामने आने दूं और देख सकूं कि यह मुझे कहां ले जाती है। अगर मैं अभी भी फिट हूं और अच्छा प्रदर्शन कर रहा हूं तो उम्मीद है कि मैं लंबे समय तक खेल जारी रख सकूंगा।"



## सब जूनियर पुरुष हॉकी शिविर के लिए 40 सदस्यीय कोर ग्रुप घोषित

# सरदार सिंह की देखरेख में शिविर आयोजित



**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश के युवा खिलाड़ियों को निखारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हॉकी इंडिया ने सब जूनियर पुरुष हॉकी शिविर के लिए शनिवार को 40 सदस्यीय कोर ग्रुप की घोषणा की। यह शिविर 21 अगस्त से राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में पूर्व भारतीय कप्तान सरदार सिंह की देखरेख में आयोजित किया जाएगा। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार खिलाड़ियों का चयन हाल में समाप्त हुई सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। इस शिविर के बाद भारतीय जूनियर टीम अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए यूरोप का दौरा करेगी। शिविर के लिए जिन खिलाड़ियों का चयन किया गया है उनमें गोलकीपर राहुल भारद्वाज, आतिफ खान और अभिमन्यु गौड़ा तथा रक्षा पंक्ति में सुखमनप्रीत सिंह, मिथलेश सिंह, नितिन, सोहिल अली, समी रिजवान, प्रदीप मंडल, रोहित कुल्लू, विशाल पांडे, आशु मौर्य और उज्जवल पाल शामिल हैं। मध्यपंक्ति में नीरज, रोहित टिर्की, घूरन लोहरा, रोहित प्रधान, सुरेश शर्मा, प्रभजोत सिंह, मनमीत सिंह राय, अरुण जे, राहुल राजभर, राहुल यादव, अफरीदी और बिजय साव शामिल हैं। अग्रिम पंक्ति के लिए गुरप्रीत सिंह, सृजन यादव, हैप्पी, सुनील, रितेंद्र प्रताप सिंह, आशिर आदिल खान, देवनाथ नानवार, दीपक प्रधान, योजिन मिंज, हर्षदीप सिंह, केतन कुशवाह, रोहित इरेंगबाम सिंह, अजीत यादव, सुंदरजीत एम, और मोहम्मद जैद का कोर ग्रुप में चयन किया गया है।



